e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 23
मंगलवार
23.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com



## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बंशीधर नगर में निकाला गया शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय में हिन्दू सेना, श्रीराम सेना, बजरंगदल व विश्व हिंदू परिषद के द्वारा भव्य व आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में शामिल लोगों द्वारा जय श्री राम के जयघोष से पूरा अनुमंडल मुख्यालय गूंज रहा था.शोभायात्रा गोसाईबाग स्थित लालाबागी हनुमान मंदिर परिसर से निकलकर मुख्यमार्ग से होते हुये भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक गया तथा पुनः वापस होकर सम्पन्न हो गया। हिन्दू सेना द्वारा निकली शोभायात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, विकास स्वदेशी, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, कन्हैया चौबे, विनय प्रताप देव, हिन्दू सेना के विनीत कुमार शरद, श्रीराम सेना, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय, रमेश चंद्रवंशी, ओमप्रकाश चौबे, जिप सदस्य बाला रानी,नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष लता देवी, झामुमो नेत्री उषा देवी, किरण देवी, मुखिया कुमारी रेखा, कामेश्वर प्रसाद, संजीत कुमार, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, राजेश जायसवाल, मिक्की जायसवाल, रितिक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे। इधर अनुमंडल मुख्यालय स्थित बाबा बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी स्थित शिवमन्दिर, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, हेन्हों मोड़ स्थित शिव व माँ दुर्गा मंदिर सहित सभी मंदिरों को आकर्षक फूल मालाओं से सजाकर विशेष पूजा अर्चना किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिख रही थी।

## पंडवा में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड हुआ राममय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में उत्सव जैसा माहौल दिखा। पड़वा प्रखंड के मझीगांव व कठौतिया में राम दरबार की झांकी निकाली गई। वहीं टूनटूनिया शिव मंदिर, झरना शिव मंदिर मुरमा, दूर्गा मंदिर कजरी, देवी मंदिर बासु, पतरा, कजरमा, दुलही, लोहड़ी, लोहड़ा सहित दर्जनों गांवों में अखंड के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंडवा सीओ हलधर कुमार सेठी खुद विभिन्न जगहों का जायजा लिया। कजरी में उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। वर्षो इंतजार के बाद हम सभी को यह दिन देखने को मिला है। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील की के इस दिन को शांतिपूर्ण ढंग से उत्साह के साथ उत्सव के रूप में मनाएं. इस मौके पर युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, सुमेर सिंह, प्रसिद्ध सिंह, ललन सिंह, अशोक प्रसाद, गोविंद रजक, संतोष प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज में होटल मधुबन सह रिशॉर्ट का विनोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के एनएच 139 कौवाखोह स्थित होटल मधुबन सह रिशॉर्ट का उद्घाटन सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने फिता काटकर किया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने संचालक लाल बाबु सिंह कि सराहना करते हुए कहा कि फोरलेन मुख्य मार्ग पर होटल मधुबन एंड रिशॉर्ट खुलने से क्षेत्र के लोगों के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। लोगों को अच्छे भोजन एवं ठहरने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं संचालक लाल बाबु सिंह ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही मेरा उद्देश्य है, अच्छे और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना मेरा कर्तव्य है। मौके पर पूर्व प्रमुख प्रदीप कुमार सिंह, शुशील कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह, विनोद सिंह, गुड्डू सिंह, उदय सिंह, भोला यादव, शशि गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## प्रखंड पिपरा में राम भक्तों ने निकाला जुलूस



**पिपरा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम भक्तों ने भव्य जुलूस निकाला. राम भक्तों में गजब का उत्साह देखा जा रहा था। प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों के चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान दि खाई पड़ रही थी। सभी लोग अपने-अपने तरीके से भगवान राम की आराधना कर रहे थे। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य लाल बहादुर सिंह के नेतृत्व में डोल बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी। अधिकांश लोगों ने अपने घर की साफ सफाई की जैसे दिवाली के अवसर पर किया जाता है। लाल बहादुर सिंह ने कहा कि आज एक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद हम सभी हिंदुओं को खुश होने का अवसर प्राप्त हुआ है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मथुरा प्रसाद गुप्ता ऋषभ रंजन गुप्ता विष्णु देव गुप्ता गोलू सिंह सहित अन्य सैकड़ो लोग जुलूस में नाच गा रहे थे।

## 11000 एक साथ जलाएं गए दीपक, जय श्री राम के नारे से गूंजा शहर



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्री राम लल्ला का प्राण प्रतिष्ठ एवं मंदिर निर्माण को लेकर पूरे हर्षोल्लास के साथ छतरपुर में भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर जय श्री राम के नारे के साथ पूरे शहर में घुमाया गया शहर के सभी मंदिरों को सजाकर दीपक जलाया गया साथ ही सारईडीह मोड (महावीर मोड) पर एक हजार एक सौ दीपक एक साथ जलाया गया पूरे शहर में दीपावली का माहौल देखा गया लोगों ने खूब बम पटाखे छोड़ खुशियां मनाया और घर-घर में दीप जलाए। श्री रामचंद्र जी के नारे लगाए लोगों ने खूब लड्डू बाटे और जगह-जगह लंगर चलाया पूरा शहर भक्तिमय के साथ जय श्री राम के नारे के साथ गूंजता रहा।

## कंबल वितरण कर ले रहे हैं गरीबों की दुआ : अभिमन्यु सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी पंचायत अंतर्ग पूर्व विधायक प्रत्याशी रहे, अभिमन्यु (बबलू) सिंह के द्वारा हजारों की संख्या में एनएच 39 के निकट इलाके से उपस्थित अत्यंत ही गरीब परिवार के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए श्री सिंह ने बोला इस वर्ष कड़ाके की ठंड पड़ रही है, गरीब का शुद्ध लेने वाला वैसा कोई जनप्रतिनिधि नहीं है जो गरीबों का चिंता करें विगत 40 वर्षो से बिश्रामपुर मझीआव विधानसभा का विकास रुक सा गया हो, ऐसा देखने से प्रतीक होता है कंबल वितरण कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित लोगों को बोला अपना बहुमूल्य मत आप ऐसे लोगों को दे जो आपका चिंता करें ऐसे लोगों को मत ना दें जो आप ही से सेवा करवाये, 40 वर्ष तक इस विधानसभा में कोई बदलाव नहीं हुआ है बदलाव होना जरूरी है, मेरा लक्ष्य है हर गरीब परिवार के घर तक इस ठंड में कंबल पहुंचा सकूं कार्यक्रम में उपस्थित, प्रवीण सिंह, राजेंद्र सिंह, गुड्डू पांडे, कारू सिंह, राहुल दुबे, देवेंद्र सिंह, जनू यादव, बदरू अंसारी, उस्मान अंसारी, शहामद मियां काफी संख्या में इलाके से जाने-माने लोग उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में विवाह मंडप व चिकित्सा भवन का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहर के बेलौदर पहाड़ीतर सोमवार को भगवान दत्तात्रैय सार्वजनिक विवाह मंडप, मां महामैत्रीयी योगीनी सार्वजनिक चिकित्सा भवन का शिलान्यास किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार राय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक विवाह मंडप एवं चिकित्सा भवन बन जाने के बाद गरीब, असहाय लोगों को निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी एवं शादी विवाह में भी लोगों को निशुल्क सुविधा मिलेगी। सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि भवन बन जाने के बाद लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि भारत के सनातनी पंथ में अनेकों ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने धर्म को सेवा एवं समर्पण से जोड़कर आम जनमानस को लाभ पहुंचाया है, जिन्हें आज राष्ट्र एवं हम लोग भुलते जा रहे है वे चाहे संत रामचंद्र दास परमहंस या महंत नृत्य गोपाल दास, साध्वी ऋ तंभरा, अशोक सिंघल, लालकृष्ण आडवाणी सहित कई सनातनी धर्म के त्याग एवं समर्पण की मिसाल पैदा किया है परंतु आज हम नौजवान पीढ़ी इन बुजुर्गो के भी संघर्ष बलिदान को भूल चुके है। मौके पर गुंजन कुमार, ललु प्रजापति, सुधीर चौधरी, अरविंद विश्वकर्मा, रिंकू चौधरी, अर्जुन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ग्राम सभा का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** प्रखंड के ग्राम पतिहारी में कब्रिस्तान का घेरा बंदी एवम सुंदरी करण योजना को लेकर मदरसा के मैदान में मुखिया रब्या फिरदोसी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। योजना को लेकर ग्राम सभा मे अध्यक्ष एवम सचिव का चयन किया गया.ग्रामसभा में अध्यक्ष पद के लिए अफजल अंसारी एवम रजु अंसारी वही सचिव पद के लिए महफूज अंसारी एवम मिन्नत हुसैन का सामने आया.जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा जनसख्या के अनुसार वोटिंग किया गया. जिसमे अध्यक्ष अफजल अंसारी एवम सचिव पद के महफूज अंसारी को 476 ग्रामीणों का समर्थन मिला। वही पर दूसरे अध्यक्ष पद के लिए रजु अंसारी एवम सचिव पद के लिए मिन्नत हुसैन को 246 ग्रामीणों का समर्थन मिला.जिसके बाद बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटा द्वारा अफजल अंसारी को अध्यक्ष पद एवम महफूज अंसारी को सचिव पद के लिए जीत की घोषणा की गयी। मौके पर पँचायत सचिव जगदीस राम, एएसआई ज्वाला सिंह, हसन अंसारी, मन्नान अंसारी, शेखावत अंसारी, जाकिर हुसैन, गनपत अली, सदाकत अंसारी, सकीम अंसारी, आसमा बीबी, हलीम बीबी, रिजवाना बीबी, सफीना बीबी, जाहिद अंसारी सहित सिकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा हरिहरगंज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। हरिहरगंज शहर के महावीर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो पूरे बाजार का भ्रमण किया ।जुलूस के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय में हो गया। शहर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में चौबीस घंटा अखंड कीर्तन पाठ का आयोजन किया गया, शहर के खाप कटैया देवी मंदिर में भी चौबीस घंटा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया,वही भगत तेंदुआ महावीर मंदिर में भी रामायण पाठ हुआ। अयोध्या सरयू नदी से जल लेकर आये राकांपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह के नेतृत्व में हुसैनाबाद दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले।जुलूस में हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, भोला गुप्ता,? सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, संजय गुप्ता मुखिया उमेश साव, दिलीप स्वर्णकार, सुनिल स्वर्णकार सहित विधी व्यवस्था को लेकर सीओ यामुन रविदास, पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एएसआई संजय कुमार सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

## रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बनें रामबली पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के करकट्टा पंचयात के मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान के आवास पर ग्राम नावाडीह मे मुखिया पति रामबली पासवान के अध्यक्षता मे रामनवमी को लेकर बैठक आहूत की गई।बैठक के सफल संचालन शिक्षक बिनोद प्रसाद ने किया। इस बैठक मे रामनवमी पूजा समिति की गठन किया। जिसमे सर्व समिति से अध्यक्ष श्री रामबली पासवान, उपाध्यक्ष श्री सुदामा रजक, सचिव रामस्वरूप सिंह, उप सचिव प्रभु नारायण सिंह,कोषाध्यक्ष बिनोद प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष पंकज पासवान -उदय कुमार सिंह, संयोजक जनेश्वर राम शिक्षक, संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार यादव - संजय कुमार यादव, महा मंत्री निर्मल सिंह, उप संयोजक नितीश कुमार समेत 151 कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया गया। रामनवमी पूजा समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री रामबली पासवान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जायेगा और साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर राजन कुमार, अशोक सिंह, चन्दन सिंह, श्यामलाल ठाकुर, जैलाल सिंह, अरुण कुमार, सुरेन्द यादव, रविन्द्र विश्वकर्मा, सतेंद्र राम समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जय श्रीराम के जयकारों से गूंजी बराही धाम



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को निर्धारित मुहर्त में रामलला अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य स्थल पर विराजमान हों गए। इसको लेकर अयोध्या के साथ झारखंड के पलामू जिला क्षेत्र के चर्चित बराही धाम में भव्य तरीके से इस उत्सव को मनाया गया। ठंड और शीतलहर के प्रकोप के बाबजूद भी सुबह से ही बराही धाम में रामभक्तो की आने का सिलसिला शुरू हो गया, श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा धाम भक्ति रस में डूबा हुआ था, इसको लेकर पूरे क्षेत्र के सनातनी ही नहीं बल्कि दूसरे धर्म के लोग भी इस अयोजन में बढ़चढ़कर भाग लिया, इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया, इसको को लेकर शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम परिवार की ओर से भव्य भंडारा का अयोजन कर धाम में हजारों की संख्या में रामभक्तों और श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गय, साथ ही 12घंटे का अखंड कीर्तन का अयोजन किया गय,इस मौके पर दंगवार सोन नदी स्थित सूर्य मंदिर सेभव्य शोभा यात्रा निकाला गया जो नदिआईन, डुमर हाथा, शिव बिगहा होते हुए बराही धाम परिसर पहुंचा, वहा के पुजारी दिलीप मिश्रा अजीत चौबे समेत बराही धाम परिवार के लोगों ने लोगों का जोरदार स्वागत कर तिलक लगाकर अभिनंदन किया, वहां शोभा यात्रा के साथ अयोध्या के सरयू नदी से जल और मिट्टी को शहर के जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ पोखरा घाट में प्रवाहित किया गया, घाट से लौटने के बाद पूरे धाम परिसर को 5100 से दिया से दीपोत्सव किया गया।

## भगवान राम के भक्ति से मिलती है शक्ति : भोला पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर बाजार मोहल्ला में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठाण के पावन अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र की वार्ड नंबर 31 के प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी पलामू लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम के प्रतिनिधि भोला पांडे शामिल हुए तथा शोभा यात्रा के समिति के लोगों ने सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे को पार्षद प्रमिला देवी को श्री राम जी का पट्टा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं दुर्गा पूजा समिति तथा महावीर नवयुवक दल जनरल के द्वारा विशाल भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि भक्ति से मिलती है शक्ति आज बहुत ही खुशी का दिन है जो पिछले 500 सालों से हिंदुस्तान के धर्म प्रेमियों ने जो सपना देखा था वह सपना आज देश के अस्वासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से भगवान राम लला आज ब्रिजमान हो चुके आज पूरे हिंदुस्तान के लिए दीपावली से भी बड़ा उत्सव का दिन है इस दिन के लिए कितने महापुरुषों ने बलिदान दिये है पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि आज भगवान राम अपने स्थान पर ब्रिजमान हो गऐ बहुत खुशी की बात है बरसों पुराना जो विवाद था आज सब का सहयोग से खत्म हो चुका इसी को रामराज कहते हैं हिंदुस्तान लोकतांत्रिक देश है यहां सभी एक दूसरे का धर्म का सम्मान करते हैं और हमारा क्षेत्र शाहपुर एकता और भाईचारा का प्रतीक है हम सब एक दूसरे का पर्व को मिलजुल कर मनाते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित आशीष जायसवाल धर्मेंद्र जायसवाल त्रिपुरारी जायसवाल मुकेश अग्रवाल आशीष जायसवाल लड्डू जायसवाल प्रमोद मिश्रा सानू जैसवाल सुनील गुप्ता मिशु जायसवाल लवलेश प्रजापति जितेंद्र जायसवाल रंजीत चंद्रवंशी दीपक जायसवाल भोला धीरज जायसवाल डब्लू गुप्ता विकास कुमार रंजीत चंदन रामजी जयसवाल सहित कई लोग शामिल थें।

## अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बिशुनपुरा के जुलूस में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न संगठन एवं सनातनी हिंदू भाइयों के द्वारा शोभायात्रा के साथ भव्य जुलूस निकली गई। जुलूस में कमेटी के सदस्यों सहित आसपास के क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु भक्त भगवा झंडे के साथ परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुये। यह जुलूस बाकी नदी तट नवनिर्मित सूर्य मंदिर से चलकर गांधी चौक, शंकर मोड़, चक- चक मोड, गांधी चौक होते हुए पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर के प्रांगण तक पहुंचा। इस शोभायात्रा सह जुलूस में पूरे रास्ते जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजमान हो उठा। जुलूस में आए लोग जगह-जगह पर तलवार भाले एवं डंडे से करतब दिखाते चल रहे थे। साथ ही खूब पटाखे फोड़े गए। जुलूस में बिशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा, एएसआई अजीत कुमार गिरी अपने दल बल के साथ लीड करते नजर आए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव सहित लोगो ने बताया कि हम लोगों के लिए 22 जनवरी दिवाली और दशहरा से कम बड़ा पर्व नहीं है। कई साल के बाद अपने जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम विराजमान हो रहे हैं। जिसे लेकर बिशुनपुरा ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातनी हिंदू भाइयों के द्वारा जुलूस निकाला जा रहा है। हम सभी आसपास के मंदिरों में पूजा -अर्चना सहित दिए जलाकर जश्न मना रहे हैं। आज का दिन हम सभी लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। दवनकारा जय झारखंड युवा कमेटी के द्वारा बिशुनपुरा के हर चौक-चौराहों पर भव्य शोभायात्रा के साथ जुलूस आकर्षक ढंग से निकली गई। जहां बच्चे, बूढ़े, नौजवान जय श्री राम के नारे लग रहे थे। जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार मेहता, विद्या भारती हाई स्कूल के निदेशक अशोक मेहता, समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुवनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, रंजन कुमार गुप्ता, जितेंद्र दीक्षित, डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता, बिशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि डॉ प्रवीण कुमार यादव, डॉ सीताराम, मुन्ना गुप्ता, हीरा प्रसाद गुप्ता, श्री राम, पृथ्वी नाथ पाल सहित हजारों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**
**Email : eedwsd.chatra01@gmail.com**

Letter No : 46 Date :22.01.2024

**Corrigendum-1st**

The following changes have been done due to some unavoidable circumstances in Tender Reference No. CTR/STATE_PLAN/DT/21/2023-24 (2nd Call) Construction of 125/115 mm dia 70m/90m/120m Mtrs D/T, Deep D/T, Extra Deep Drilled Tube Well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under State Plan) on published vide P.R. No. – 316612 (DWSD) 2023-24

| | Previously Published | | Amended as follow |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Reference No. | CTR/STATE_PLAN/DT/21/2023-24 (2nd Call) | CTR/STATE_PLAN/DT/21/2023-24 (1st Call) |

Other condition will be same as mentioned in NIT & B.O.Q

PR 316763 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 23
मंगलवार
23.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग वाली याचिका पर एससी तीन हफ्ते बाद करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट अब 2024 के आम चुनावों से पहले संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण लागू करने की मांग वाली याचिका पर 3 सप्ताह के बाद सुनवाई करेगा. सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया. हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से अंतरिम आदेश की मांग की, लेकिन कोर्ट ने कहा कि पहले सरकार का जवाब आ जाये उसके बाद कोर्ट तय करेगा. मध्य प्रदेश कांग्रेस नेता डॉ जया ठाकुर ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू नीति लागू करने का आदेश देने की गुहार सुप्रीम कोर्ट से लगाई है.ठाकुर की याचिका में कहा गया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को नए सिरे से परिसीमन होने के बाद लागू करने के प्रावधान को हटाया जाए. इस कानून को 2024 में होने वाले आम चुनाव से पहले अपनी सच्ची भावना में लागू किया जाए.

### एक ही परिवार के तीन लोगों की दम घुटने से मौत

**कानपुर :** जूही थाना अंतर्गत बसंती नगर इलाके में एक परिवार सर्दी से बचने के लिए बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो गया। धुएं से परिवार के तीन सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि दो की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जूही के बसंती नगर इलाके में पूरन चन्द्र शर्मा अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार की रात में सर्दी के चलते परिवार के सदस्यों ने अंगीठी जला ली और सो गये। रात में अंगीठी से निकले धुएं से 90 वर्षीय पूरन चंद्र उनकी 85 वर्षीय पत्नी मिथला और 50 वर्षीय बेटे नरेंद्र की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि 22 वर्षीय पोती निमिषा और 18 वर्षीय ध्रुव की हालत नाजुक बनी है। सोमवार सुबह जब सुबह दूध वाला उनके घर पहुंचा तो उन्होंने गेट नहीं खोला तब उसने आसपास के लोगों से पूछा तो उन्होंने घर का दरवाजा तोड़ा और अंदर दाखिल हुए। कमरें में तीन लोगों के शव और दोनों बच्चे बेहोशी की हालत में पड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर दोनों बच्चों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। डीसीपी दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### नशीली दवाओं के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**बारामूला :** बारामूला जिले के सोपोर से नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सब डिविजनल पुलिस अधिकारी सोपोर डॉ. रईस अहमद मीर ने कहा कि 11 जनवरी को रेलवे क्रॉसिंग पर एक नाका स्थापित किया गया था। इस दौरान एक ट्रक को तलाशी के लिए रोका गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान एक बैग से स्पास्मोप्रोक्सीवोन प्लस के 3600 कैप्सूल बरामद किए गए और पूछताछ के दौरान चालक ने अपनी पहचान रमीज वली राथर पुत्र वली मोहम्मद राथर निवासी क्रालगुंड हंदवाड़ा के रूप में बताई। उन्होंने कहा कि उसके आगे के खुलासे के दौरान यह पता चला कि उसने डेंजरपोरा सोपोर के शाहनवाज अहमद शाह को खेप दी थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर शाहनवाज को 744 स्पास्मोप्रॉक्सिवोन प्लस कैप्सूल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### भारत-बांग्लादेश सीमा से तीन करोड़ का सोना जब्त, पकड़े गए दो भारतीय तस्कर

**कोलकाता :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने सोने की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। दो भारतीय तस्करों को दो सोने की ईंटों और 39 सोने के बिस्कुट के साथ पकड़ा गया। जब्त किए गए सोने की कीमत तीन करोड़ रुपये से ज्यादा है।बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि तस्कर भारतीय सीमा से गुजर रहे थे, तभी बीएसएफ जवानों ने पकड़ लिया। आरोपितों के नाम प्रसेनजीत मंडल, श्रीवास मंडल हैं। दक्षिण बंगाल सीमा के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एके आर्य ने कहा कि तस्कर गरीब और भोले-भाले लोगों को छोटी रकम का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं। उन्होंने सीमावासियों से अपील की कि अगर उन्हें सोने की तस्करी से जुड़ी कोई जानकारी मिलती है तो वे इसकी सूचना बीएसएफ के हेल्पलाइन नंबर पर दें।

### रांची का तापमान


| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21° |
| न्युनतम | 09° |

## अयोध्या में प्रगट हुए कृपाला-दीनदयाला, श्रीराम के चरणों में दंडवत हुए पीएम

# सबके हैं राम : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**अयोध्या :** 500 वर्षों से अधिक का इंतजार खत्म होने के बाद भगवान रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो गए। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई। रामलला राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। जहां उनकी आरती की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें दंडवत प्रणाम किया। पीएम मोदी ने साष्टांग प्रणाम के बाद परिक्रमा भी की। इसके बाद मंदिर का भ्रमण किया। राममंदिर के शिलान्यास की नींव रखने वाले कामेश्वर चौपाल से प्रधानमंत्री ने मंदिर के भीतर मुलाकात की। उनकी पीठ थपथपाई। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख भागवत और सीएम योगी यजमान बने। इससे पहले जब पीएम नरेंद्र मोदी ने मंदर में प्रवेश किया तो वह चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में साधुओं से आशीर्वाद लिया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यह मंदिर मात्र एक दैव मंदिर नहीं है, यह भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं, भारत के आधार हैं। राम भारत का विचार है, विधान हैं। चेतना है, चिंतन हैं। प्रतिष्ठा हैं, प्रताप हैं। राम नेकी भी है, नीति भी है। नित्यता भी है, निरंतरता भी हैं। राम व्यापक हैं, विश्व हैं, विश्वात्मा हैं। जब राम की प्रतिष्ठा होती है तो उसका प्रभाव वर्षों, शताब्दियों तक नहीं होता, हजारों वर्षों के लिए होता है। आज अयोध्या भूमि सवाल कर रही है कि श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब आगे क्या। सदियों का इंतजार तो खत्म हुआ, अब आगे क्या। जो दैवीय आत्माएं हमें आशीर्वाद देने उपस्थित हुई हैं, उन्हें क्या हम ऐसे ही विदा करेंगे। आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है। हमारी पीढ़ी को कालजयी शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजारों वर्ष बाद की पीढ़ी हमें याद करेगी। यही समय है, सही समय है। हमें आज इस पवित्र समय से अगले एक हजार साल के भारत की नींव रखनी है।



### रामलाला वापस आ गए : मोहन भागवत

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा,आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला भारत खड़ा होगा। जोश की बातों में होश की बात करने का काम मुझे ही दिया जाता है। आज हमने सुना कि प्रधानमंत्री जी ने यहां आने से पहले कठोर तप रखा। जितना कठोर तप रखा जाना चाहिए था, उससे ज्यादा कठिन तप रखा। मेरा उनसे पुराना परिचय है। मैं जानता हूं, वे तपस्वी हैं ही। परंतु, वे अकेले तप कर रहे हैं, हम क्या करेंगे ? आरएसएस प्रमुख ने कहा अयोध्या में रामलला आए। अयोध्या से बाहर क्यों गए थे रामायणकाल में ऐसा क्यों हुआ था। अयोध्या में कलह हुआ था। अयोध्या में उस पुरी का नाम है, जिसमें कोई द्वंद्व, कलह और दुविधा नहीं। फिर भी भगवान राम 14 वर्ष वनवास में गए। दुनिया के कलह को मिटाकर वापस आए। मोहन भागवत ने कहा आज रामलला वापस फिर से आए हैं।

### मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने की सौगंध खाई थी : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रभु राम लला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई। मन भावुक है।सीएम योगी ने आगे कहा कि निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे, आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जुबान राम नाम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं। ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं।सीएम योगी ने कहा कि भारत का हर मार्ग रामजन्मभूमि की ओर आ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। बहुसंख्यक समाज ने लंबी लड़ाई लड़ी।

## देश भर में मनी दिवाली



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत राम ज्योति जलाकर रामनगरी समेत देशभर में दीपावली मनाई गई। शाम को अयोध्या 10 लाख दीयों से प्रकाशमय हो गई। इसके साथ ही रामभक्तों ने घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों और पौराणिक स्थलों पर राम ज्योति प्रज्ज्वलित की। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन हुई। रामलला, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए गए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोगों ने घरों में दीप जलाए। घाटों पर जले दीये अलौकिक छटा बिखेरते नजर आए, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये। सरयू के तट पर शाम के समय विधिवत आरती की गई। इस दौरान लोगों ने राम नाम का दीया जलाकर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के पुर्नआगमन पर उनका भावपूर्ण स्वागत किया।दीपोत्सव पर सरयू घाट पर दीयों को आकर्षक ढंग पंक्तिबद्ध सजाया गया, जिन्हें देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानों धरती पर तारे जगमगा रहे हों। सैकड़ों दीयों की रोशनी के आगे बिजली से चलने वाले बल्ब, स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी भी फीकी नजर आई। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में दीपोत्सव के मनाया गया। इसके बाद श्रीराम मंदिर में भगवान राम का चित्रण करने वाला भव्य लेजर और लाइट शो का आयोजन हुआ। जिसकी रंगबिरंगी रोशनी से न सिर्फ रामलला का मंदिर बल्कि पूरा परिसर जगमगा उठा। लेजर शो के इंद्र धनुषी रंगों की आभा देखते ही बनी।केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिए अपने आवास पर तेल के दीपक जलाए।

## मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप झारखंड राज्य अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार को किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने बताया कि आज राज्य के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। उक्त मतदाता सूची निर्वाचन से जुड़े राज्य के महत्वपूर्ण कार्यालयों में भी मतदाताओं की देखने के लिए उपलब्ध है। लोग चाहें तो वे सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर भी नव प्रकाशित मतदाता सूची को देख सकते हैं। उन्होंने राज्य के मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम इस अद्यतन मतदाता सूची में जरूर चेक कर लें, किसी भी कारण यदि कोई विसंगति हुई हो तो इसे अविलंब अपने बीएलओ या अपने संबंधित निर्वाचन निबंधन कार्यालय को सूचित करें। वे चाहें तो इसकी सूचना राज्य के मतदाता हेल्पलाइन सेंटर 1950 पर भी सूचित कर सकते हैं। कहा कि राज्य के मतदाता उक्त सत्यापन कार्य हेतु वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप का भी उपयोग कर सकते हैं।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने डोरंडा स्थित अपने मतदान केंद्र जाकर वहां प्रकाशित हुई मतदाता सूची के साथ अपनी सेल्फी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को परिष्कृत रूप में लाने के लिए राज्य के सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों ने बेहतर प्रयास किया है, इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं।नव प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देखकर मतदाताओं द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट करने हेतु चलाया गया उक्त हैशटैग अभियान दोपहर में देश स्तर पर ट्रेंड करता रहा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के बूथ भ्रमण के क्रम में उनके साथ अवर सचिव श्री देवदास दत्ता तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार भी मौजूद थे।

### अभिनेत्री अमीषा पटेल मामले की अगली सुनवाई 29 को

**रांची :** चेक बाउंस मामले में सोमवार को अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर के मामले में दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से कहा गया कि वह पैसा लौटाने के लिए तैयार हैं, इसलिए समय दिया जाए। जबकि शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयलक्ष्मी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अमीषा पटेल की ओर से मामले को टालने के लिए ऐसी बातें कही जा रही हैं। इस पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले की अगली तिथि 29 जनवरी निर्धारित की है।इससे पूर्व मामले में दोबारा गवाही के लिए बुलाए गए गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण पूरा हो चुका है। दोनों पक्षों की ओर से गवाही की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब अदालत के आदेश के बाद अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर का सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज होने की प्रक्रिया होनी है।

## रोजगार मेला में 2500 युवाओं को सीएम ने सौंपा ऑफर लेटर

# युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने का सिलसिला रहेगा जारी : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित रोजगार मेला में 2500 कौशल प्राप्त युवाओं को ऑफर लेटर का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जैसे ही कोरोना संक्रमण का धुंध छटा, सरकार ने रोजगार सृजन को लेकर एक बेहतर रणनीति बनाई और दूसरे प्रदेश से लौटे मजदूर सहित यहां के किसान, गरीब, जरूरतमंदों को कई योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 100 वर्ष से भी अधिक समय से झारखंड में खनिज-संपदा निकालने का काम किया गया परंतु यहां की खनिज-संपदा का पूरा लाभ राज्यवासियों को नहीं मिला बल्कि दूसरे प्रदेश के लोगों के घर हमारे खनिज-संपदाओं से रोशन हुए। कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड में एक बेहतरीन उद्योग पॉलिसी बनाते हुए टेक्सटाइल इंडस्ट्री को जोड़ा। राज्य सरकार और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने वादे के मुताबिक 75त्न स्थानीय लोगों को अपने संस्थानों में नियुक्तियां दीं। राज्य सरकार के साथ-साथ टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने भी कदम से कदम मिलते हुए जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में 50 हजार से अधिक युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में नियुक्तियां देने का काम राज्य सरकार ने कर दिखाया है।



**आदिवासी-मूलवासी के योग्यता और क्षमता के अनुरूप बनाई गई योजनाएं:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने जितनी भी योजनाएं बनाई हैं वे सभी योजनाएं यहां के आदिवासी-मूलवासी के योग्यता और क्षमता के अनुरूप ही बनाया गया है। चाहे योजना महिला के लिए हो या पुरुष के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की महिलाएं अब धीरे-धीरे हुनरमंद होकर आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में यहां की महिलाओं का भी अहम योगदान है। जितनी भी महिलाएं आज इस इंडोर स्टेडियम में मौजूद हैं कहीं न कहीं सभी आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील किया कि वह राज्य सरकार की भी योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप स्वयं स्वरोजगार से जुड़ेंगे तो आने वाले समय में अन्य लोगों को भी आप रोजगार से जोड़ सकते हैं। वर्तमान राज्य सरकार की विभिन्न व्यवस्था से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं।

**सभी की पीड़ा को समझने का प्रयासः** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, मजदूर आदिवासी, पिछड़े, जरूरतमंद सहित सभी वर्गों की पीड़ा को हमारी सरकार समझती है। हमारी सोच है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य प्रदान करें। हमारी सरकार रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी युवक-युवतियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी लोगों के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि आप सभी लोग अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करेंगे और नित नए आयाम को प्राप्त करेंगे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव एलखियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, जियाडा एमडी शशि रंजन, टेक्सटाइल इंडस्ट्री के दीपक अग्रवाल एवं सुधीर ढींगरा सहित बड़ी संख्या में ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियां एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

### प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। विमल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए सोमवार को बताया की मेरा जीवन धन्य हो गया। एक बार इतिहास निर्माण में सहभागी हुआ था, जब जन्मभूमि से बाबरी कलंक मिटाया गया था। भक्ति, शक्ति, पराक्रम और संघर्ष से अयोध्या की पावन धरती पर एक स्वर्णिम अध्याय का आरंभ किया गया।

# उर्दू के लिए सहायक आचार्य के 7232 पद सृजन के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के लिए सहायक आचार्य के 7232 पद सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इनमें प्राथमिक विद्यालयों (वर्ग 1 से 5) के लिए 5478 एवं उच्च प्राथमिक (वर्ग 6 से 8) विद्यालयों में 1754 पद शामिल है। ज्ञात हो कि पूरे राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के लिए 4401 पद स्वीकृत हैं। इनमे 689 उर्दू शिक्षक के पदों पर नियुक्ति की गई, जबकि 3712 पद रिक्त हैं। ऐसे में राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के स्वीकृत पदों को प्रत्यर्पित करते हुए उक्त पदों के विरुद्ध सहायक आचार्य का पद सृजन तथा वेतनमान परिवर्तित किया गया है।।राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत उर्दू छात्रों के क्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के प्रतिवेदन के आधार पर कुल 7981 सहायक आचार्य का पद सृजित किया जाना है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों में 6167 तथा मध्य विद्यालयों में 1754 सहायक आचार्य का पद है । लेकिन, प्राथमिक विद्यालयों में इंटर प्रशिक्षित 689 उर्दू सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। अतएव राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में 5478 तथा मध्य विद्यालयों में 1754 (कुल 7232 पद) सहायक आचार्य का पद सृजित किया गया है।राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के पदों को परिवर्तित करते हुए सहायक आचार्य के 50,000 पद स्वीकृत किए गए हैं। सहायक आचार्य का वेतनमान इंटर प्रशिक्षित के लिए सातवां केंद्रीय पुनरीक्षित वेतनमान के लेवल-4 और स्नातक प्रशिक्षित के लिए लेवल-5 निर्धारित है।।उक्त परिपेक्ष्य में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों को भी उक्त के अनुरूप परिवर्तित किया किया गया है।

**4401 पद स्वीकृत हैं पूरे राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के लिए**
**689 उर्दू शिक्षकों की इन पदों पर नियुक्ति की गई, जबकि 3712 पद रिक्त हैं।**

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद

# बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**ईटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड अन्तर्गत मोरों रोड स्थित डीएभी साईं पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया. जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक रंगोली पाउडर से कलाकृति दिखाई. मौके पर उपस्थित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों के बीच बहुत खुशी का माहौल था. स्कूल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार साहू के द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार दे कर सम्मानित किया. और कहा अगर आप लोग इसी तरह से मेहनत करते रहेंगे तो आगे चलकर और अच्छा करेंगे ।

# भगवान श्रीराम की भक्ति मे लीन रहा पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का पूरा इलाका भगवान श्री राम की भक्ति में लीन रहा।प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के



कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था,जिसमें सुबह से ही श्रद्धालु भक्त मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और दीप जलाया।बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर,बचरा बाजारटांड़ स्थित हनुमान मन्दिर,शीतला मन्दिर,श्रीराम जानकी मन्दिर,काली मन्दिर,पंचमुखी हनुमान मन्दिर,बीओसी हनुमान मन्दिर,राय शिव मन्दिर,पुरानीराय स्थित झारखण्डी मन्दिर सहित कोईलांचल क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।इस अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र के राम भक्तों ने अपने-अपने घरों के अलावा मंदिरों में दीप जलाकर उत्साह मनाया। इधर कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय स्थित झारखण्डी मन्दिर मे स्थानीय ग्रामीणो ने 5100 दीप जलाकर दीपोउत्सव मनाया।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन के अवसर पर पुरानीराय के ग्रामीणों ने झारखंडी मंदिर में 5100 दीप जलाकर खुशी मनाया।ग्रामीणो ने कहा कि करीब पांच सौ वर्षो बाद सनातन धर्मालम्बियो को यह अवसर प्राप्त हुआ है।इस मौके पर शिवलाल महतो,धनेश्वर महतो,बासुदेव महतो,गणेश राम,दिलीप केशरी,बबलू महतो,कुंवर महतो,अशोक महतो,शिवनाथ मुंडा, मनभावन लोहरा,मनोज महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। वही बचरा बाजारटांड़ स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर मे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण मौजुद थे।

# पिपरवार मे हुई जनता मजदूर संघ की बैठक में कोयला मजदूरों की समस्या पर हुई चर्चा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ की एक आवश्यक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता निर्मल उरांव और संचालन संघ के केंद्रीय सचिव सह




सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह के द्वारा किया गया,जबकि धन्यवाद ज्ञापन आशीष कुमार दुबे ने किया।बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 10:30 बजे क्षेत्रीय कार्यालय बचरा मे झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया।साथ ही क्षेत्र में संगठन की सदस्यता बढाने एवं 28 जनवरी रविवार को क्षेत्रिय कार्यालय में एक आवश्यक बैठक एवं मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर भी चर्चा की गई है और सभी मजदूरों को एकजुट होने की अपील की गई।बैठक में मुख्य रूप से बालेश्वर सिंह,अजीत सिंह, विजय प्रसाद,नंददेव राम, मुंशी राम,प्रेम कुमार,केके शर्मा,विकाश कुमार,उद्देश जी,श्याम किशोर ठाकुर, रंजित बनर्जी,नंदलाल नोनिया,निर्मल उंराव सहित मगध संघमित्रा,आम्रपाली चंद्रगुप्त और पिपरवार अशोक क्षेत्र से यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

# सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से मंदिरों में किया गया दीप का वितरण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मंदिरों में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के



सौजन्य से दीप का वितरण किया गया।इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पिपरवार मंडल के सभी पंचायतों के मंदिरों में सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से दीप का वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र के मंदिरों में दीप जलाने को लेकर दीया भेजा गया था जिसे कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ वितरण करते हुए मंदिरों में दीप जलाने की अपील की।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद,दिलीप अम्बष्ट,कृष्ण मुरारी मोदी,महेश प्रसाद, सुदामा करमाली,मंगल साव, संजय दुबे,मुंशी महतो,प्रवीण दराद,लक्ष्मण मंडल,मुकेश राणा,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा,राम प्रसाद महतो,अनिल सिन्हा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजुद थे।

# प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह व उमंग की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** अयोध्या मे प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड वासियों में उत्साह व उमंग की लहर देखा गया। टाटीसिल्वे चौक,जैप,चतरा, हरातु,आदर्श नगर, सुर्यनगर, लालगंज, महिलोंग, सेंटोरियम आरागेट, नामकुम स्टेशन , सदाबहार चौक इत्यादि मंदिरों की भव्य विधुत सज्जा की गई थी। प्रातः से ही मंदिरो मे प्रभु श्री राम हरिकीर्त,भजन,जाप, परिक्रमा के साथ विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। कई मंदिरों मे अयोध्या से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के सीधा प्रसारण हेतू एल सी डी की व्योस्था की गई, साथ ही घरों मे दीप जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मना रहे थे। इस शुभ अवसर पर प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा , सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मनोज कुमार सिंह, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अशोक मुंडा, महामंत्री अमित मिश्रा, राजन साहू, राजेश मिश्रा, संजीत सिंह,कर्नल बी के सिंह, आशुतोष द्विवेदि,रविंद्र तिवारी, ब्रजेश सिंह, विनोद अग्रवाल, अरविंद सिंह, सोहन मुंडा,सुधीर महतो, दिलीप सिंह, भरत सिंह,अशोक नायक,विनोद सिंह,गिरिधर मिश्रा, मंगल गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, मधुसूदन पांडे,सिदाम सिंह मुंडा,गाजू महतो,सरयुग प्रसाद, मुखिया नूतन पाहन,कृष्णा पाहन,सुनीता देवी,संदीप तिर्कि,डॉली मुंडा,पारस नाथ उराव,प्रकाश लकडा,नरेश शाहू, माधुरी देवी,राजकुमार सिंह,संजीव सिंह,आरती कुजुर ,रामशाय मुंडा इत्यादि गण मान्य लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# गांव से शहर तक श्रीराम का जय घोष, भगवामय हुआ सिल्ली, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन सोमवार को सिल्ली मुरी आसपास क्षेत्रों में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। गांव से लेकर शहर तक जय श्रीराम की जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान शोभा यात्रा के बाद मंदिरों में भजन, कीर्तन, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सिल्ली में आदि दुर्गा मंदिर सिल्ली बाजार, महाविर मंदिर, ठाकुरबाड़ी रुगड़ी टोल, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर लुपुंग, राधा माधव आश्रम समेत कई मंदिरों से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बच्चे, जवान, महिला हो या पुरूष सभी राम आएंगे हम अंगना संजाएंगे जैसे गीतों के डीजे के धुन से उत्साह के साथ जमकर थिरके। पुरे शहर में भगवा ध्वज लहराता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में बंता, पतराहातु, हलमाद, लोटा समेत कई गांवों में भी शोभा यात्रा निकाली गई एवं मंदिरों में विधि विधान पूर्वक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। वहीं देर शाम लोगों ने घरों एवं मंदिरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया । विभिन्न मंदिरों में आयोजकों के द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। शोभा यात्रा के दौरान सिल्ली थाना प्रभारी लालजी एवं पुलिस बल सड़क पर यातायात एवं विधि व्यवस्था को बनाए रखने में व्यस्त रहे।



# मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात उपायुक्त ने ली अपनी सेल्फी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात अपना सेल्फी लेकर नये मतदाताओं से भी अपने बूथ पर जाकर अपना नाम चेक करने की अपील की सूची में कुछ त्रुटि होने पर तुरंत बीएलओ से संपर्क करने की बात कही ।

मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ईआरओ व एईआरओ उपस्थित भी उपस्थित रहे। मतदाता सूची के प्रकाशन पर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/EPIC के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया पर हैशटैग #IamReadyToVote के साथ पोस्ट किया। समय : 11.00 से 12.00 बजे तक एक घंटे का सोशल मीडिया महाअभियान चलाया गया। इस दौरान खूंटी के बूथों में मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/ EPIC के साथ सेल्फी लेकर खुशी जाहिर की।



# मायापुर में अंजुमन कमेटी का किया गया चुनाव



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को ओरमांझी के मायापुर में अंजुमन इस्लामिया कमेटी का एक आवश्यक बैठक मस्जिद के प्रांगण में किया गया। बैठक में चल रहे पुराने अंजुमन कमेटी को सर्वसम्मति से भंग किया गया। साथ ही बैठक में नई कमेटी का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सदर अब्दुल मजीद, सेक्रेटरी अब्दुल रशीद व खजांची मोहम्मद मंजूर अंसारी को चयन किया गया। साथ ही साथ नौजवान कमेटी का भी चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नौजवान कमेटी का सदर मोहम्मद रिजवान अंसारी, सेक्रेटरी मोहम्मद असलम अंसारी, व खजांची मोहम्मद आफताब आलम को चयन किया गया। मो सिकंदर अंसारी ,मोहम्मद अफजल अंसारी,मोहम्मद शाहबुद्दीन अंसारी ,मोहम्मद हैदर अंसारी, मोहम्मद अहसान अंसारी को कमेटी का संरक्षक बनाया गया। बैठक में सभी लोगों ने लोगों ने नए कमेटी के चुने गए लोगों को बधाई दिया। मौके पर नए कमेटी में चुने गए लोगों ने कहा कि गांव में सभी तरह की मामलों पर बेहतर तरीके से निष्पादन करेंगे। और हरसंभव प्रयास किया जाएगा की समाज में जो भी कुरीतियां है उसपर सभी लोगों को जागरूक करेगे। जिससे एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। क्योंकि हमलोगों की समाज में सबसे बड़ी चुनौती है कि शिक्षा के मामले में काफ़ी कमी है, इसपर कमेटी खासकर अभिभावकों को शिक्षा पर जोर देने के लिए गांव में विशेष अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित करने का काम करेंगे। अंजुमन इस्लामिया कमेटी का चुनाव से गांव में चारों तरफ खुशी का माहौल है।

# कांग्रेस नेता विल्सन तोपनो ने लांदुप पंचायत का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लांदुप पंचायत के दुलमी गांव में ग्रामीणों ने बताया कि पिछले जुलाई महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर की लिखित सूचना विभाग को दी गई है परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है वही दूसरी ओर नल जल योजना के तहत पाईप तो बिछा दिया गया है परन्तु बोरिंग हुई भी नहीं है एक स्थान पर बोरिंग हुई थी परंतु वहां पानी नहीं मिल पाया उसमें भी विभाग ने ग्रामीणों की अनदेखी कर के बोरिंग की थी जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह में ग्रामीणों के द्वारा बताए गए जगह पर बोरिंग नहीं हुआ जिसके कारण पानी नहीं निकल पाया और पानी को एवं बिजली को लेकर ग्रामीणों में बहुत ही रोष है ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं खेती बाड़ी के कामो में बहुत ही दिक्कत का सामना ग्रामीणों को करना पड रहा मौके पर ही कांग्रेस नेता ने जेई (पेय जल) को दूरभाष पर सूचना दी गई उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।अगर त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाई तो कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों से मिल कर सड़क पर उतरे को मजबूर होगे मौके पर ग्राम प्रधान,प्रीतम सिंह हस्सा , विलसन तोपनो, सुषमा भेंगरा, अनमोल हस्सा,रोढे मुण्डा,मागु मुण्डा, रतन सिंह मुंडा,सुम्बर मुण्डा,मदरू मुण्डा,राई सिंह मुंडा ,बोतोन मुण्डा,बाजी मुण्डा, आदि उपस्थित थे।



# अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राय मे झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत मे अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।यह शोभा यात्रा पूरे इलाके का भ्रमण किया।इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा इलाका गूंज



उठा।जानकारी के अनुसार धवईयाटांड़ शिव मन्दिर से झांकी के साथ शोभायात्रा की शुरुआत की गई।गाजे बाजे के साथ यह शोभायात्रा शिव मंदिर राय बाजार से होते हुए, राय बस्ती,राय चौक का भ्रमण करते हुए शिव मन्दिर राय पहुंचा,जहां शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।इस संबंध में राम भक्तों ने बताया कि अयोध्या राम मंदिर मे श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राय पंचायत मे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।झांकी मे राम, लक्ष्मण,सीता,शंकर,पार्वती, एवं हनुमान के वेशभूषा मे लोग शामिल हुए।शोभा यात्रा में शामिल सभी राम भक्त राय शिव मंदिर में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर नागेश्वर महतो, विष्णु साहु,जगदीश सोनी, शंकर सिंह,उदय प्रताप सिंह, रीतेश केशरी,बेगी महतो,राम अवतार राम,भुवनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो,तरूण महतो, दीपक महतो,गणेश महतो, रघुनंदन प्रजापति,रवि सोनी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शोभा यात्रा में शामिल थे।

# कंदरी पुनगी करकरा में श्रीरामोत्सव का आयोजन, निकली 351 कलश के साथ यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** 22 जनवरी को अयोध्या नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के स्थापना के अवसर पर पूरे विश्व में हर्ष का माहौल है मांडर प्रखंड के कंदरी पुंनगी करकरा में जन जागृति युवा क्लब के नेतृत्व में श्री राम उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शिव मंदिर में ग्राम पुरोहित श्री अनिल पाठक जी के मंत्रोचार के पश्चात कंदरी तालाब से जल लेकर सभी श्रद्धालुओ ने ग्राम कनदरी देवी मंडप कनदरी चौक पुंनगी चौक फुसरा टांड होते ग्राम पुंनगी देवी मंडप होते हुए शिव मंदिर में हवन के पश्चात दिन भर तीनों गांव में भक्ति मय माहौल रहा तीनों गांव के ग्राम देवी मंडप में जलाभिषेक करने के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया संध्या में मंडा मैदान मे रंगोली से सजाया गया एव 501 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। संध्या में महाआरती के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ आयोजन समिति के संरक्षक विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी, समाजसेवी अमिताभ पाठक शिवम पाठक, विनय पाठक,सुशील गोप, दुबराज उरांव तपेश्वर गोप, प्रीतम गोप, गौरव तिवारी, महादेव उरांव,हेमंत दास,गौरी लोहरा बन बिहारी तिवारी ,आशुतोष तिवारी, सुमित नंद तिवारी, रतन तिवारी,छोटू लहकर, प्रदीप नंद तिवारी,दिनेश गोप,सहित सैकड़ों की महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे एवं युवा रामभक्त सहित गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ राममय हुआ खलारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** अयोध्या जी में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूरा खलारी प्रखंड क्षेत्र भी राममय हो गया. पिछले दो दिनों से बाजार, चौक चौराहों, गली मुहल्लों को भगवा झंडियों व पताकों से पाटा जा रहा था. सोमवार को लोगों का उत्साह चरम पर था. प्रखंड के एकमात्र भगवान राम के मंदिर श्रीजानकी रमन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा करने के लिए आने लगे थे.इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी. मंदिर परिसर में ही कीर्तन मंडली हरिकीर्तन गा रही थी, जो शाम तक चलता रहा. अयोध्या जी में प्राण प्रतिष्ठा के समय ही यहां भी भगवान राम की आरती की गई.शाम को जय माता दी ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने खीर प्रसाद बांटा. उधर पहाड़ी मंदिर में भी काफी संख्या में लोग पूजा करने पहुंचे.

वहीं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होते ही 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ कर दिया गया. इसके अलावा करकट्टा, धमधमिया, खलारी बाजारटांड़, लपरा, डकरा सहित अन्य जगहों के प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया.वहीं लोग टीवी व इंटरनेट मीडिया पर अयोध्या जी में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव भी देखे. कार्यक्रमों के दौरान पुलिस चौकस थी. कई जगह स्टैटिक पुलिस तैनात थी.

**हिन्दूगढ़ी चौक में हुई भगवान राम की पूजा :** केडी खलारी में 1990 में बलिदान हुए कारसेवकों की स्मृति में बनाए गए हिन्दूगढ़ी चौक पर भगवान राम की तस्वीर रखकर पूजा की गई. चौक को फूलों से आकर्षक सजाया गया था. पुजारी सोनू दुबे ने पूजन कराया. कार्यकर्ताओं ने खीर प्रसाद का वितरण किया.

**खलारी बैंक चौक में हुई पूजा, बंटा प्रसाद :** खलारी बैंक चौक को फूलों से सजाया गया. भगवा धज लगाया गया और भगवान श्रीराम का चित्र रखकर पूजा किया गया. कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच हलवा प्रसाद बांटा.

**शाम में घर-घर मना दीपोत्सव :** सोमवार की शाम क्षेत्र के मंदिरों, चौक चौराहों से लेकर घरों में दीपोत्सव मनाया गया. कई जगह दीवाली की तरह पटाखे भी जलाए गए. विद्युत लड़ियों से सजे मंदिर आकर्षक लग रहे थे.

# राजाबाड़ी में टुसू मेला व तमाड़ में दो मंदिरों का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ परगनैत राजबाड़ी परिसर में राम लला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर गौरव मेला का आयोजन किया गया,इस मौके पर तमाड़ राजा कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव ने कहा आज का दिन ऐतिहासिक दिन है और अयोध्या में रामलाल की मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और इसी के लेकर तमाड़ में गौरव मेला का आयोजन किया गया है मेला आकर्षक रूप से नाच दान करने वाले लोगों को भी पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर सत्येंद्र नाथ शाहदेव, जगन्नाथ मानकी, जिप सदस्य दिलीप सेठ, प्रोफेसर लखविंदर सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान सहदेव मुंडा,विमल पातर, सुसेन साहू, प्रोफेसर देवनंदन सिंह मुंडा, रीता देवी, गोलक दास अधिकारी समेत हजारों की संख्या में जन सैलाब उमड़ी हुई थी।इधर प्रभु श्री राम के अवध नगरी में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तमाड़ के गली गली में उत्साह का माहौल देखा गया सुबह से ही घर-घर में पुजा पाठ की तैयारी प्रारंभ की गई शुभ मुहूर्त के आते ही मंदिरों में पूजा अर्चना की राम नाम पुरा माहौल सरोबर रहा सुरज के डुबते ही दीप जलाकर दीवाली मनाई गई।मोदी दुर्गा मंदिर से भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें राम भक्त नाचते गाते जय श्री राम का नारा लगाते हुए तमाड़ बाजार होते हुए श्याम चांद मंदिर पहुंचे और फिर मोदीड़ीह स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचकर जूलूस का समापन हुआ वहीं इधर पुंडीदीरी रोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर से शोभ यात्रा तमाड़ बस स्टैंड नीचे टोली होते हुए श्याम चांद मंदिर और फिर वापस बजरंगबली मंदिर पहुंचे यात्रा का सम्पन्न हुआ। राम लला के अयोध्या में शुभ आगमन की इस शुभ घड़ी में तमाड़ के मांझी टोला स्थित नवनिर्मित श्याम चांद मंदिर और रायड़ीह मोड़ के आमलेशा रोड़ स्थित नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर का विधिवत पुरोहित के मंत्रोच्चार और शुभ अनुष्ठान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विवेक ट्रेडर्स ने लोगों के बीच किया दीया व मोमबत्ती का वितरण



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विबेक ट्रेडर्स की तरफ से चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चिल्गू में तीन सौ लोगों के बीच खीर, लड्डू, दीया, मोमबत्ती एवं तेल का वितरण किया गया. लोगों से दिवाली मनाने का आग्रह भी किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से समाजसेवी खगेन महतो, ग्राम प्रधान कामदेव दास,डॉ मुरलीधर हजारा, बिष्णु गोप आदि मौजूद थे।

## जुगसलाई शनिदेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ व शिवचर्चा आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या में श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को जुगसलाई दुःखु मार्केट के निकट रेलवे लाइन किनारे सत्यनारायण मंदिर रोड़ स्थित श्री शनिदेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ और शिवचर्चा का आयोजन हुआ। दोपहर में प्रसाद वितरण के बाद सुनीता सोनकर की देखरेख में महिलाओं की टीम द्वारा शिव चर्चा की गयी। शाम में 251 दीया प्रज्जवलित कर महाआरती की गयी। शनिदेव मंदिर के पुजारी दामोदर शनि बाबा के नेतृत्व में सभी धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। इस धार्मिक कार्यक्रम में जुगसलाई थाना प्रभारी कुणाल गुप्ता, समाजसेवी अमोद दूबे, ऋषि मिश्राा, अजय, अरविंद मिश्रा, अमित सिंह, अशोक शर्मा आदि श्रद्धालुगण उपस्थित थे। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## तिरूलडीह पंचायत की मुखिया की आकस्मिक मृत्यु

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़



प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह पंचायत के मुखिया रिंकी देवी की सोमवार को समाजिक रीती रिवाज के साथ अंत्येष्टि कर दिया गया। मालूम हो कि रविवार की देर शाम को मुखिया रिंकी देवी की आकस्मिक मृत्यु अपने गांव धुंधाडीह टोला मुदीडीह में हो गई थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मुखिया रामेश्वर उरांव की पत्नी मुखिया रिंकी देवी की आकस्मिक मौत होने से झामुमो एवं क्षेत्र में लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। वहीं जगह जगह उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति का कामना किया गया।

## सिदगोड़ा सूर्यमंदिर धाम राममंदिर में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज सिदगोड़ा स्थित सूर्यमंदिर धाम के राममंदिर मे विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित सतीश पाठक पांच पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन, हवन और महा आरती किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में प्रमोद मिश्रा पत्नी संग पूजा में बैठे। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, दीपोत्सव और जमकर आतिशबाजी की गई। इसके आयोजन में मंदिर कमेटी के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, मंत्री शशिकांत सिंह, उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता, रूबी झा सहित मंदिर कमेटी सदस्यों और सैकड़ो रामभक्त शामिल हुए थे।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर कंबल व लड्डू वितरित

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़



प्रखंड क्षेत्र के बीष्टटांढ़ में अयोध्या में राम लला का प्राण-प्रतिष्ठा के पावन उपलक्ष्य में सोमवार को मुख्य अतिथि चाईबासा के समाज सेवी शशि कांत प्रसाद के उपस्थिति में एक सौ जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व लड्डू का वितरण किया गया। वहीं समाज सेवी लालू प्रामाणिक ने बताया कि राम लला का प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर राम प्रसाद महतो, कानगुराम महतो ,अरूण महतो, वकील महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मानगों में राम भक्तों ने निकाली रैली, मंत्री बन्ना गुप्ता हुए शामिल, कहा...

# स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा आज का दिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर ट्रक एवं ट्रेलर एसोसियेशन की ओर से मानगो डिमना रोड चौक पर 521 किलो लड्डू आम लोगों के बीच वितरित किया गया।

मानगों में राम भक्तों द्वारा निकाली गई रैली में शामिल मंत्री बना गुप्ता, कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह एवं अन्य महत्वपूर्ण लोगों को रामनामी दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और राम भक्तों की दृढ़ इच्छा और प्रभु की असीम कृपा से अयोध्या में प्रभु श्री रामलला आज विराजमान हुए हैं।



एसोसियेशन अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह शीरे के अनुसार आज उत्सव मनाने का दिन है। घर में दिए जलाने की जरूरत है। धर्म जाति भाषा के भेदभाव को मिलकर आज हिंदुस्तानियों को एक होने की जरूरत है। उन्होंने इस मौके पर लोगों के दीए वितरित किए। इस अवसर पर सचिव राजीव रंजन सिंह, प्रदीप शर्मा, बिट्टू तिवारी, धनंजय राय, सतबीर सिंह सोमू, गुंजन यादव, अमित कुमार, संजय सिंह मनीष कुमार, शंकर दयाल, वीरेंद्र यादव, नीरज पाठक जसबीर सिंह सोनी, चरणजीत सिंह, टीपी सिंह, रंजीत सिंह, पारस नाथ आदि का विशेष योगदान रहा ।

## शहर में निकले शोभायात्रा की सीसीटीवी से रखी गई निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था का रहा पुख्ता इंतजाम



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहरी क्षेत्र में अलग अलग मंदिरों से निकलने वाले शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने साकची थाना स्थित सीसीआर से शहर भर की हरेक गतिविधि पर बारीकी से नजर रखा। इस दौरान जिले के दोनों वरीय पदाधिकारी सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी आपसी भाईचारा बिगड़ने वाले या फेक पोस्ट साझा न हों इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी गहन निगरानी रखी गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त, सिटी एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, डीसीएलआर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तिरुलडीह सहित पूरा कुकड़ु क्षेत्र हुआ राममय, गांव गांव में महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकड़ु व ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गांवों में भी सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का असर देखा गया। गांवों का वातावरण चारो ओर राम मय हो गया। भगुवा झंडों से गांव गांव को सजाया गया है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह मंदिरों में पुजा पाठ व दीप जलाकर भगवान श्री राम का स्वागत में दिपावली जैसी नजारा देखने को मिला। कुकड़ु प्रखंड के तिरुलडीह बजरंगबली मंदिर, कुकरु हरि मंदिर, बजरंगबली मंदिर, सिरूम दुर्गा मंदिर ओहि इचगार्ड प्रखंड के मिलन चौक राम मंदिर,सोड़ो बजरंगबली मंदिर, टीकर, नवाडीह, गौरांगकोचा, नारो सहित दर्जनों पूजा समितियों द्वारा राम चरित मानस पाठ, राम नाम संकीर्तन, नगर कीर्तन व झांकी निकाली गई। भंडारा व भोग वितरण किया गया। वहीं तिरुलडीह में श्री राम चरित मानस का आयोजन किया गया। सोलोन आना की और से मंदिर में पूजा अर्चना, हवन, भंडारा,भोग वितरण, रामचरित मानस कथा पाठ व राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं अशोक साव ने कहा कि आज हर चौक चौराहों के मंदिरों पर भगवान श्री राम का पूजन,दीप यज्ञ, भजन कीर्तन आदि किया गया।

## सोनारी पंचवटी नगर शिव-काली मंदिर में धूमधाम से हुआ पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रभु श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पावन अवसर पर सोनारी पंचवटी नगर शिव मंदिर काली मंदिर में आज धूमधाम से पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के संरक्षक राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित शामिल हुए। वहीं पूजा में भोला, रवि भूषण के अलावा काफी संख्या में संख्या में महिलाओं एवं बहने उपस्थित थे। सभी लोगों ने श्रीरामलला के सामने दीए जलाकर दीपावली मनाई। वही पूरा शाम होते ही पंचवटी नगर दीपावली से जगमगा उठा।

# प्रशांत पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी में मंदिर परिसर में 501 दीप प्रज्ज्वलित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आज भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी 7 एक्स रोड बजरंग बली मंदिर प्रांगण में 501 दीप प्रज्ज्वलित कर महाभोग, लड्डू वितरण एवं आतिशबाजी किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से शामिल सांसद प्रतिनिधि पश्चिम विधान सभा के चित्तरंजन वर्मा, जटा शंकर पांडेय, नारायण प्रसाद, प्यारे लाल साहू, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, बिराज दे आदि शामिल हुए।



## नहचीबेड़ा में हुई फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता बनी शांति स्पोर्टिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत नहचीबेड़ा गांव में षोलोआना कमेटी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व विशिष्ट अतिथि में प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो शामिल हुए। संबोधित करते हुए चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि खिलाड़ी को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को झारखंड सरकार सीधी नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। 16 टीमों के बीच आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शांति स्पोर्टिंग ने ब्लैक शूटर घाटशिला को खेल के दौरान एक गोल से पराजित कर मैच का खिताब जीत लिया। तीसरे स्थान पर शिबु स्पोर्टिंग व चौथे स्थान पर मेड इन चायना टीम की टीम रही। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी के साधु सिंह, धरनी सिंह, पवन सिंह, जगन्नाथ सिंह, तपन सिंह, दुलाल सिंह, सुभाष सिंह व रंजीत महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# बिष्टुपुर गोपाल मैदान में शानदार टुसू मेला, उमड़ा जनसैलाब





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंडवासी एकता मंच की ओर से रविवार को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में भव्य टुसु मेला का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की. मेला में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल के कई लोग टुसु व चौड़ल लेकर पहुंचे. इसमें सात लोगों को टुसु में, चार व्यक्ति को चौड़ल तथा एक ग्रुप को बुढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार प्रदान किया गया.

इस दौरान अतिथियों के रुप में सांसद विद्युत वरण महतो, समाजसेवी आस्तिक महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो, सरायकेला की पूर्व पार्षद सारथी महतो, पूर्व जिला पार्षद चंद्रावती महतो, धालभूमगढ़ से आये शम्भू महतो व उनकी पत्नी संध्या महतो, रमेश हांसदा, बिल्डर विकास सिंह आदि मौजूद थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने की.

रविवार को सुबह 10 बजे से लोगों का आना शुरु हो गया. दोपहर 2 बजते-बजते मैदान में पैर रखने की जगह भी कम पडने़ लगी.

इस मौके पर सांसद ने विद्युत महतो समाज के युवाओं को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही. उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति व परंपरा को लेकर ही जीते हैं, क्योंकि यह महान धरोहर है और यही हमारी पहचान भी है. जब हम शिक्षित होंगे तो अपनी संस्कृति को और बेहतर तरीके से जान सकेंगे. यह याद रखें कि इस संस्कृति को आनेवाली पीढ़ी ही जिंदा रखेगी.

कार्यक्रम का संचालन जिला पार्षद खगेन महतो तथा बिल्डर फणीन्द्र महतो ने किया. इसे सफल बनाने में सुखदेव महतो, कमल महतो, बोड़ाम के पूर्व पार्षद स्वपन महतो, सचिन महतो, विजय महतो, सुनील महतो मीता, चंद्रावती महतो, सत्यनारायण महतो, चुनका मार्डी, सपन महतो, जुगल किशोर मुखी, नकुल महतो, मनोज महतो, नारायण महतो, कु?मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, अशोक महतो, जगदीश राव, ओपा सिंह, राजू बाबा, गोपाल महतो, अजय रजक, दिलीप दास सहित कई सदस्य सक्रिय रहे.

देश व राज्य के लिये बलिदान देनेवाले शहीदों को श्रद्धांजलि

अतिथियों ने संयुक्त रुप से वहां देश व राज्य के आंदोलन में अहम योगदान देनेवालों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया व कार्यक्रम की शुरुआत की. मौके पर आयोजकों ने सभी अतिथि व झूमर गायक रंजीत महतो को शॉल, गुलदस्ता व मोमेंटो देकर अभिवादन किया.

समाजसेवी सह मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने कहा कि गोपाल मैदान में सिर्फ मेला का आयोजन नहीं होता है, बल्कि यहां झारखंडी संस्कृति की पहचान दिखती है. कहा कि हम अपनी भाषा व संस्कृति के लिये एकजुट रहेंगे और यह आयोजन इसकी मिसाल है.

**इन्हें मिला पुरस्कार :-** टुसु प्रतिमा - प्रथम (31 हजार) - धनंजय महतो (पदनामसाई, राजनगर), द्वितीय (25 हजार) -जगन्नाथ महतो (सोसोमोली, राजनगर), तृतीय (20 हजार) - धरनीगोड़ा, चांडिल, चतुर्थ (15 हजार)-रुगड़ी (डोबो), पंचम (11 हजार) 5- उज्जवलपुर, षष्टम (7 हजार) - सप्तम (5 हजार) - उलीडीह मानगो, चौड़ल का पुरस्कारः- प्रथम (25 हजार)- शिवनाथ पुराना (कुजियाम्बा, अडक्ी), द्वितीय (20 हजार) = शक्तिधर पुरान (माझटोला), तृतीय (15 हजार) - लक्ष्मीकांत मांझी (बोधडीह चौड़ल समिति), चतुर्थ (11 हजार) - धीरेन सिंह (खोकरो, बोड़ाम)

**बुढ़ी गाड़ी नाच का पुरस्कार :-** प्रथम (15 हजार) -पांडुराम मुर्मू (बाबा तिलका बलराम बस्ती, सोनारी)।

## सिदगोड़ा सूर्यधाम के राम मंदिर में दिन भर हुआ विशेष अनुष्ठान पूजन

# उमड़े हजारों रामभक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम अवसर पर जमशेदपुर के सिदगोड़ा सूर्यधाम परिसर स्थित राम मंदिर में पुरोहितों द्वारा सोमवार को पूरे दिन विशेष अनुष्ठान-पूजन किया गया। जिसमें सुबह में श्रीराम दरबार का विशेष पूजन, रामरक्षा स्तोत्र का पाठ एवं दोपहर में हवन, आरती, शंखनाद एवं प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, संध्याकाल में संगीतमय रामचरितमानस सुंदरकांड का पाठ, महाआरती, दीपोत्सव के साथ भव्य आतिशबाजी कर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर समेत पूरे सूर्यधाम परिसर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। वहीं, राम मंदिर में आकर्षक पुष्प सज्जा की गई। संध्याकाल में राम मंदिर समेत पूरे मंदिर परिसर में 5100 मिट्टी के दीपक जलाए गए।

इस अवसर पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, समाजसेवी ललित दास सपत्नीक, अखिलेश चौधरी, शैलेश गुप्ता, रूबी झा, शशिकांत सिंह, प्रमोद मिश्रा सपत्नीक, प्रेम झा, कंचन दत्ता, बंटी अग्रवाल, अनिमेष सिंह, संतोष ठाकुर, कुमार अभिषेक, अनिकेत सिंह, अनिकेत राय, राम मिश्रा, निर्मल गोप, साकेत कुमार, मिनी सिंह, कैलाशी मीणा सिन्हा, भारती कुमारी, मधु कुमारी, सरस्वती, प्रमिला देवी, आरती यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## समाज के लिए कोड़ा दंपति ने कोई कार्य नहीं किया : बड़कुंवर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** रविवार को जगन्नाथपुर शिशु मंदिर स्थित मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आदिवासी (उरांव मुंडा) जनजतीय सम्मेलन आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रुप से भाजपा के पूर्व मंत्री सह वर्तमान नव निमित प्रर्देश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा,भाजपा नेत्री जयारानी पाड़ेया, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजीत कोड़ा आदि उपास्थित थे. वही पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा नव निमित प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गगाराई का जगन्नाथपुर मुख्य चौक पर माला पहनाकर स्वगत किया.

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में बड़कुंवर गगाराई ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री आदिवासी उरांव मुंडा समाज कैसे आगे बढ़े इसपर वह काफी चिंतित है. जिसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज आगे बढ़ने के लिए राज्य सभा के सांसद समीर उरांव को जिम्मेदारी सौपी है. उसी के दिशा निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित की गयी।

इस मौके पर भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष धीरज सिंह, जितेंद्र गुप्ता, हरीश तांती ,पिंटू सिंह, महेश गगराई, राजकिशोर लकड़ा, मीना नाग सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता महिला और पुरुष उपस्थित थे।

# चांडिल में धूमधाम से निकला शोभायात्रा, धार्मिक गीतों पर खूब थिरके श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** श्री श्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा तथा श्रीराम सनातन समिति ने चांडिल में अलग अलग शोभायात्रा निकाली। सबसे पहले श्रीराम सनातन समिति ने चांडिल उगडीह पुराना पेट्रोल पंप स्थित बजरंगबली मंदिर से शोभायात्रा निकाली। यहां से चांडिल चौक बाजार होते हुए साधु बांध मठिया आश्रम में समापन हुआ। मठिया आश्रम में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई थी। इससे पूर्व आश्रम में हवन, पूजन व आरती हुई। इधर, श्री श्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा के कॉलेज मोड़ स्थित बड़ा हनुमान मंदिर में सुबह हवन - पूजन हुई। वहीं, विवेकानंद केंद्र में अखाड़ा की ओर से अयोध्या के राम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण आयोजित था। लाइव प्रसारण देखने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। दोपहर दो बजे के बाद विवेकानंद केंद्र से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो तांती बांध तक गई। तांती बांध से वापस डैम रोड तक गई। डैम रोड स्थित बामनी जुड़िया से शोभायात्रा पुनः विवेकानंद केंद्र पर आकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के साथ साथ नगर कीर्तन भी शामिल रहा। वहीं, शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों में प्रभु श्रीराम, माता सीता, बजरंगबली, राधा - कृष्ण, जम्बुवान आदि के पात्र थे। शोभायात्रा के दौरान डीजे पर धार्मिक गीतों को बजाए गए। उन्हीं धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु खूब थिरके। वहीं, जय श्री राम के जयकारे लगाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी राकेश वर्मा, अखाड़ा के अध्यक्ष मनोज सिंह, पप्पू वर्मा, सुखराम हेम्ब्रम, मधुसूदन गोराई, सारथी महतो, आशीष कुंडू, बोनु सिंह, नितेश तिवारी, कालो सोना महतो, समीर कुंडू, राजू दत्ता, सोमेन मोदक, रौशन गुप्ता, चंदन वर्मा, सनातन गोराई, खुदी सिंह, कांचन प्रमाणिक, साहेब सिंह, महेंद्र पोद्दार, प्रभात पोद्दार, रतन मोदक आदि मौजूद थे।



**रेडियम जैकेट पहनकर चप्पे चप्पे पर रही पुलिस मुस्तैद :-** चांडिल में शोभायात्रा को लेकर पुलिस - प्रशासन मुस्तैद रही।

चांडिल गोलचक्कर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। वहीं, छोटे वाहनों का रूट बदल दिया गया था। चांडिल बाजार में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर तथा चौका थाना प्रभारी शैलेंद्र टुडू दल बल के साथ मुस्तैद रहे। पूरे शोभायात्रा में पुलिस बल के जवानों को रेडियम जैकेट के साथ चप्पे चप्पे पर तैनात किया गया था। इसके अलावा सादे लिबास में भी पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था।

वहीं, नीमडीह के पितकी रेलवे फाटक से लेंगडीह तक नीमडीह सीओ प्रणव अम्बष्ट तथा थाना प्रभारी तांजिल खान दल - बल के साथ तैनात रहे।

संपादकीया

# क्या 'राम मंदिर' सियासत है?

**अयोध्या** में प्रभु राम का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विशुद्ध रूप से 'धार्मिक' है। राम मंदिर से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है, लेकिन इस समारोह से भाजपा को 'राजनीतिक लाभ' होना निश्चित है। धार्मिक और राजनीतिक के अंतर को समझना अनिवार्य है। एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक आयोजन को 'राजनीतिक' करार देना अपरिपक्वता है। महज कोसते रहने से कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं होगा। महात्मा गांधी ने 'राम राज्य', 'हिंद स्वराज' को व्यापक स्तर पर परिभाषित किया था, लेकिन वह भारत को 'हिंदू राष्ट्र' बनाने के खिलाफ थे। उनके दर्शन, उनकी आस्था और उनके राष्ट्रवाद को भारत ने गहराई से समझा और स्वीकार किया, नतीजतन वह 'महात्मा' बन पाए। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी को यह आत्मसात करते हुए अयोध्या पर अपने विचार देने चाहिए। कांग्रेस की राजनीति और धार्मिकता को पुनः परिभाषित करना चाहिए। भाजपा की तरह बनना अथवा भाजपा के राष्ट्रीय, आस्थामयी मुद्दे की सपाट आलोचना करना भाजपा को ही सशक्त करना होगा। राहुल गांधी ने इस बार धर्म को जिस तरह परिभाषित किया है और राम मंदिर को आरएसएस-भाजपा का 'राजनीतिक कार्यक्रम' करार दिया है, उसने कांग्रेस को ही उघाड़ कर रख दिया है। शायद राहुल को जानकारी नहीं होगी अथवा उनके सलाहकार भी अनाड़ी होंगे कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी हत्या से कुछ दिन पहले कहा था कि यदि कोई बाबरी मस्जिद को छूने की कोशिश करेगा, तो पहले उसे उन्हें मारना होगा। यह भी महत्त्वपूर्ण प्रसंग है कि राजीव गांधी ने 1989 में कांग्रेस का चुनाव-प्रचार फैजाबाद (तब अयोध्या का नाम) से शुरू किया था। कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने 1998 से 2004 के बीच कई बार बयान दिए थे कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस नहीं होना चाहिए था। यदि गांधी परिवार का कोई सदस्य सक्रिय राजनीति में होता, तो मस्जिद को ढहाने नहीं देता। सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि जब भी बाबरी मस्जिद की याद आती है, तो आंखों में आंसू आ जाते हैं। बहरहाल अब मस्जिद बनाम मंदिर के ऐसे बयान बेमानी हैं, क्योंकि संविधान पीठ के निर्णय के बाद भव्य राम मंदिर बन रहा है, लेकिन राहुल गांधी ने जिस तरह धर्म की व्याख्या की है और प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को महज एक राजनीतिक कार्यक्रम करार दिया है, वह उनका दोगलापन है। इसका भी एक तार्किक आधार है। राहुल गांधी बीते दिनों जब केदारनाथ धाम की यात्रा पर गए थे, तो उन्होंने ऐसा वस्त्र धारण किया था, जिस पर ओउम लिखा हुआ था। राहुल गांधी गुजरात चुनाव के दौरान 27 मंदिरों में गए, पूजा-पाठ किए, रुद्राक्ष धारण किए, मस्तक पर चंदन और अन्य लेप लगाए, तो उसे क्या कहेंगे? वह धर्म था अथवा धर्म के जरिए राजनीति करने का व्यवहार था! मध्यप्रदेश चुनाव के दौरान वह कमलनाथ के साथ एक मंदिर से बाहर आए थे, तो पूरी तरह धार्मिक लिबास और श्रृंगार में थे। ऐसे अवसरों पर उनका धर्म राजनीति से अलग क्यों नहीं रह पाता? राहुल गांधी को अपने कथन और व्यवहार में फर्क नहीं करना चाहिए, क्योंकि जनता उसी के आधार पर नेता और पार्टी की राजनीति को आंकती है। राम मंदिर को लेकर बहुत लंबा आंदोलन चला है और संघर्ष किया गया है। उसमें आरएसएस, विहिप और भाजपा के नेता और कार्यकर्ता ही शामिल थे। असंख्य लोगों ने बलिदान भी दिए। चूंकि अब संविधान पीठ के निर्णय से राम मंदिर बनाया जा रहा है, तो इस पर राजनीति करने से राहुल क्या हासिल करेंगे? उनके माता-पिता भी मस्जिद की चिंता करते रहे हैं, लेकिन जिन लुटेरों ने सनातन संस्कृति को नुकसान पहुंचाया और हजारों मंदिर, पूजास्थल ध्वस्त किए गए, उनकी चिंता कौन करेगा? यदि कांग्रेस राम मंदिर का सम्मान नहीं करना चाहती, तो फिर संघ परिवार को कोसने के मायने क्या हैं? क्या उससे मुस्लिम वोट बैंक पुख्ता होगा? महात्मा गांधी जैसे कांग्रेस के आदिपुरुष की राजनीति भी ऐसी नहीं थी। यह ऐसा समारोह है, जिसमें 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, हालांकि वे हिंदू राष्ट्र नहीं हैं।

राम मंदिर से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है, लेकिन इस समारोह से भाजपा को 'राजनीतिक लाभ' होना निश्चित है। धार्मिक और राजनीतिक के अंतर को समझना अनिवार्य है। एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक आयोजन को 'राजनीतिक' करार देना अपरिपक्वता है। महज कोसते रहने से कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं होगा। महात्मा गांधी ने 'राम राज्य', 'हिंद स्वराज' को व्यापक स्तर पर परिभाषित किया था, लेकिन वह भारत को 'हिंदू राष्ट्र' बनाने के खिलाफ थे। उनके दर्शन, उनकी आस्था और उनके राष्ट्रवाद को भारत ने गहराई से समझा और स्वीकार किया, नतीजतन वह 'महात्मा' बन पाए। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी को यह आत्मसात करते हुए अयोध्या पर अपने विचार देने चाहिए। कांग्रेस की राजनीति और धार्मिकता को पुन: परिभाषित करना चाहिए। भाजपा की तरह बनना अथवा भाजपा के राष्ट्रीय, आस्थामयी मुद्दे की सपाट आलोचना करना भाजपा को ही सशक्त करना होगा। राहुल गांधी ने इस बार धर्म को जिस तरह परिभाषित किया है और राम मंदिर को आरएसएस-भाजपा का 'राजनीतिक कार्यक्रम' करार दिया है, उसने कांग्रेस को ही उघाड़ कर रख दिया है। शायद राहुल को जानकारी नहीं होगी अथवा उनके सलाहकार भी अनाड़ी होंगे कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी हत्या से कुछ दिन पहले कहा था कि यदि कोई बाबरी मस्जिद को छूने की कोशिश करेगा, तो पहले उसे उन्हें मारना होगा।

राहुल की यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है

# राहुल गांधी की पिछली यात्रा से भी कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ था

ललित गर्ग

**कांग्रेस** के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 ज़िलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आम चुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है? भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान्‌महावीर ने अपने जीवनकाल में



अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्क़त यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज़ पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना तो उसका लाभ विपक्षी दलों को कैसे मिलेगा? जाहिर है इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस की चालाकी एवं चतुरता को महसूस कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई कमजोरी फ़िलहाल तो विपक्ष एवं कांग्रेस के पास नहीं है जिसे पकड़ कर इस यात्रा में हल्ला मचाया जाए, जनाधार बटोरा जाये। उल्टे अयोध्या और श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सत्ता पक्ष मज़बूत होता जा रहा है और इसके निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने पांवों पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यदि कांग्रेस या विपक्षी दल इस समारोह में भाग लेते तो उन पर लगा श्रीराम-विरोध एवं हिन्दू-विरोध का तगमा नहीं लगता, भाजपा का जनाधार का विस्तार भी निश्चित ही कुछ कम होता। राजनीति तो ऐसे अवसरों को पकड़ लेने का ही खेल है। परिवार एवं व्यक्तिवादी सोच कांग्रेस की विडम्बना एवं विसंगति है। वास्तव में कांग्रेस में वही होना है, जो राहुल गांधी चाहेंगे। यह स्वाभाविक है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें वह कितना कामयाब होते हैं, यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि उनकी ओर से किन मुद्दों को उभारा जाता है और उन पर क्या कहा जाता है? यह तो तय है कि राहुल गांधी भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखेंगे, लेकिन ऐसा करते हुए वह यदि जनता का ध्यान आकर्षित करने के साथ कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर पाते तो बात बनने की बजाय बिगड सकती है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह मोदी सरकार की आलोचना तो खूब करते हैं, लेकिन देश के समक्ष उपस्थित समस्याओं के समाधान का कोई प्रभावी तरीका नहीं बता पाते। राहुल गांधी देश को क्या जोड़ेंगे जब उनका इंडिया गठबंधन ही एकजुट नहीं हो पा रहा है।

न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 ज़िलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है।

दृष्टि कोण

# इंटरनेट अर्थव्यवस्थाः उत्साहित करने के साथ डराती भी है तीन दशक की यह यात्रा

**तीस** साल पहले की बात है। जनवरी का ग्यारहवां दिन था। जब सरकार, शिक्षा और संचार क्षेत्र की दो दर्जन से ज्यादा हस्तियां कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में आयोजित एक भविष्य-उन्मुखी सम्मेलन में शामिल हुई थीं, जिसका नाम था-'सुपर हाईवे समिट'। इससे जुड़ा एक दिलचस्प वाकया है। सम्मेलन का आयोजन दरअसल टेलीविजन, आर्ट्स व साइंसेज अकादमी के रिचर्ड फ्रैंक कर रहे थे, जिन पर चुटकी लेते हुए तत्कालीन अमेरिकी उपराष्ट्रपति अल गोर ने कहा, 'जो टेलीविजन पर नहीं आया, समझो हुआ ही नहीं।' ठीक ऐसा ही कुछ आप आज 2024 के लिए भी कह सकते हैं कि, जो इंटरनेट व सोशल मीडिया पर नहीं है, उसका अस्तित्व ही नहीं है। दुनिया में इंटरनेट के विकास का अलबत्ता एक लंबा इतिहास रहा है। एक तरह से देखें, तो सुपर हाईवे समिट के साथ ही इंटरनेट के सुपरहाईवे और इंटरनेट आधारित इकनॉमी की शुरुआत देखी जा सकती है। 1994 में एनसीएसए मोजैक और नेटस्केप के वेब ब्राउजर शुरू होने के बाद माइक्रोसॉफ्ट विंडोज एक्सप्लोरर यूजर्स के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू यानी वर्ल्ड वाइड वेब लाया। इस तरह एक छोटी-सी शुरुआत थोड़ा झिझकते हुए वैश्विक इंटरनेट इकनॉमी की तरफ बढ़ी। 2024 में विश्व की औसत आयु करीब साढ़े 30 वर्ष



अनुमानित है। इससे जाहिर होता है कि दुनिया की आठ अरब से ज्यादा आबादी का करीब आधा हिस्सा इंटरनेट के युग में ही पैदा हुआ है। पूरी दुनिया में इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या 5.3 अरब से ज्यादा है और यह लगातार बढ़ भी रही है। गूगल जो एक संज्ञा है, जवाब खोजने की क्रिया बन गई है। वेब (जाल) केवल वही नहीं रह गया, जो मकड़ियां बुनती हों। फिल्में व संगीत स्ट्रीम होने लगे हैं। सामाजिकता निभाने के लिए सोफे से उठने तक की जरूरत नहीं पड़ रही है। अभिव्यक्तियां संक्षिप्त होती जा रही हैं। अमेरिकी विज्ञान गल्प कथाकार इसाक असिमोव की सभी भविष्यवाणियां अब मोबाइल की स्क्रीन पर साफ दिख रही हैं। हालांकि बदलाव का चक्र काफी छोटा रहा है। सबसे ज्यादा उपयोग में लाए गए एप्लीकेशन और सबसे बड़ी इंटरनेट आधारित कंपनियां हालिया इतिहास का अंग हैं। 1994 तक अमेजॅन की पहचान दक्षिण अमेरिका की केवल एक शांत नदी होने तक सीमित थी। उबर कोई सवारी नहीं, बल्कि एक विशेषण था। मेटा (पूर्व नाम फेसबुक), एक्स (पूर्व नाम ट्विटर), सर्वव्यापी व्हाट्सऐप, स्पॉटिफाई, शॉपिफाई, बुकिंग डॉट कॉम, एयरबीएनबी, नेटफ्लिक्स इत्यादि कॉरपोरेट की दुनिया की जेनरेशन जेड में शुमार होते हैं। तकनीकी पहुंच को भारतीय परिप्रेक्ष्य में देखें, तो अलग ही कहानी दिखेगी। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को 1876 में टेलीफोन के लिए पेटेंट मिला। लेकिन, दो-तिहाई भारतीयों को 1990 के दशक तक फोन नहीं मिल सका था। इंटरनेट भी भारतीयों के नसीब में तब आया, जब 1995 में वीएसएनएल द्वारा मुहैया कराया गया। पर आज करीब 1.2 अरब भारतीय मोबाइल फोन और 80 करोड़ भारतीय इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। 53 करोड़ से ज्यादा लोग व्हाट्सऐप पर हैं और यू-ट्यूब के कुल 2.7 अरब यूजर्स का पांचवां हिस्सा भारत में है। इंटरनेट का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव ऑनलाइन भुगतानों में इसके बढ़ते उपयोग के रूप में दिखता है। भारत का डिजिटल सार्वजनिक मॉडल, आधार द्वारा प्रदत्त पहचान की बदौलत अब विकासशील दुनिया के लिए आदर्श बन चुका है। भारतीय राष्ट्रीय पेमेंट कॉरपोरेशन द्वारा दर्ज किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2023 में करीब 50 करोड़ आईएमपीएस भुगतान हुए। वहीं सर्वव्यापी यूपीआई प्लेटफॉर्म पर साढ़े 11 अरब भुगतान हुए। हालांकि वैश्विक आर्थिक विकास में इंटरनेट के योगदान पर निरंतर बहस चल रही है। मैकिंसे के अध्ययन के अनुसार, 2011 में इंटरनेट उपयोगकर्ता दो अरब थे, जबकि इंटरनेट आधारित इकनॉमी ने करीब 80 खरब डॉलर का योगदान दिया। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल इकनॉमी वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (वैश्विक जीडीपी) में 15 फीसदी से ज्यादा योगदान देती है और यह दुनिया की वास्तविक जीडीपी से ढाई गुना ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। ऑनलाइन भुगतानों से ग्राहक व कंपनियां, दोनों को फायदा पहुंचा है। बैंकों को बगैर ज्यादा शाखाएं खोले, बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का मौका मिला है। म्यूचुअल फंड ने ऑनलाइन पहुंच बनाकर बचतकर्ताओं को फंड व निवेश के नए अवसर देकर अपनी पहुंच बढ़ाई है। लेकिन इसमें जोखिम भी हैं। जैसा अमेरिका में देखा गया, जहां जमाकर्ताओं ने कुछ ही घंटों में अपने खाते खाली कर दिए। हालांकि अब कंपनियां और नियामक भी इन जोखिमों से वाकिफ हैं। यूक्रेन और पश्चिम एशिया के युद्धों में इंटरनेट आधारित आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताएं बढ़ती दिखी हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गोला प्रखंड के सभी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** अयोध्या में नव निर्मित राममंदिर में प्रभु श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत गोला सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी गावों में स्थापित मंदिरों में सोमवार को विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस कड़ी में डॉक्टर अजीत चितरंजन सेवा सदन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रभात फेरी के तहत नगर भ्रमण-शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा मेन रोड होते हुए गोला के अग्रवाल मुहल्ला, चौक बाजार, सुंडी टोला, काली नाथ चौक, पाठक टोला, जोड़ा शिवालय, बीएस रोड, बक्सी टोला होते हुए मंदिर में समापन किया गया। यहां तीन दिवसीय रामायण पाठ की पूर्णाहुति हुई। साथ ही भंडारा का आयोजन किया गया। इधर



सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला में सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। यहां प्रसाद वितरण के साथ भंडारा आयोजित हुआ। गोला के चित्रगुप्त मंदिर, जोड़ा शिवालय, प्राचीन महावीर मंदिर, महादेव मंडप, ठाकुर बाड़ी, सुवर्ण बनिक दुर्गा मंदिर आदि सभी धार्मिक स्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोला में हुई कार्यक्रमों में वंदना अम्बष्ट, सनत सिन्हा, कपिल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, कुंवर बक्सी, प्रदीप चंद्र लाला, अजय गुप्ता, रवि अम्बष्ट, सुशील बुधिया, जनार्दन पाठक, मनोज मिश्र, विजय ओझा, महेंद्र अग्रवाल, मोनू बुधिया, कृष्ण बल्लभ पाठक, अजय पाठक, प्रशांत सिन्हा, संजीव सिन्हा, जितेंद्र साहू, भगीरथ पोद्दार, जयंत पोद्दार, अतुल कुमार, आलोक मिश्र, अविनाश गुरु, राजेश गुप्ता, शैलेन्द्र सिन्हा, संजय बक्सी, विक्रम वर्मा, संजय रवानी, बजरंग रवानी, प्रदीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशीष भट्टचार्य, रितेश वर्मा सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## गौरी शंकर मंदिर उरीमारी में राम उत्सव मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के गौरी शंकर मंदिर स्थित सोमवार को अयोध्या में हो रहे हैं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव के नेतृत्व में मंदिर परिसर में राम उत्सव मनाया गया। वही मंदिर के पुजारी अनिल पांडे के द्वारा पूजा पाठ कराया गया। इस दौरान राजू यादव ने कहा कि आज पूरे देश में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दीपोत्सव मनाया जा रहा है। गौरी शंकर मंदिर में संध्या 5:00 बजे दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। वही मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत, संजय यादव,चन्दू जायसवाल,दीपक यादव,सीगू मांझी, भोला रविदास, संजय कुमार, अशोक कुमार, राधेश्याम रजक, रवि पावरीया,अजय कुमार मिश्रा,इन्द्रजीत पांडेय, बिनोद प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## फर्नीचर मॉल प्रतिष्ठान खुलने से आस पड़ोस के लोगों को मिलेगा रोजगार : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत बारलोंग पंचायत के बुध बाजार चौक हा॥ 23 के सड़क किनारे फर्नीचर मॉल का उद्घाटन किया गया गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी एवं रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो मुख्य रूप से शामिल हुए फर्नीचर मॉल का विधिवत रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया इस मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रतिष्ठान खोलने से स्थानीय लोगों को रोजगार की सुविधा मुहैया हो पाती है तथा सस्ते दर पर स्थानीय ग्रामीण खरीददारी कर सकते हैं, इस मौके पर माल के संचालक सुधीर शर्मा ने बताया कि सबसे सस्ता सबसे अच्छा फर्नीचर वर्क किया हुआ ग्राहकों को रियायत दर में दिया जाएगा इस मौके पर समाजसेवी पियूष चौधरी केंद्रीय सदस्य आजसू पार्टी अमृतलाल मुंडा,कुंदरु कला मुखिया किसुन राम मुंडा, लाल बिहारी महतो, बारलोग पंचायत मुखिया रेखा देवी, भोलानन्द प्रसाद समाजसेवी संजय शर्मा वीणा देवी शुभम कुमार संतुल शर्मा मेवालाल मिस्त्री,रंजीत शर्मा, मुकेश प्रसाद पूर्व मुखिया मथुरा प्रसाद,सहित कई दर्जन पास पड़ोस के ग्रामीण मौजूद थे।

## हवन के पश्चात नवकन्या को भोजन कराया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्री राम मंदिर में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को सम्पूर्ण देश राममय हो गया है। इसी के मद्देनजर गोला के बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में पिछले दो दिनों से अखंड रामचरितमानस का निरंतर पाठ चल रहा था। प्राण प्रतिष्ठा के दिन अखंड रामचरितमानस के पाठ का समापन हुआ। पाठ समापन के पश्चात हवन किया गया जिसमें चित्रांश महापरिवार के सभी महिला, पुरुष, बच्चे एवं बच्चियाँ हर्षोल्लास के साथ अपनी भागीदारी की। हवन कार्यक्रम के पश्चात खीर भोग का वितरित की गई तथा विधि विधान के साथ नवकन्याओं को भोजन कराया गया। संध्या के समय खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में युवाओं ने विशेष दमखम के साथ हिस्सा लिया।इस आयोजन में चित्रांश महापरिवार के उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिन्हा, सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा, सहसचिव रजनीश आनंद, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, उपकोषाध्यक्ष जीवन बक्शी, ज्योति कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, संजय बक्शी, सुमन कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, महेन्द्र बक्शी, संजीव सिन्हा(बाबू), अभिषेक सिन्हा, संदीप बक्शी, आनंद बक्शी, सुबोध बक्शी, सुमित बक्शी, प्रवीण बक्शी, प्रितेश बक्शी, अमन बक्शी सहित चित्रांश महापरिवार के सभी सदस्यों विशेष तौर पर महिलाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## पूर्व विधायक ममता देवी व पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो पहुंचे रजरप्पा मंदिर

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा के पुर्व विधायक ममता देवी व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने अयोध्या में प्रभु श्री राम की मूर्ति का पट्ट अनावरण के साथ प्राण प्रतिष्ठा किए जाने को लेकर झारखंड के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान किया गया।पुजा अर्चना के पश्चात् मां से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कीर्तन मंडली में शामिल होकर कीर्तन किए साथ ही भोग वितरण भी किए। इस मौके पर गौरी शंकर महतो कमलेश कुमार महतो माणिक पटेल पवन कुमार प्रदीप कुमार इंदु देवी पवन केवट मुकेश महतो लतीफ किशोर महतो सहित कई लोग शामिल थे।



## बिरसा परियोजना में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन शुरू, कल भंडारे का साथ होगा समापन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के बिरसा परियोजना में सोमवार को 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रुप से विस्थापित नेता दसई मांझी, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिव दास, बिरसा चिप मैनेजर रामेश्वर मुंडा, दिनेश करमाली उपस्थित हुए।वहीं विस्थापित नेता दसई मांझी ने कहा कि आज बिरसा परियोजना में सुख शांति को लेकर परियोजना परिसर में अखंड हरी कीर्तन किया जा रहा है। जिससे सभी लोगों में धार्मिक आस्था व भावना बनी रहती है। बता दें कि 23 जनवरी को महाभंडारे के साथ पुजा संपन्न होगी। वहीं इस मौके पर सुखु मांझी, कार्तिक मांझी, रैना टुडू, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, संतोष प्रजापति, नकुल प्रजापति, तालो हंसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, लालजी पावरिया, सुरेंद्र हंसदा, बसंत सोरेन, पूरन टुडू,सुबित राम किस्कू, बुधन करमाली, भनदु करमाली, भादो करमाली, अनिल मुर्मू ,चौपेलाल मांझी, मच्चू हंसदा, बिनोद सोरेन, धनलाल बेदिया, कल्लू हांसदा,महालाल टुडू,सावन बेसरा, प्रकाश हांसदा, जितेन्द्र टुडू आदि लोग मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया ने किया लक्ष्मी मोबाईल दुकान का उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड के बेल चौक के समीप लक्ष्मी मोबाईल सह रिपेयरिंग सेंटर का उदघाटन कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु ने फीता काटकर किया। मौके पर अनूप अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, संतोष यादव, अशोक साव, प्रिंस कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए। मुखिया ने कहा कि कुंदा जैसे क्षेत्र में मोबाईल सेल और सर्विस सेंटर खुलना यहाँ के वरदान साबित होगा यहाँ के लोगों को सस्ते दाम पर मोबाइल उपलब्ध है। संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे यहाँ सभी तरह मोबाईल व एंड्रॉइड मोबाईल, कभर, ग्लास, हेडफोन, बैट्री समेत प्रकार के समान उपलब्ध है। दुकान उदघाटन के अवसर पर ग्राहकों को विशेष छूट दिया जा रहा है।

# राममय हुआ सिमरिया चौक, राम नाम से झूम उठे राम भक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अयोध्या में भगवान श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा देख राम भक्त झूम उठे। प्रखंड मुख्यालय का सिमरिया चौक जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। यहां भारी संख्या में लोग प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख रहे थे। इधर संकट मोचन हनुमान मंदिर में अखंड हरी कीर्तन का समापन हुआ और औरंगाबाद से आई संस्कृत मंडली ने अपनी प्रस्तुति प्रारंभ की। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सिमरिया के शिवालय और संकट मोचन मंदिर में दस क्विंटल खीर का वितरण किया गया। बानासाड़ी मंदिर में और केवटा मंदिर में घी का लड्डू बाटा गया। इस बीच विभिन्न गांव से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो सिमरिया चौक पहुंची जहां जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। साथ हीं डीजे के धुन पर राम भक्त जमकर झूमे। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सभी चौक चौराहे भगवा ध्वज से पटे हुए थे। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां निरंतर पूजा अर्चना की जा रही थी। पूजा अर्चना से लेकर शोभा जुलूस में महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी दिखी। प्राण प्रतिष्ठा के खुशी में राम भक्तों ने जमकर पटाखे छोड़े। जयकारे लगे और बनासाड़ी का मंदिर गंगा आरती से गूंज उठा। यहां बनारस से आये आचार्यो ने मंत्र मुग्ध कर देने वाली आरती उतारी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से प्रखंड का माहौल भक्ति में बना हुआ है और सर्वत्र भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है।

## उपायुक्त ने इकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं करने वाले एजेंसी को दिया अंतिम मौका

➲ कहा इस अवधि में अगर लापरवाही बरती जाती है तो योजनाओं को बंद कराते हुए की जाएगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला खनिज फंडेशन ट्रस्ट मद के अन्तर्गत विभिन्न प्राथमिकता प्रक्षेत्र में यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, मृदा संरक्षण, आदि से संबंधित विकास योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत कार्यान्वयन एजेंसी (PIA) वार वैसी योजनाएं जिनका एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो गई है। इसे लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान सख्त निर्देश और अंतिम मौका देते हुए कहा कि उन योजनाओं को दिनांक 30.01.2024 तक पूर्ण कराएं। अन्यथा योजनाओं का मापी कराकर यथा स्थिति योजना को बंद करा दिया जाएगा। कार्यापालयक अभियंता, ग्रा0वि0वि0प्र0, चतरा के द्वारा क्रियान्वित कराये जा रहे पथ निर्माण की योजनाओं के अन्तर्गत 34 पथ निर्माण की योजनाओं का एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण होने की अविध वर्ष 2023 एवं 12 जनवरी 2024 तक समाप्त हो गई है। इन योजनाओं को 30 जनवरी 2024 तक कार्य पूर्ण करने का निदेश पूर्व में दिया गया है। इस तिथि तक योजनाएं पूर्ण नहीं कराने पर अद्यतन मापी कराकर यथा स्थिति योजना को बंद करा दिया जायेगा। पूल निर्माण की 04 योजना एकरारनामा के अनुसार वर्ष 2023 एवं 12 जनवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना था। जिसे 10 मार्च 2024 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया है। विद्यालय की चहारदिवारी का निर्माण की 01 योजना को इकरारनामा के अनुसार 05 सितम्बर 2022 तक पूर्ण किया जाना था। योजना अब भी लंबित है, इसे 15 मार्च 2024 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया है। कार्यापालयक अभियंता, आर0ई0ओ0, चतरा के द्वारा क्रियान्वित कराये जा रहे पथ निर्माण की योजनाओं के अन्तर्गत 19 पथ निर्माण की योजनाओं का एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण होने की अविध वर्ष 2023 एवं 17 जनवरी 2024 तक समाप्त हो गई है।

# रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामउत्सव की भक्ति में डूबा कुन्दा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुन्दा रामोउत्सव की भक्ति रस में डूबा रहा।इसके लिए भक्तों द्वारा तीर्थ स्थल महादेव मठ को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।वही वर्षो से इंतजार कर रहे रामभक्त अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होते ही जमकर खुशियां मनाए व तीर्थ स्थल में श्री राम का झण्डा लहराकर भगवान राम की भक्ति का इज़हार किया।वही अयोध्या में हो रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण विवाह मंडप में पूरे तैयारी के साथ रामभक्तों को दिखाया गया।इसके साथ ही हवन पूजन व भंडारे का भी आयोजन तीर्थ स्थल में किया गया।वही पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महादेव मठ में आयोजित कार्यक्रम को लेकर संपूर्ण सहयोग किया।वही सुरक्षा व्यवस्था का कमान थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह संभाल रहे थे। जबकी प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती व एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी व्यवस्था पर नजर बनायें हुवे थे।मौके पर कुन्दा मुखिया मनोज साहु, उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता,रिंकू सिंह, शुभम कुमार, बैजनाथ साहू, विनय सिंह, अजित मिश्रा, बंटी कुमार, छोटू कुमार, विक्की, पवन गुप्ता समेत कई रामभक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया।

## विद्यालय के बच्चें ने निकाला शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित शिशु विद्या मंदिर के बच्चे एवं बच्चियों ने राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना की शुभ अवसर पर शोभायात्रा निकाला। एवं कई झांकियां प्रस्तुत किया। जहां राम जी सीता जी लक्ष्मण जी हनुमान जी व अन्य देवी देवताओं का झांकी भी शोभा यात्रा के तहत प्रस्तुत करते दिखे। साथ ही साथ जय श्री राम जय श्री राम के नारा लगाते हुए बच्चे बच्चियों ने क्षेत्र का भ्रमण किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका भी साथ में सम्मिलित थे।

## मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर उपायुक्त ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 संपन्न होने के उपरांत आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिले के हर एक मतदान केंद्र पर एवं प्रखंड स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर किया गया। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, चतरा श्री अबु इमरान ने जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के राजकियकृत मध्य विद्यालय हफूआ मतदान केंद्र संख्या 116, 117 एवं 118 का निरीक्षण किया और#IamReadyToVote अभियान में शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी युवा मतदाताओं को मतदान के अधिकार व महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप हमेशा मताधिकार का प्रयोग करें।उक्त मौके पर उप निर्वाचान पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थिति थे।

### मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर एसडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 संपन्न होने के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अनुमण्डल के हर एक मतदान केंद्र पर एवं प्रखंड स्तर पर किया गया। इसे लेकर निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज, बीडीओ नीतू सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया और # IamReadyToVote अभियान में शामिल हुए। एसडीओ ने सभी युवा मतदाताओं को मतदान के अधिकार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप हमेशा मताधिकार का प्रयोग करें। मौके पर कई अनुमण्डल कर्मी एवं प्रखण्ड कर्मी शामिल थे।

# दिन भर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहे जिला प्रशासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत लगभग सभी मंदिरों में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना को लेकर मंदिरों में लोग पूजा अर्चना किया। एवं मंदिरों को खूब साज धाज के साथ साथ पुरे क्षेत्र में भगवा मय देखा गया। इसी बीच प्रशासन भी जगह-जगह पर मुस्तैद दिखे। प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो एवं थाना प्रभारी गुलाम सरवर की पहल जबरदस्त दिखा। लगभग सभी जगह पर प्रशासन दिखे।

## सड़क दुर्घटना में केवीएस के शिक्षक सहित दो युवती घायल, दो रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के हुरणाली मोड के समीप रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में केवीएस के एक शिक्षक सहित दो युवती घायल हो गए। घायलों में शिक्षक विकास सिंह और हर्षनाथपुर कि युवती शिक्षा सिंह को सिमरिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। जबकि उसकी बहन सेजल सिंह का इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक तीनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर हजारीबाग से सिमरिया घर वापस आ रहे थे। हुरणाली जंगल के समीप तीखे मोड में पहुंचते हीं मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई और एक पेड़ से टकरा गई। जिससे तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिमरिया अस्पताल को दी इसके बाद उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सिमरिया अस्पताल लाया गया। हालांकि घायल शिक्षक हेलमेट नहीं पहने हुए थे जिसके कारण उन्हें सर पर गंभीर चोट लगी है।

# लातेहार की खबरें

## श्री राम जानकी मन्दिर परिसर से निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** हेरहंज श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हेरहंज प्रखण्ड मुख्यालय में सुबह 10 बजे निकली गई। भव्य कलश शोभायात्रा। कार्यक्रम की शुरुआत हेरहंज श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश शोभायात्रा में लगभग 500 कलश की व्यवस्था समिति के द्वारा की गई। यह शोभायात्रा यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारम्भ होते हुए बाजार टाँड़ से करनदाग नदी तट पहुंची।जल भरने के ततपश्चात जुलूस पुनःबाजार टाँड़ होते हुए देवी मण्डप हेरहंज, हनुमान मंदिर होते हुए श्री राम जानकी मंदिर पहुंची। जहाँ जलाभिषेक करते हुए विधिवतः पूजा आर्चना कि गई। सोमवार की शाम में दीपोत्सव करते हुए महाआरती की गई। महाआरती में भी श्रद्धालुओं की काफी भिंड़ हुई। ततपश्चात समिति के द्वारा भंडारा में महाप्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही श्री राम जानकी मंदिर परिसर के आंगन मे बच्चों के द्वारा श्री राम की प्रतिमा सहित कई रंगोली बनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष कुमार एवं मनीष साहू के द्वारा की गई।

# बालूमाथ में निकाला गया भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बालूमाथ में उत्सव का माहौल देखा गया। बालूमाथ महावीर मंदिर, बड़का बालूमाथ शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर चटी टोला, शिव मंदिर ब्लॉक, दुर्गा मंदिर आदर्श नगर, हनुमान मंदिर मेंन रोड, शिव मंदिर टमटम टोला, समेत प्रखंड क्षेत्र के आरा, चमातू, सेरेगड़ा, के सभी मंदिर के मंडप को आकर्षक रूप से सजाया गया था। वही सुबह से ही सभी मंदिरों में वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना करने के बाद बालूमाथ में एक भव्य शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा महावीर मंदिर से आरंभ होकर थाना चौक, आदर्श नगर ब्लॉक, बड़का बालूमाथ, टमटम टोला होते हुए भामाशाह नगर देवी मंडप में जाकर समापन की गई। शोभा यात्रा में शामिल हजारों राम भक्त भगवा झंडा लेकर एवं भगवा वस्त्र धारण कर जय श्री राम, घर घर भगवा छायेगा-राम राज्य आएगा, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, समेत कई नारा लगाते हुए बैड बाजा के धुन पर जमकर थिरके।इधर महिलाएं भी मंदिरों में भजन कीर्तन कर भक्ति गानों में थिरकते नजर आए। वही सभी मंदिरों में भंडारा चलाया गया। इधर बालूमाथ मुरपा मोड़ से टमटम टोला ,बड़का बालूमाथ एवं बाजार ताड समेत कई टोला मोहल्ला में भगवा झंडा पूरे शहर को पाट दिया गया ।बालूमाथ थाना परिसर में शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान के रूप में पूडी बुंदिया प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार समेत कई लोगों ने वितरण किया। पूरे शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आई इस दौरान लोग अपने-अपने घरों को आकर्षक रूप से सजाया एवं संध्या होते ही दीप जलाकर उत्सव मनाया। इस मौके पर महावीर मंदिर के प्रयाग साब, अर्जुन कुमार ,उपेंद्र रंगीला, शैलेश सिंह, लालदेव गंझू,अखिलेश भोगता, शैलेश सिंह, पंचानंद पांडे सुनील गुप्ता, अमर ठाकुर, अरुण साव, रामकुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, गुड्डू कुमार, विकास कुमार, सकेंद्र साहू, प्रेम प्रसाद गुप्ता, पप्पू विश्वकर्मा, गंगेश्वर यादव ,गंगेश्वर यादव, संजय यादव, प्रीतलाल यादव, सागर कुमार, नरेश लोहरा, तुलसी राम, नामेश्वर गुप्ता, समेत 5000 श्रद्धालु शामिल हुवे।

## बारियातु प्रखण्ड क्षेत्र के मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र मे सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। साथ ही I am ready to vote कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्वाचन सहायक अलोक दूवे ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनिरिक्षण कार्यक्रम 2024 के क्रम में 2650 नये नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोडा गया, 883 एएसडी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से बिलोपित किया गया एव 2015 मतदाताओं के विवरणी मे संशोधन किया गया। इस प्रकार बारियातु प्रखण्ड अंतर्गत वर्तमान में पुरुष मतदाताओं की संख्या 22475 महिला मतदाता की संख्या, 21999, कुल 44474 मतदाता हुए।

# लातेहारः धूमधाम से की गई रामलला की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर सोमवार को लातेहार जिला राम मय हो गया। शहर के मुख्य सड़कों पर बजरंगी झंडों एवं राम की चुनरीयों से मंदिरों को सजाए गए जिससे काफी अद्भुत और सुंदर दृश्य देखने को मिल रहा था। श्री रामलला का पूजा और अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिल रही थी।श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और भक्ति के साथ श्री रामलला का पूजा अर्चना किया वहीं सुहागिन महिलाओं ने श्रीराम जी से पति की दीर्घायु उम्र होने की कामना की।सुबह से ही श्रीराम जी का भजन से पूरा इलाका गूंज मान हो गया और राम भक्त श्री राम के भजन का आनंद उठा रहे थे वहीं लातेहार में राम भक्तों का जुलूस और शोभा यात्रा निकाली गई जहां महिला पुरुष एवं बच्चे इस सौभा यात्रा में सामिल थे।इस दौरान सबके मुख पर एक ही नाम था जय श्री राम जय श्री राम वहीं शोभायात्रा का नेतृत्व स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम कर रहे थे। **पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर स्वयं डीसी और एसपी कर रहे थे पूजा स्थल का निरीक्षण :** वहीं जिला प्रशासन के द्वारा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर काफी मुस्तैद दिखाई दे रहे थे और चौक चौराहों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस बल की तैनाती की गई थी वहीं जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एसडीओ मोहम्मद आफताब आलम अंचलाधिकारी देवाशीष टोप्पो स्वयं पतरातु डीही नवागढ़ के पूजा स्थलों का निरीक्षण किया कमेटी के सदस्यों को अच्छे से पूजा संपन्न कराने की बात कही इस दौरान उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि आप लोग अच्छे से पूजा संपन्न करें। अगर किसी के द्वारा पूजा को भंग करने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें ताकि वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।वहीं एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि आप लोगों को अगर किसी पर संदेह होता है कि इसके द्वारा माहौल बिगड़ने का प्रयास किया जा रहा है या पूजा में बाधा डालने का प्रयास किया जा रहा है तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें उसके विरुद्ध तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **पतरातू ग्राम में बड़े ही धूमधाम से की गई रामलला की पूजा :** लातेहार सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के पतरातू ग्राम में बड़े ही धूमधाम से श्री रामलला की पूजा और अर्चना की गई। कमेटी के सदस्यों के द्वारा मंदिर को सजाया गया जिससे काफी सुंदर और अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा था वहीं पूजा उपरांत भंडारा का भी आयोजन किया गया जहां काफी संख्या में लोग भंडारा का आनंद उठाएं वहीं कमेटी के सदस्य पवन चरण, चंदन साव, रवि पांडे, विनय पांडे ददन साव संजय साव अवधेश पांडे अमित चरण शिशुपाल सिंह पिंटू सिंह देवेंद्र प्रसाद सुरेंद्र मिस्त्री प्रमोद प्रसाद ने बताया कि शाम 7:00 बजे से भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया है जहां बाहर से संगीतकार आएंगे।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र हुआ राममय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, सिबला, टोटी, अमरवाडीह, साल्वे, डाढा, फूलसु बालूभाँग, के लगभग सभी गाँवो में अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र राममय हो गया, सुबह से ही सभी मंदिरों मे राम भक्तों का आगमन व पुजा अर्चना .प्रारम्भ रहा, बारियातू में हिंदू परिषद महामंत्री चंदन कुमार के नेतृत्व में जय श्री राम के जयकारे के साथ शोभा यात्रा निकाला गया साथ ही हजारो द्वीप जलाकर द्वीप उत्सव मनाया गया। अरविन्द प्रसाद गुड्डुल ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान रामलीला की नवनिर्मित मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया गया है .जिसको लेकर भक्तों ने जयकारे के साथ भजन कीर्तन द्वीप उत्सव कार्यक्रम किया. प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर में मुख्य पुजारी जनार्दन पाण्डेय, पुरुषोत्तम शर्मा, व काशीनाथ वैध, साल्वे मे विपुल मिश्र ने पुजा अर्चना हवन कराया जहाँ श्रधालु विनोद मिश्रा, मनोज सिंह, आनंद सिंह, मुकेश गंझु, तेजु गंझु रामचंद्र ठाकुर, सुनील सिंह, कुन्दन सिंह, मोनु ठाकुर, मोहन राणा, राहुल सिंह झुमन गंझु सहित सैंकडों श्रधालु सामिल रहे। वही, बालुभांग मे अभिनाष पाठक के भाटचतरा मे कृष्णा मिश्र सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों मे स्थानीय मुख्य पुजारीयों ने सभी गाँवो में सत्संग हवन कराया साथ रात्रि मैं हजारों द्वीप जलाकर दीपावली मनाया गया। जय श्रीराम के गूंज से पुरे क्षेत्र राम मय हो गया। इधर बारियातू श्रीराम मंदिर सहित कई सार्वजनिक मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंदों के बीच दिगंबर जैन पंचायत ने कंबल व फल का किया वितरण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्री रामलला के आगमन की खुशी में दिगंबर जैन पंचायत में भी काफ़ी उत्साह व उमंग नजर आया।आपको बताते चले की मौके पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व फल का वितरण किया गया। बडम बाजार जैन मंदिर के समीप आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद जयंत सिन्हा भी शामिल हुए। समाज के महामंत्री पवन अजमेरा ने कहा कि श्री राम जन जन के आराध्य है उनका आगमन हमे ही नही पूरे विश्व को खुशियां और उमंग देने वाला है,फल और कंबल वितरण करते हुए जैन युवा परिषद के अध्यक्ष अमर जैन ने कहा की आज ऐसा प्रतीत हो रहा है कि रामराज्य आ गया है, लोगों के उत्साह की कोई सीमा नही है,वही मंजू जैन ने कहा कि आज पूरा विश्व राममय हो गया है।परिषद के सचिव राजेश सेठी ने इस शुभ दिन की बधाई देते हुए कहा कि श्री राम जी अयोध्या में आ गए है अब हम सभी को रामराज्य की कल्पना को मूर्त रूप देने के लिए अपने मन,वचन दोनो में प्रभु श्री राम के चारित्र को आत्मसात करना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री पवन जैन अजमेरा,संयुक्त महामंत्री पिंटू छाबड़ा,कोषाध्यक्ष सुशील पाटनी,उपाध्यक्ष जेपी विनायका,कार्यकारिणी सदस्य निर्मल जैन, टोनी सेठी,दिलीप अजमेरा,सुनील जैन,धीरज पाटनी,सुबोध सेठी, विजय लुहाड़िया,समाज के वरिष्ठ सदस्य कमल जैन विनायका,निर्मल जैन विनायका,टोनी जैन ,सुनील विनायका,सुनील लुहाड़िया, जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष अमर जैन विनायका,राजेश सेठी,अभय छाबड़ा,आलोक कासलीवाल,मुख्य सदस्य संजीव अजमेरा,विपिन पाटोदी,नीलेश छाबड़ा,रितेश बड़जात्या, टुन्नू काला,विनीत जैन उर्फ लक्की समेत महिला समाज की मंजू जैन छाबड़ा,आशा बड़जात्या,मंजू सेठी,मीनाक्षी विनायका का अप्रतिम योगदान रहा।

### दामोडीह में हुआ 1008 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को हुए अयोध्या में ऐतिहासिक रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हजारीबाग भी राममय हो गया।जिले के विभिन्न मंदिरों में धर्मिक आयोजन किए हुए। इसी कड़ी में दामोडीह शिव मंदिर में आज 1008 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी संजीव मिश्रा ने बताया कि गांव के युवाओं और मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया गया। पाठ के बाद 108 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। समारोह में महादेव साव, अजय साव , लालू साव सुरेन्द्र साव, जागेश्वर साव, मनीष साव,मनोज पासवान,रोहित कुमार, प्रकाश साव?,मिथिलेश साव समेतअनेक सनातन धर्मावलम्बी मौजूद थें।

### श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर राममय हुआ हजारीबाग, रामभक्ति की जुनून में डूबे गांव कस्बे

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीब 5 सौ सालों का इंतजार समाप्त होने के साथ हीं सनातनियों के लिए एक नए युग का शुभारंभ हुआ। राम जन्मभूमि अयोध्या में सदियों बाद टेंट से निकलकर भगवान श्री रामलला अपने मंदिर में पधार गए। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के अवसर पर हजारीबाग भी राममय हुआ। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के लगातार 20 दिनों के अथक प्रयास और मेहनत का प्रतिफल सोमवार को दिखा जब गांव- कस्बों से भी राम भक्ति की अद्भुत बयार बहती दिखी। हजारीबाग के चप्पे- चप्पे को जहां भगवा पताकों से पाट दिया गया वहीं हर मंदिर रामभक्तों की उपस्थिति से गुलज़ार रही। इस ऐतिहासिक भव्य, दिव्य और अभूतपूर्व कार्यक्रम में गवाह बने विधायक मनीष जायसवाल खुद अहले सुबह से लेकर देर शाम तक भक्ति भाव में लीन होकर क्षेत्र में राम भक्तों का उत्साहवर्धन करते दिखे । विधायक मनीष जायसवाल ने इस ऐतिहासिक दिन की शुरुआत अपने आवासीय परिसर में पूजा- पाठ से की। जिसके बाद हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 पंचायत के कई गांव में सघन दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत ग्राम पंचायत ओरिया से की। यहां ओरिया ग्राम वासियों के द्वारा निकाले गए सौहार्दपूर्ण शोभायात्रा में शामिल हुए और हाथों में भगवा झंडा लहराकर लोगों का उत्साहववर्धन किया। यहां से ग्राम पंचायत सिलवार खुर्द स्थित भगवान जगन्नाथ धाम मंदिर परिसर पहुंचे जहां जगन्नाथ मंदिर में विशेष रामोत्सव के पुजनोत्सव में भाग लिया। यहां स्थानीय महिलाओं द्वारा मधुर मंगल गीत का श्रवण किया और राम भक्तों का मान बढ़ाया। चुटियारो पंचायत स्थित ग्राम डूमर में ग्राम वासियों द्वारा निकाले गए जीवंत राम जानकी झांकी का अवलोकन किया और बाल कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। ग्राम पंचायत मेरू पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल का आतिशबाजी की गूंज के साथ भव्य स्वागत किया गया। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने भी पटाखे फोड़े और आकर्षक श्री राम रथ का अवलोकन किया। मेरू के एक बाल कलाकार को वीर बजरंगबली के रूप में देख विधायक मनीष जायसवाल भी मोहित हो गए। यहां विशाल भगवा महावीरी पताको को लहराता देखना एक अद्भुत अनुभव रहा। मेरू के बाद अमनारी पंचायत के ग्राम सेखा पहुंचे। यहां सेखा धाम परिसर में संपूर्ण ग्राम वासियों की एकजुट और पूजा पाठ में लीन देख विधायक मनीष जायसवाल ने उनके बीच घंटों समय व्यतीत किया। सेखा ग्राम वासियों ने भी विधायक मनीष जायसवाल का अंग- वस्त्र भेंट कर बड़े ही आत्मीयता से स्वागत किया । शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कई कार्यक्रमों में विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामकाज में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की। वे सरदार चौक स्थित काली बाड़ी मंदिर में प्रसाद वितरण में शामिल हुए और आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। जीटीसी चौक पर लड्डू वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने हाथों से रामभक्तों के बीच लड्डू का वितरण किया। यहां राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का बड़े स्क्रीन में लाइव प्रसारण भी लोगों के साथ देखा।

## बड़वार में रुद्राभिषेक व रामलला पूजा हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के बड़वार गांव के बागीटोला में शिवमंदिर में प्रभु श्री राम का पूजा बहुत ही बड़े धूम धाम से हुई। इस पूजा में मुख्य पुजारी के रूप में राजकुमार यादव व उनकी धर्म पत्नी मुनियाँ देवी के द्वारा किया गया। पूजा समापन होने के बाद प्रसाद एंव साथ मे खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण किया। जिसमें पुष्पार्पण, दर्शन एवं दीप प्रज्ज्वलित,ईश्वरस्तुतिप्रार्थनोपसना, विशेष पूजन,सर्व कल्याण हवन प्रारम्भ,हनुमान चालीसा पाठ,यज्ञ प्रार्थना, संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रारम्भ , दिव्य शंखनाद,भोग वितरण, ब्राह्मण भोजन सह भण्डारा प्रारंभ, सुन्दरकाण्ड पाठ विराम ,दिव्य आरती , प्रसाद वितरण ,दिवाली ,भोग,भोग वितरण तत्पश्चात पटबन्द किया गया। इस पूजा में मुख्यरूप से बड़वार ग्रामीण परमेश्वर महतो , राजकुमार यादव, पिंटू कुमार यादव, रणबीर कुमार, नरेश यादव, संतोष यादव, अजय यादव , भुखन यादव, दिलीप यादव, विक्रम यादव , विकाश यादव, निरंजन यादव, हीरा लाल यादव, बलराम यादव , पवन यादव, सुरेश यादव एंव बड़वार के कई राम भक्त शामिल थे ।

## जय श्री राम के जय घोष से गुंजायमान हुआ भामाशाह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** सप्ताह का प्रथम दिवस पर प्रभु श्रीराम के अयोध्या मंदिर के प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ राम दरवार के समक्ष किया गया।सभी भैया बहनों में उत्साह देखते बन रही थी। मानो आज पुनः राम अपने दलबल के साथ पधार रहे हों। विद्यालय के सभी द्वारों को बंदनबार से सजाया गया। जिसकी शोभा देखते ही बन रही थी।भजन कीर्तन का अनुपम समां बँधा था।विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज पुनः रामराज की शुरुआत हो गई है हम पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो गये हैं। साथ ही कहा कि अब हमारे राम लल्ला टेण्ट में नहीं रहेंगे, अब अपने भव्य श्रीराम मंदिर में निवास करेंगे। संध्या को विद्यालय में दीपोत्सव का आयोजन किया गया है।मौक़े पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्य की उपस्थिति रही।

## विद्या मंदिर कुम्हार टोली में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन सोमवार को हुआ द्य विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा चतुर्थ से लेकर कक्षा द्वादश के भैया- बहनों ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा दी द्य इस परीक्षा में 1125 भैया-बहनों की उपस्थिति रही द्य मौके पर विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन समेत विद्यालय के आचार्य बंधु -भगिनी उपस्थित थे ।

## यूथ विंग ने गौशाला में मनाया दीपोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या नगरी में भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कार्यक्रम के बीच हजारीबाग शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में भव्य दीप उत्सव का आयोजन किया गया। 1008 दीप से गौशाला के प्रांगण को सजाया गया।इससे पूर्व राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती किया गया। वही गौशाला



कर्मचारियों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में गौशाला के समस्त कर्मचारियों के साथ आसपास क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे सभी ने दीप प्रज्वलित कर खुशी मनाया। अंत में सभी के बीच लड्डू महा प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने सभी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। 5 सौ वर्षो के बाद यह दिन आया है। साथ ही उन्होंनेकहा कि गौशाला के कर्मचारियों के साथ इस उत्सव को मना कर काफी अच्छा लगा। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल विकाश तिवारी, डॉ वी वेंकटेश, पन्ना लाल जैन, शोभा जैन, लता जैन, वर्षा जैन, वसंता लक्ष्मी, प्रिशा जैन एवं उदित तिवारी समेत कई अन्य मौजूद थे।

## राम भक्ति में लीन दिखे प्रखण्ड वासी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** रामजन्मभूमि अयोध्याधाम में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठ के रामोउत्सव को मनाते हुए सोमवार को पूरे प्रखंड में भक्ति का अद्भुत नजारा दिखा।कहते सुना गया कि भक्ति भाव का ऐसा दृश्य इससे पहले कभी नहीं देखा गया।क्या बच्चे और क्या बूढ़े सभी भक्ति के सागर में डुबकी लगा रहे थे। इस पावन और ऐतिहासिक मौके पर दुकानें स्वतः बंद रहीं।प्रखंड भर के लगभग तीन हजार मंदिरों को सजाया संवारा गया था।रविवार देर रात तक मंदिर रोशनी से नहाते रहे। सोमवार रात तक सारे मंदिर रोशनी से सराबोर रहेंगे।हर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु महिला पुरुषों का तांता लगा रहा।बच्चे भी इसमें शामिल रहे।हर एक के माथे पर सनातनी निशान तिलक सुशोभित हो रहे थे।जगह जगह झांकियां निकाली गईं।इनमें राम दल व बढ़ी टोला की झांकी शामिल है। रविवार से ही जश्न की शुरुआत हो गयी थी।कहीं सुंदर कांड का सामूहिक पाठ चल रहा था तो कहीं हवन हो रहा



था।दृश्य अकल्पनीय था।विष्णुगढ़ का एकलौता मुगलकालीन वंशीधर मंदिर,राम मंदिर,काली मंदिर,सार्वजनिक दुर्गा मंदिर,गणपति मंदिर,बजरंबली मंदिर, शिव पार्वती मंदिर, हनुमान बागी हनुमान मंदिर तथा जमुनिया डैम हनुमान मंदिर को सजाया गया था।अखाड़ा चौक के वंशीधर मंदिर की विद्युत सजावट मन मोहक थी।विष्णुगढ़ के अलावा प्रखंड के खरना, बकसपुरा, चानो, अचलजामो, हेठली मुरगांवों, गोविंदपुर, करगालो, बनासो, गाल्होबार समेत हजारों मंदिरों में सनातनियों की भारी जुटी।मंदिरों में प्रसाद स्वरूप खीर बांटे गए।पटाखे जलाकर खुशियां मनाई गई।

## कोनार में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर की गई आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित कम्युनिस्ट सेंटर कोनार डैम में रविवार को दामोदर घाटी निगम कोनार बांध परियोजना निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.), कोनार डी.वी.सी (सीएमआर) डिस्पेंसरी, कोनार एवं नेताजी आई हॉस्पिटल और रामचंद्रपुर, पुरुलिया के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों के द्वारा सैंकड़ों से अधिक मरीजों का निःशुल्क नेत्र जांच किया गया साथ ही मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी दी गई। मोतियाबिंद के लिए चयनित सभी मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर के मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा एवम डी0वी0सी0 सीएसआर के पदाधिकारी उपस्थित हुए। मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने बताया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के द्वारा प्रत्येक वर्ष निःशुल्क मोतियाबिंद जांच



एवं ऑपरेशन शिविर लगाया जाता है। आज के शिविर में नेताजी आई हॉस्पिटल रामचंद्रपुर के चिकित्सकों के टीम के द्वारा 130 से अधिक रोगियों को निःशुल्क और बेहतर रूप से जांच कर इलाज की गई। शिविर में निशुल्क खून की जांच, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल सहित अन्य प्रकार के रोगों की जांच कर दवा दी गई। सुदूरवर्ती क्षेत्र से इस शिविर में सैंकड़ों की संख्या में मरीज आते हैं और अपना इलाज करवाते हैं।

## बरही चौक समेत कई मंदिरों में अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण व भव्य भंडारा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** राम... जिनमें संपूर्ण सृष्टि समाहित है। अयोध्या में उनके भव्य मंदिर के लोकार्पण और बाल मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बरही में चहुंओर उल्लास रहा। आस्था में डूबे हर कोई इस ऐतिहासिक पल को अविस्मरणीय बना लेना चाहा। वातावरण कुछ ऐसा बना है, जैसा अवधपुरी में प्रभु श्रीराम का प्रकट हुआ हो। आज भी ठीक उसी तरह का वातावरण बरही का है। बरही चौक सहित प्रखंड के सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। जहां अयोध्या मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी होते दिखे। मंदिरों में महा आरती, भंडारा और भजन कीर्तन में श्रद्धालु झूमते नजर आए। बरही चौक पर संध्या समय शानदार लाइटिंग की गई। वही श्री राम चौक के नाम से एक बैलून भी



लगाया गया। बरही चौक पर आयोजित कार्यक्रम का संचालक संदीप सेठ ने किया। मौके पर संदीप सेठ ने कहा की आज का दिन ऐतिहासिक है, आज पूरा बरही भगवामय हो गया है। इधर हनुमान सेवा संस्थान बरही की ओर से मल्लाह टोली स्थित बड़ा शिवालय परिसर में अयोध्या में श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बड़ा एलसीडी स्क्रीन पर विराट प्रदर्शन श्रद्धालुओं को देखने की व्यवस्था कराई गई। आस्था से ओत प्रोत प्राण प्रतिष्ठा का अलौकिक दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का अपार भीड़ जुटी। वहीं बीरेंद्र निषाद और उनकी धर्म पत्नी के द्वारा यज्ञ आहुति की गई। जिसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। वही धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह में शिव मंदिर प्रागंण को लाइटिंग एव भगवा पताका सहित रामलला का अयोध्या से सीधा प्रसारण एलइडी टीवी के माध्यम से दिखाया गया। वही शानदार भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने की,वहीं छोटकी बरही में शानदार भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी कई कार्यक्रम में उपस्थित हुवे। वहीं एसडीओ पूनम कुजुर, बरही डीएसपी नाजिर अख्तर, सीओ रामनारायण खलखो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ दिनभर बरही चौक पर तैनात रहें।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चरही :** शोमवार को चुरचू प्रखण्ड के जरबा पंचायत सहित पूरे चुरचू प्रखंड में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के पवित्र जन्म भूमि अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखण्ड विधानसभा के सचेतक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल चुरचू प्रखण्ड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चुरचू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललित राम एवं पूर्व मुखिया राम दुलार साव द्वारा भगवा से झण्डा सामुहिक रूप से दिखाकर शुभारम्भ किया गया । पंचायत के अनेकों गण मान्य समाज सेवी सनातनी बंधु व पूजा कमिटी के पदाधिकारी यथा परमेश्वर महतो पूर्व ज़िला पार्षद ,योगेन्द्र साव सांसद प्रतिनिधि , सुखेंदु कुमार राय ,बंशी ठाकुर , रामचंद्र रवि , अवध माली , कामाख्या भगत ,कौशलेश किशोर, साथ में ग्राम के सभी स्त्री पुरुष युवक युवतियाँ अपने अपने पारंपरिक परिधान में भक्ति संगीत के साथ श्री राम लक्षण सीता मैया और हनुमान के झांकी में भाग लिया । देश में खुशियाली ,शान्ति सद्भावना और राम राज्य की आगमन की कामना के लिए सभी मंदिरों में पूजा

## अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भक्ति रस में डूबे विष्णुगढ़ वासी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** आज 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में नवनिर्मित दिव्य,भव्य,अलौकिक मंदिर रामजन्म भूमि में रामलला विराजे जिसको लेकर समूचे प्रखण्ड के तमाम मंदिरों में रामभक्तो द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रखंड के पंचायतो खरना, भेलवारा, बेड़ाहरियारा, अलपिटो, गैड़ा, बराय ,चेडरा ,विष्णुगढ़, कुसुम्भा, गोविन्दपुर, बकसपुरा,नवादा,बनासो,मडमों,सारू कुदर,नरकी,खरकी,गाल्होबार,चानो ,नागी,जोबर,करगालो,अचलजामो, सिरैय के तमाम मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ रामायण पाठ,हवन के साथ महाप्रसाद खीर वितरण के बाद भंडारे का आयोजन वृहत पैमाने पर किया गया।मंदिरों में पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ भजन कीर्तन के अलावे भक्तिमय गानों के साथ पूरा



प्रखंड गुंजायमान हो गया।

प्रखंड के विष्णुगढ़ पंचायत से जीवंत झाँकी में राम, सीता, लक्ष्मण,बजरंगबली के साथ शोभायात्रा निकाली गई,तथा प्रखंड के कुछ एक स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई।प्रखण्ड की हर एक गली भगवा ध्वज से पटे रहे।माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल धनबाद जाने के क्रम में विष्णुगढ़ के मुरगाओ में राधा-कृष्ण मंदिर में उपस्थित होकर राम भक्ति में लीन दिखे तथा अलपिटो पंचायत के हेठली बोदरा में माँ सरस्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में भी सम्मिलित हुए। साथ ही उन्होंने सनातन धर्म मानने वालों को रामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि आज मंगल घड़ी आई,अवध में विराजे रघुराई।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रंग-बिरंगी लाइटों से सजाए गए मंदिर, राम मय हुआ वातावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र को दीपावली की तरह सजाया गया। इस दौरान मंदिरों एवं घरों को सुंदर लाइटों और ध्वजा से सजाया गया। कई गांवों में शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे श्रद्धालुओं ने लगाए। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दिन क्षेत्र भगवा रंग से रंग गए। चारों ओर राम नाम की गूंज रही। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कहीं भोग, कहीं भंडारा, कहीं हवन, कहीं कीर्तन तो कहीं शोभायात्रा निकालकर उत्सव मनाया गया। दुकानों व घरों के बाहर श्रीराम की ध्वजा लगाई गई। इसके साथ ही दीपावली की तरह घरों में एलईडी



लाइटें लगाई गई। मंदिरों को लाइटें व फूलों से सजाया गया। टाटीझरिया, बडा डहरभंगा, छोटा डहरभंगा, धरमपुर, कोल्हू, खंभवा, झरपो, अमनारी, होलंग, बेरहो, मंगरपट्टा, दूधमनिया, मुरूमातु, खैरा, बेडमक्का, नारायणपुर, मंडपा, खरिका, जेरूवाडीह, बेडम, डुमर, भराजो, मायापुर, गोधिया, बौधा, केसडा, घुघुलिया समेत कई गांवों में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के लिए ध्वज के अलावा लाउडस्पीकर भी लगाए गए। लाउडस्पीकर के माध्यम से राम भजन बजने से क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना रहा। शांति व्यवस्था में प्रशासन क्षेत्र में मुस्तैद रही।

## सिंह खालसा दल ने प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खीर पुरी का किया वितरण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में भव्यश्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां पुरा देश महोत्सव मना रहा है वही रामगढ़ बिजुलिया मै सिंह खालसा दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह सैनी एवं उनके समर्थकों द्वारा भी इस महा अवसर पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। परमजीत सिंह सैनी ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम पूरे देशवासियो परअपनी कृपा बनाए रखें इस अवसर पर कैंटोनमेंट के उपाध्यक्ष अनमोल सिंह जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए,साथ में जगजीत सिंह जग्गी, गुरुद्वारा के मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, पपिंद्र सिंह खंबे, महेंद्र पाल सिंहसैनी, गोतम सिंह ,यस सैनी ,अजीत गुप्ता , अरविंदर सिंह सैनी, मुन्ना गुप्ता इंदरजीत सिंह कोहली, कारणवीर सिंह सैनी,आदि उपस्थित हुए।

## पतरातू ब्लॉक मोड में किसानों के लिए बेटर लाइफ फार्मिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पतरातू क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक मोड में बेटर लाइफ फार्मिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। जहां पर किसानों को उचित मूल्य पर खाद्य पदार्थ एवं दवाई उपलब्ध रहेगी। इस फार्मिंग सेंटर पर किसान अपने कृषि उत्पाद को आसानी से केंद्र में बिक्री भी कर सकते हैं।इस फार्मिंग सेंटर पर किसानों के लिए ऋण भी उपलब्ध कराई जाएगी।तथा फार्मिंग सेंटर का उद्घाटन पालू पैक्स अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार एवं किसान उपेंद्र सिंह सरजू साव के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर बायर कंपनी के टेरिटरी बिजनेस मैनेजर सौरव मनी मौर्य,सेल्स कोऑर्डिनेटर यमुना कुमार,प्रोजेक्ट ऑफिसर शशि दांगी द्वारा किसानों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर पप्पू सिंह,रंजीत ठाकुर मुकेन्दर कुमार सिंह,अमित कुमार,करण सिंह,संतोष सिंह,बृजेश सिंह,राजेंद्र सिंह,फूलचंद महतो,नरेश सिंह,अखिलेश्वर कुमार सिकंदर गोप,शिवकुमार सिंह,धनेश्वर सिंह आदि के साथ काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## स्व सुधीर महतो झारखंड अलग राज्य के अग्रणी आंदोलनकारी थें : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के सिरु बुधबाजार में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह झारखंडी आंदोलनकारी स्व सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्व सुधीर महतो चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रादांजलि दिया। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि स्वा सुधीर महतो झारखंड अलग राज्य के अग्रणी नेता थे। अलग राज्य के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि स्व सुधीर



महतो ने अलग राज्य का सपना देखा था। हमें उनके सपनों का झारखंड बनाना है, जिसमें बेरोजगारों को रोजगार देते हुए संपूर्ण झारखंड का विकास करना है। मौके पर उतम कुमार प्रमोद आर्य संजय महतो नौशाद आलम बबलू कुमार शुभम कुमार आदि।

## सयाल दक्षिणी में क्रिकेट प्रीमियर टूर्नामेंट का आयोजन



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के दक्षिणी पंचायत स्थित टिपला ग्राउंड में सोमवार को क्रिकेट प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से पंचायत मुखिया जगदीश साव व पंसस बिजय साव मौजूद रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट टिपला फाइटर और बोरिंग कैंप के बीच खेला गया जिसमें टिपला की टीम ने पहली पारी खेलते हुए 93 रनों की पारी खेली और दुसरी पारि में बोरिंग कैम्प ने 94 रन बनाकर अपने टीम को जीत दिलाई।

## रामगढ़ में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र रामगढ़ का उद्घाटन सोमवार को किया गया। जन औषधि केंद्र का उद्घाटन रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी ने किया। संचालक राजेश सिंह ने बताया कि औषधि केंद्र रामगढ़ सदर अस्पताल परिसर छत्तरमांडू के परिसर में पहला खोला गया है। केन्द्र के उद्धघाटन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में कम दामों में अच्छी दवाइयां की उपलब्धत होगी। ?बताया गया कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना भारत के प्रधानमंत्री द्वारा ?23 अप्रैल 2018 को घोषित एक योजना है। 2014-15 में जनऔषधि योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना कर दिया गया। इस योजना में सरकार द्वारा उच्च गुणमवत्ता वाली जैनरिक दवाईयों के दाम बाजार मूल्य से कम किए जा रहें है। मौके पर डी एस एवेंद्र प्रसाद, डॉक्टर उदय श्रीवास्तव, डीपीएम देवेंद्र श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, टिकेंद्र महतो, कैलाश, उमेश पांडे सहित दर्जनों मौजूद थे।

# परिजनों का आरोप : भारत फाइनेंस कंपनी स्टाफ को पैसे की उगाई करने के लिए पिस्टल दे रखा है





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव में एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दी गई घटना रविवार की शाम करीब 7-15 बजे की बताई जाती है इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की सूचना पाकर रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दूबे घटना स्थल पहुंचे और मृतक शोएब के शव को अपने कब्जे लेकर अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है मृतक शोएब हुवाग बलसगरा का रहने वाला था बड़गांव निवासी रामचंद्र प्रसाद के आवास में किराये पर भारत फाइनेंस का आफिस में कार्यरत था भारत फाइनेंस ऑफिस में उसके साथ दो और साथी भी कार्य करते थे रविवार की शाम शोएब के साथ कार्य करने वालों के बीच आपस में कुछ कहां सुनी हो गई बात इतनी बढ़ गई की एक साथी ने पिस्तौल निकाल कर तुरंत गोली चला दी गोली शोएब के सिर पर जा लगी जिससे उसकी दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गयी घटना के बाद गोली मारने वाले फरार हो गये पुलिस ने पिस्टल को घटनास्थल से बरामद कर लिया और भारत फाइनेंस के ब्रांच कैशियर बबलू कुमार राम को पूछताछ लिए अपने साथ लेआइ थी बबलू कुमार राम ही चश्मदीद गवाह है पुरी घटना क्रम के बारे में पुलिस को बबलू कुमार राम बताया कि अभिजित कुमार राणा ने पिस्तौल निकाल कर शोएब के सर में सटाकर गोली मार दिया जिसे शोएब की मौत घटनास्थल पर ही हो गई बबलू कुमार राम के बयान पर घाटो ओपी में मामला दर्ज किया गया है लेकिन पुलिस भारत फाइनेंस में कार्यरत अभिजित कुमार राणा की तलाश में जुटी हुई है पुलिस के द्वारा बरामद किए गए पिस्टल के बारे में अभी तक किसी प्रकार की जानकारी नहीं दिया गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सयाल उतरी पंचायत हुआ राममय, हर ओर जय श्री राम की गुंज : सतेन्द्र यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल उत्तरी पंचायत के हावड़ा पुल बजरंगबली मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को पूरे पंचायत राम मय होकर जय श्री राम की गूंज से पूरे पंचायत गूंज उठा। राम उत्सव को लेकर सयाल में महाबीरी जुलूस निकाला गया। जो सयाल प्रिंस रोड होते हुए बड़ा शिव मंदिर, जमुरिया बाजार बजरंगबली मंदिर ,भानु कॉलोनी बर्ज हनुमान मंदिर, आठ नंबर काली मंदिर का भ्रमण करते हुए पोस्ट ऑफिस कॉलोनी होते हुए पुनः ह हावड़ा पुल बजरंगबली मंदिर वापस लौटा। साथ ही सभी मंदिर कमेटी की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव ,छोटू प्रसाद मेहता, सुरेंद्र भगत, शेखर सरकार, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजकिशोर भगत, प्रदीप कुमार राय, सुनील सिंह, सुलेखा बनर्जी, जानकी कुमारी, सीमा देवी, गुड़िया देवी, मधु सिंह ,अनुराधा देवी, सोनी तिवारी, समफुल देवी, मणिमाला देवी, सुनीता देवी, कुसुम देवी ,धनवंती देवी, देवंती देवी, पुष्पा देवी, बबली कुमारी, गीता देवी, सिंधु देवी ,जयमूर्ति देवी ,आरती कुमारी ,सरिता देवी, निधि कुमारी , सोमिया कुमारी, अंश कुमार , सोनू कुमार ,संतोष कुमार आदि सैकड़ो ग्रामीण

## उरीमारी के पहाड़ी शिव मंदिर में धूमधाम से दीपोत्सव मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा स्थित पहाड़ी शिव मंदिर मे सोमवार को राम भक्तो के द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। इसदौरान उरीमारी क्षेत्र में जगह जगह पर बाइक जुलूस निकाला गया। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर उरीमारी के ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों के द्वारा शोभा यात्रा निकाल पहाड़ी शिव मंदिर से रोड साइड प्रेम नगर व हेसाबेडा तक भ्रमण किया गया। वहीं उरीमारी पूजा समिति ने बताया कि आज संध्या में पहाड़ी शिव मंदिर पर कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर राजपति कुमार, कैलाश प्रसाद, अनिल साव, संजय साव, कुलदीप साव, नरेश प्रजापति, सुनील साव, मनी करमाली, कमल साव, अंकित कुमार, पिंटू कुमार, अरविंद ठाकुर, शिबू ठाकुर, अनिता देवी, शिला देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, पूजा देवी, सबिता देवी, गुड़िया देवी, ज्योति देवी, डॉली कुमारी, वंदना रानी, सरस्वती देवी, शकुंतला देवी, मिना देवी, भेखलाल साव, अर्जुन प्रजापति, लखन प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे महामहोत्सव के शोभा यात्रा का स्वागत किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को दिन के 2 बजे से गोला रोड, चट्टी बाजार के राजस्थान कलेवालय के बाहर विश्व ब्राह्मण संघ,विप्र फाउन्डेशन व मारवाड़ी ब्राह्मण परिवार के संयुक्त तत्वावधान मे शोभा यात्रा मे आये सरधालूओ के बीच सर्व प्रथम फुलो कि पाखंडीयो से वर्षा कि गई उसके बाद फल, सेव इत्यादी वितरण किया गया।शोभा यात्रा मे लगभग बीस हजार सरधालूओ की लंबी कतार चल रही थी। जिसमे महिलाए भी काफ़ी संख्या मे थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिये, झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा,विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउण्डेशन, श्याम शर्मा जिलाध्यक्ष विप्र फाउन्डेशन , गोकुल शर्मा कोषाध्यक्ष, संरक्षक कमल शर्मा, संजय शर्मा, अमित शर्मा, पप्पू शर्मा, अनूज तिवारी, शशिकांत दूबे, संजय पांडे, गडू पांडे, महेंद्र पांडे, मुरारी शर्मा,राजू शर्मा, रवि शर्मा इत्यादी अनेको लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता श्याम शर्मा ने किया संचालन संदीप शर्मा ने किया, धन्यवाद ज्ञापन अमिताभ शर्मा ने किया।

## भुरकुंडा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शामिल हुई अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भुरकुंडा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई।भगवा वस्त्र धारण किया विधायक अंबा प्रसाद ने राम भक्तों के साथ झूमती गाते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुई, इस दौरान जय श्री राम और जय सियाराम के नारे गूंजते रहे। विधायक ने इस दौरान लड्डू का भी वितरण किया। विधायक ने रविवार को भुरकुंडा बाजार के सभी दुकानों एवं घरों में दिया, बाती, तेल, माचिस के पैकेट उपलब्ध कराया तथा महावीरी झंडो को घरों पर लगाने हेतु अपील की। विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि पूरे विधानसभा में उत्सव जैसा माहौल है, पूरा बड़कागांव विधानसभा राम मय हो गया है हर क्षेत्र में दिवाली जैसा माहौल है।

## श्री राम ने देश को एक सूत्र में बांधा है : निशि पांडेय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा पूरा पतरातू क्षेत्र पतरातू क्षेत्र के सभी स्थान पर गजब का उत्साह उमंग एवं जोश देखा गया बच्चे महिलाओं सभी भगवा वस्त्र में काफी आकर्षक लग रहे थे पतरातू का ब्लॉक मोड आकर्षण का केंद्र रहा जहां पर राम भगवान का 30 फीट का कट आउट लगाया गया था।अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पतरातू ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर में पुजारी दिवाकर पाठक के सानिध्य में श्री राम स्तुति,हनुमान चालीसा पाठ,संकट मोचन सुंदरकांड का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। इसके अलावे पतरातू ब्लॉक मोड़ के समीप स्थापित श्री राम भगवान के 30 फीट के कट आउट का विधि विधान से पूजा अर्चना भारतीय जनतंत्र मोर्चा की नेत्री निशि पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि श्री राम ने देश को एक सूत्र में बांधा है। पूरे देश का वातावरण श्री राममय हो गया है। देश में दूसरी दिवाली मन रही है। घर घर में खुशियां देखी जा रही है। जरूरत है कि हम अपनी धर्म,संस्कृति व सभ्यता से जुड़े रहे। इस दौरान मंदिर परिसर में अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों ने सामूहिक रूप से देखा। इसके बाद महा भंडारा का आयोजन किया गया। 30 फीट का भगवान राम का कट आउट आकर्षण का केंद्र रहा। दिनभर लोग सेल्फी लेते दिखे। आयोजन को सफल बनाने में अजीत सोलंकी, पप्पू मोदी, दीपू कुमार, धनेश्वर साहू, बिट्टू कुमार, रवि साव, जिम्मी मोदी, आकाश अग्रवाल, पीयूष पाठक, राहुल यादव, नीतीश अग्रवाल, विजय कुमार आदि शामिल थे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया वहीं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता सूची के प्रकाशन पर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/ मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया पर हैंडल्स पर #IamReadyToVote हैशटैग के साथ पोस्ट करने को लेकर चलाए गए अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने भी अभियान में हिस्सा लेते हुए सेल्फी पोस्ट की वहीं उन्होंने सभी जिलेवासियों से भी अभियान में हिस्सा लेते हुए मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट करने की अपील की। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत मतदाता अपने मतदान केंद्रों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं।

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रामगढ़ जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़, चितरपुर व गोला प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उपायुक्त ने संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं किसी प्रकार की कोई भी आकस्मिक सूचना प्राप्त होने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, नजारत उप समाहर्ता संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## नवलशाही : थाना प्रभारी के अथक प्रयास से परिसर में किया गया भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण, एसपी ने किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** पुलिस ने आमजन के सहयोग से नवलशाही थाना परिसर में हनुमान जी महाराज का भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। मंदिर का उद्धघाटन 22 जनवरी को कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया गया। जानकारी हो की नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप ने नवलशाही थाना परिसर में हनुमान मंदिर का निर्माण का बीड़ा उठाया। उन्होंने हनुमान मंदिर का निर्माण कराया।आमजन के सहयोग से मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। हनुमानजी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की गई। वही पुजारी एस आई रंजीत कुमार व उनकी धर्म पत्नी तथा एस आई कुमार शिवम व उनकी धर्म पत्नी ने हनुमान जी मंदिर की पूजा अर्चना शामिल हुए। नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप के देख रेख मे अति सुंदर मंदिर का निर्माण किया गया। मंदिर बनने से थाना परिवार के लोगो को पूजा अर्चना करने मे सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी सोनी प्रताप, तिलैया थाना प्रभारी रामनारायण ठाकुर, एएसआई लालेंदर सिंह,मनोज पासवान, चौकीदार बिरेंद्र सिंह, मुंद्रिका सिंह, समेत पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल व थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कहीं प्रवचन तो कहीं भजन कहीं भंडारा तो कहीं अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत डगरनवा, मुर्कमनाय, देवीपुर, नवाडीह1, तेलोडीह, कादोडीह, चोपनाडीह, जामु, दशारो, खटोलिया, बक्सपुरा पपलो, सिमरिया, पुरनानगर, दरदाही, पिपराडीह,गरगडीहा, देवीपुर, लालूडीह, डोंगोडीह समेत सभी गांव के सभी मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ भजन कीर्तन अखंड रामायण भंडारा का आयोजन किया गया। पूरा प्रखंड राम मय हो गया था। क्या बच्चे क्या बूढ़े क्या जवान क्या महिला क्या पुरुष सभी पूजा पाठ में लिंग देखे गए। सभी लोग अहले सुबह से ही पूजा पाठ में लीन रहे। लोग जल्दी से जल्दी पूजा पाठ कर अपना दिनचर्या का काम शुरू किया ।इसके बाद सीधे लोग अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण को देखने में लगे रहे। प्रखंड के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी जिसे देखने के लिए लोग पहुंचे। वहीं प्रखंड के अधिकतर मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया जहां लोग प्रसाद ग्रहण किया और दिनभर आनंद उठाते रहे। वही लोग रात को घरों में दीप प्रज्वलित कर दीपावली मनाएंगे।

## जिला प्रशासन के द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मेला आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा की पहल से जिले में पहली बार वृहत रूप में दिनांक 23 एवं 24 जनवारी 2024 को ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया, कोडरमा में पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया कोडरमा का भ्रमण कर पुस्तक मेला की तैयारी का जायजा लिया। इस क्रम में उपायुक्त ने सभी तैयारियां को पूरा करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेहतर तैयारी करें। बता दें कि इस मेले में प्रवेश पूर्णयता- निःशुल्क है। इसमें लगभग दो दर्जन प्रकाशक के द्वारा विभिन्न प्रकार के पुस्तकों जैसे- स्कूली किताबें, प्रतियोगिता परीक्षा, कहानी, उपन्यास, साहित्य इत्यादि के साथ भाग लेगें। साथ ही इस पुस्तक मेला में दोनों दिन विभिन्न प्रकार के गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अयोजन किया गया है। पुस्तक मेला में पुस्तक दान हेतु स्टॉल भी लगाया जाएगा।

## निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नये व युवा मतदाताओं के साथ सेल्फी ली। उन्होंने नये/युवा मतदाताओं को फूल दी। उपायुक्त ने सभी युवा मतदाताओं को मतदान के अधिकारी व महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप हमेशा मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक व अन्य मौजूद रहे?।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## रामलला आगमन की खुशी में झंडा मैदान में जलाया गया 2500 दिप

### गिरिडीह में दिन भर होते रही पूजा अर्चना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाने के लिए सोमवार शाम को झंडा मैदान में दीपोत्सव मनाया गया। वही इसकी तैयारी दिन भर से चल रही है। तमाम राम भक्त पूरे मैदान में दिया लगाने में जुटे हुए हैं। बताया गया कि यहां ढाई लाख दिया को सजाकर सामूहिक रूप से दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस बाबत पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी ने कहा कि तमाम शहर वासी इस आयोजन में शाम के वक्त झंडा मैदान में उपस्थित होकर दीपोत्सव मनाते हुए रामलला के अयोध्या में विराजने की खुशियां मनाएं। यह शुभ दिन 500 वर्षों के बाद आया है इसलिए इस दिवस का अभिनंदन करें।इधर ज़िले के सभी गांवों में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन कर पूजा अर्चना की गई। ओहि शहर के विश्वनाथ मंदिर में रामलाल की आगमन को लेकर ऑनलाइन टेलिकास्ट दिखया गया। साथ ही पुराना जेल परिसर मंडप में भंडारा का आयोजन किया गया। इधर शहर के पचंबा, अलकापुरी, भंडारीडीह, चैतडीह , बनियाडीह, पपरवाटांड, उदनाबाद, बरवाडीह, सिरसिया, सिहोडीह, सोनबाद, बेंगाबाद, छोटकी खरगडीहा में पूजा अर्चना आयोजन किया गया। इधर ज़िले में पुलिस प्रशासन द्वारा पैनी नजर बनाए हुए रखे थे।

## धनबाद मोमीन वेलफेयर सोसाइटी ने किया कंबल वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर कांग्रेस कार्यालय में धनबाद मोमीन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गरीबों के बीच 250 कंबल वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से सोसाइटी के जिला अध्यक्ष सह धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, जेनरल सेक्रेट्री शकील अंसारी, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, जिला अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जहीर अंसारी, सोसाइटी के सलीम अंसारी, रेजा अहमद, लाटो भई, एजाज अहमद, तलहा भाई, अहमद भाई, हाजी सोहेल अनवर, जिला कांग्रेस सचिव फारूख खान, सलीम अंसारी, जैद खान, अली भाई, दिलशाद भाई, दीपक दास, अविनाश दास, मंजूर भाई, इरशाद अली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला समाज ने किया अखंड हनुमान चालीसा



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माहुरी वैश्य महिला समिति के तत्वाधान में रविवार को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व माहुरी समाज भवन में महिलाओं ने अखंड हनुमान चालीसा का पाठ किया। मौके पर माहुरी महिला समिति की शिखा गुप्ता, बीनू गुप्ता, अर्चना गुप्ता, ममता गुप्ता, रुचि गुप्ता, संगीता गुप्ता, सविता गुप्ता, कविता गुप्ता आदि शामिल थी।

## श्री श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अखंड कीर्तन का आयोजन

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोनारडीह में 24 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इसको लेकर कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा के मुख्य यजमान संतोष प्रजापति, पत्नी हेमप्रभा पंडित तथा शंकर यादव, पत्नी शांति देवी ने माथे में कलश लेकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर प्रेम नगर शिव मंदिर स्थित खुदिया नदी में जल उठा कर पुणे हनुमान मंदिर कीर्तन स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में दर्जनो महिलाएं एवं लड़कियां उपस्थित थी। मौके पर विधायक ढूल्लू महतो, जिला परिषद जितेश रजवार, मुखिया टुंडू पंचायत विनोद नापित, ललन यादव, मुन्ना चौहान, वीरेंद्र प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, अवध किशोर प्रजापति, विक्की माली, पवन यादव, विनीत गुप्ता, कुलदीप प्रजापति, सर्वेश सिंह, अंजीव सिंह, अरविंद गुप्ता, पवन गुप्ता, कृष्ण गर्ग, नितिन मुकेश, पंडित प्रिंस यादव, संजय गुप्ता, प्रमोद माली, मुखेश्वर दुबे, राजेश सिंह, आलोक सिंह, अनीश गुप्ता, मिथुन गुप्ता आदि शामिल थे।

# महाप्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा कल धनबाद मंडल के बरवाडीह-रेणुकूट रेलखंड का विंडों ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का गहन मुआयना किया। इसके उपरांत पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक द्वारा रेनुकूट में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग/आर.आर.आई/पैनल रूम का गहन निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा रेणुकूट में रेल ग्राइंडिंग मशीन का जायजा लिया गया । इसके साथ ही उन्होंने रेनुकूट स्टेशन पर रनिंग रुम, करू-लॉबी आदि का निरीक्षण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया । इसके साथ ही महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने कल ही बेतला में वन विभाग के चीफ कंजर्वेटर और आरवीएनएल/रांची के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। इस बैठक में वन संरक्षण के मद्देनजर धनबाद मंडल के कुमण्डीह-बरवाडीह रेलखंड के 14.7 किमी लंबे रेलवे ट्रैक के डायवर्सन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## कार्यालय नगर परिषद, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

पत्रांक–102/न0प0 , दिनांक– 20.01.2024

### आम सूचना

चतरा नगर परिषद अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत वित्तीय वर्ष–2016–17 से 2022–23 तक में कुल–1247, 396, 132 एवं 192 आवासों के डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कर–संग्रहकर्त्ता, नगर परिषद, चतरा के द्वारा उक्त डी0पी0आर के लाभुकों का जाँच कराया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया निम्नांकित लाभुकों को अयोग्य पाया गया है अथवा इनके द्वारा एक से तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के उपरान्त अपना आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया गया है। विभागीय निदेशानुसार ऐसे लाभुकों को प्रर्त्यपति किया जाना है।

अतः निम्नांकित सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि इस संदर्भ में किसी प्रकार की आपत्ती होने पर एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपके स्वीकृत आवास को प्रर्त्यपित कर दिया जायेगा एवं भविष्य में इसका लाभ नही ले पायेंगे। अयोग्य लाभुकों की सूची निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | DPR | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | वार्ड सं0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1247 | Bebi Devi | Ganesh Kumar | 1 | पक्का का मकान है। |
| 2 | 1247 | Gulshan Ara | Md Abdal | 1 | पक्का का मकान है। |
| 3 | 1247 | Khushbu Pandey | Param Prakash | 1 | पक्का का मकान है। |
| 4 | 1247 | Radha Devi | Ashok Bhuiyan | 1 | पक्का का मकान है। |
| 5 | 1247 | Rekha Devi | Sunil Kumar Ram | 1 | इच्छुक नही है। |
| 6 | 1247 | Rubi Devi | Sanjeet Ram | 1 | पक्का का मकान है। |
| 7 | 1247 | Sabba Yasmin | Md Salim Ansari | 1 | पक्का का मकान है। |
| 8 | 1247 | Satender Prasad | Amrica Prasad | 1 | पक्का का मकान है। |
| 9 | 1247 | Shyam Kishor Singh | Deep Narayan Singh | 1 | पक्का का मकान है। |
| 10 | 1247 | Surji Devi | Dinanath Kasera | 1 | पक्का का मकान है। |
| 11 | 1247 | Uma Devi | Lach Man Ram | 1 | पक्का का मकान है। |
| 12 | 1247 | Rita Devi | Bablu Ram | 2 | भूमि विवाद है। |
| 13 | 1247 | Savita Sharma | Surendra Sharma | 2 | पक्का का मकान है। |
| 14 | 1247 | Kajal Devi | Anil Kumar | 3 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 15 | 1247 | Sabnam Khatoon | Md. Jamal | 3 | पक्का का मकान है। |
| 16 | 1247 | Sangita Devi | Sandeep Kumar | 3 | पक्का का मकान है। |
| 17 | 1247 | Sundar Bharti | Chhedi Bharti | 3 | इच्छुक नही है। |
| 18 | 1247 | Anil Kumar Thakur | Bansraj Thakur | 4 | पक्का का मकान है। |
| 19 | 1247 | Anita Devi | Shankar Prasad | 4 | पक्का का मकान है। |
| 20 | 1247 | Basanti Debi | Basudeo Thakur | 4 | पक्का का मकान है। |
| 21 | 1247 | Chinta Devi | Ashok Kumar | 4 | पक्का का मकान है। |
| 22 | 1247 | Depika Kumari | Sanjay Pathak | 4 | पक्का का मकान है। |
| 23 | 1247 | Fula Devi | Krishna Yadav | 4 | पक्का का मकान है। |
| 24 | 1247 | Indrani Sharma | Sanjay Kumar Sharma | 4 | पक्का का मकान है। |
| 25 | 1247 | Kanti Devi | Papu Thakur | 4 | भूमि विवाद है। |
| 26 | 1247 | Kausila Devi | Tulsi Rana | 4 | पक्का का मकान है। |
| 27 | 1247 | Malti Devi | Sanjay Dangi | 4 | पक्का का मकान है। |
| 28 | 1247 | Mamta Devi | Kirishn Misra | 4 | पक्का का मकान है। |
| 29 | 1247 | Manju Devi | Aaditya Kumar Rana | 4 | पक्का का मकान है। |
| 30 | 1247 | Nilam Sinha | Anuj Kumar Pradhan | 4 | पक्का का मकान है। |
| 31 | 1247 | Rakhi Sinha | Manoj Kumar Pradhan | 4 | पक्का का मकान है। |
| 32 | 1247 | Renu Devi | Mahesh Prasad | 4 | पक्का का मकान है। |
| 33 | 1247 | Rina Kumari | Vishwanath Kumar | 4 | पक्का का मकान है। |
| 34 | 1247 | Sangeeta Devi | Sanjay Kumar Keshri | 4 | पक्का का मकान है। |
| 35 | 1247 | Shanti Devi | Bahadur Pandey | 4 | पक्का का मकान है। |
| 36 | 1247 | Sunita Devi | Dilip Kumar Kashyap | 4 | पक्का का मकान है। |
| 37 | 1247 | Urmila Devi | Kailash Yadav | 4 | पक्का का मकान है। |
| 38 | 1247 | Dayanand Prasad Kasera | Radhe Shyam Kasera | 5 | पक्का का मकान है। |
| 39 | 1247 | Devanti Devi | Sanichar Kachhap | 5 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 40 | 1247 | Gayatri Devi | Naresh Lal | 5 | पक्का का मकान है। |
| 41 | 1247 | Julakha Khatoon | Md Tajamul | 5 | पक्का का मकान है। |
| 42 | 1247 | Kajal Devi | Sunny Lal | 5 | पक्का का मकान है। |
| 43 | 1247 | Komali Devi | Sikendar Bharti | 5 | इच्छुक नही है। |
| 44 | 1247 | Lila Devi | Guddu Ravidas | 5 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 45 | 1247 | Manju Devi | Ashok Lal Shrivastav | 5 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 46 | 1247 | Radhika Kumari | Sanjay Kumar | 5 | इच्छुक नही है। |
| 47 | 1247 | Rajni Kumari | Akhilesh Kumar Soni | 5 | पक्का का मकान है। |
| 48 | 1247 | Roshni Praveen | Md Talib | 5 | पक्का का मकान है। |
| 49 | 1247 | Shobha Sinha | Gopal Krishana Kant Sinha | 5 | पक्का का मकान है। |
| 50 | 1247 | Tarannum Praween | Md Jauhar Ali | 5 | पक्का का मकान है। |
| 51 | 1247 | Lalita Devi | Tripurari Prasad | 5 | पक्का का मकान है। |
| 52 | 1247 | Jawed Rasul | Gulam Rasul | 6 | पक्का का मकान है। |
| 53 | 1247 | Kunti Devi | Basudew Parjapatti | 6 | पक्का का मकान है। |
| 54 | 1247 | Shahani Praween | Md Shamim | 6 | भूमि विवाद है। |
| 55 | 1247 | Md Hasnain | Md Ekram | 7 | इच्छुक नही है। |
| 56 | 1247 | Md Taukir Alam | Md Yunus Ali | 7 | इच्छुक नही है। |
| 57 | 1247 | Najma Khatoon | Lt.Abudum Jabbar | 7 | पक्का का मकान है। |
| 58 | 1247 | Raj Kumari Devi | Lato Thakur | 7 | इच्छुक नही है। |
| 59 | 1247 | Rowaida Khatoon | Md.Gulam Rasul | 7 | इच्छुक नही है। |
| 60 | 1247 | Shabnam Perween | Md Wakil | 7 | पक्का का मकान है। |
| 61 | 1247 | Ambiya Pravin | Md Tajuddin | 8 | इच्छुक नही है। |
| 62 | 1247 | Jaigun Nisha | Md Sayeed Akhtar | 8 | भूमि विवाद है। |
| 63 | 1247 | Johara Khatoon | Md. Shafik | 8 | पक्का का मकान है। |
| 64 | 1247 | Khadija Khatoon | Hasnain Ansari | 8 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 65 | 1247 | Md Aqbal | Md Idris | 8 | ISHDP आवास मिल चुका है। |
| 66 | 1247 | Md Shahnawaz Alam | Md. Israil | 8 | पक्का का मकान है। |
| 67 | 1247 | Mehrun Nisha | Late Chandu Miyan | 8 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 68 | 1247 | Nausad Alam | Md Rabbani | 8 | पक्का का मकान है। |
| 69 | 1247 | Rekha Devi | Santosh Sharma | 8 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 70 | 1247 | Sabiha Khatoon | Zakir Husain | 8 | पक्का का मकान है। |
| 71 | 1247 | Sabnam Perween | Md Sahabuddin | 8 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 72 | 1247 | Samshad Alam | Md Rabbani | 8 | पक्का का मकान है। |
| 73 | 1247 | Samsun Nisha | Md Hadish | 8 | पक्का का मकान है। |
| 74 | 1247 | Tamanna Ashrafi | Md Imtiyaz Alam | 8 | पक्का का मकान है। |
| 75 | 1247 | Tamanna Perween | Md Akram | 8 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 76 | 1247 | Tarannum Jahan | Wakil Ahmad | 8 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 77 | 1247 | Bebi Devi | Mohan Ram | 9 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 78 | 1247 | Rita Devi | Bipin Kumar | 9 | इच्छुक नही है। |
| 79 | 1247 | Rubi Devi | Ajit Kumar | 9 | इच्छुक नही है। |
| 80 | 1247 | Anahachi Devi | Kameshwar Bhuiyan | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 81 | 1247 | Anar Devi | Chhotu Bhuiya | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 82 | 1247 | Anita Devi | Gopal Saw | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 83 | 1247 | Anita Devi | Ranjeet Bhuiyan | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 84 | 1247 | Anjum | Intyaz | 10 | पक्का का मकान है। |
| 85 | 1247 | Asha Devi | Binod Prasad Halvai | 10 | पक्का का मकान है। |
| 86 | 1247 | Champa Devi | Vijay Mitri | 10 | पक्का का मकान है। |
| 87 | 1247 | Geeta Devi | Jawahar Saw | 10 | पक्का का मकान है। |
| 88 | 1247 | Hemanti Devi | Gopal Bhuiyan | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 89 | 1247 | Kajal Kumari | Ganesh Kumar | 10 | भूमि विवाद है। |
| 90 | 1247 | Kaliya Devi | Mukesh Bhuiyan | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 91 | 1247 | Kanchan Kumari | Anish Kumar | 10 | भूमि विवाद है। |
| 92 | 1247 | Kelasi Devi | Suraj Ram | 10 | इच्छुक नही है। |
| 93 | 1247 | Khushboo Kumari | Rajesh Kumar | 10 | पक्का का मकान है। |
| 94 | 1247 | Masomat Tetri | Bishun Bhuiyan | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 95 | 1247 | Meena Devi | Ssubash Chandra Agtrwal | 10 | भूमि विवाद है। |
| 96 | 1247 | Mina Devi | Sushil Kumar | 10 | पक्का का मकान है। |
| 97 | 1247 | Mundari Masomat | Soharai Bhuiyan | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 98 | 1247 | Muni Devi | Ramdas Aw | 10 | पक्का का मकान है। |
| 99 | 1247 | Pramila Devi | Suresh Prasad Soni | 10 | पक्का का मकान है। |
| 100 | 1247 | Pratima Devi | Pramod Prasad | 10 | पक्का का मकान है। |
| 101 | 1247 | Rekha Devi | Naresh Prasad | 10 | पक्का का मकान है। |
| 102 | 1247 | Sagir Ahmad | Salma Khatoon | 10 | पक्का का मकान है। |
| 103 | 1247 | Sampatiya Bhuini | Rohna | 10 | भूमि विवाद है। |
| 104 | 1247 | Soni Devi | Raju Ram | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 105 | 1247 | Sulekha Devi | Anil Ram | 10 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 106 | 1247 | Veena Devi | Pramod Kumar | 10 | पक्का का मकान है। |
| 107 | 1247 | Vina Devi | Vishwanath Prasad | 10 | पक्का का मकान है। |
| 108 | 1247 | Gulshan Bano | Kamaluddin | 11 | पक्का का मकान है। |
| 109 | 1247 | Koresha Khatoon | Md Ahasan | 11 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 110 | 1247 | Prity Shaw | Amit Saw | 11 | इच्छुक नही है। |
| 111 | 1247 | Rehana Khatoon | Md Kalam | 11 | पक्का का मकान है। |
| 112 | 1247 | Roushan Ara | Abdul Hamid | 11 | पक्का का मकान है। |
| 113 | 1247 | Sajiya Prween | Md Yusuf | 11 | पक्का का मकान है। |
| 114 | 1247 | Shahida Bano | Md Sajid | 11 | पक्का का मकान है। |
| 115 | 1247 | Asgari Khatoon | Gulam Mustfa | 12 | पक्का का मकान है। |
| 116 | 1247 | Guljahan Praween | Md. Arshad | 12 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 117 | 1247 | Rabiya Khatoon | Md Mansar | 12 | पक्का का मकान है। |
| 118 | 1247 | Shabanam Khatun | Md Aslam | 12 | इच्छुक नही है। |
| 119 | 1247 | Anita Devi | Ram Pravesh Kumar | 13 | पक्का का मकान है। |
| 120 | 1247 | Anju Devi | Devendra Arya | 13 | पक्का का मकान है। |
| 121 | 1247 | Kalpana Kumari | Mukesh Kumar | 13 | पक्का का मकान है। |
| 122 | 1247 | Kanti Devi | Sumer Ram | 13 | इच्छुक नही है। |
| 123 | 1247 | Lalita Devi | Mahendra Bhuiyan | 13 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 124 | 1247 | Sunita Devi | Subesh Bharti | 13 | इच्छुक नही है। |
| 125 | 1247 | Dolti Devi | Devendra Kumar | 14 | पक्का का मकान है। |
| 126 | 1247 | Mukesh Kumar | Govind Nishad | 14 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 127 | 1247 | Reshma Khatoon | Md Salim | 14 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 128 | 1247 | Anita Kumari | Arvind Kumar | 15 | पक्का का मकान है। |
| 129 | 1247 | Deepmala Devi | Dharmendra Kumar | 15 | पक्का का मकान है। |
| 130 | 1247 | Komal Kumari | Anil Kumar Paswan | 15 | पक्का का मकान है। |
| 131 | 1247 | Kuleshwari Devi | Baleshwar Prasad Sahu | 15 | इच्छुक नही है। |
| 132 | 1247 | Malti Devi | Suresh Saw | 15 | पक्का का मकान है। |
| 133 | 1247 | Mithlesh Rana | Ghanshyam Rana | 15 | पक्का का मकान है। |
| 134 | 1247 | Rita Kumari | Bablu Kumar | 15 | पक्का का मकान है। |
| 135 | 1247 | Savita Kumari | Dilip Kumar Rana | 15 | पक्का का मकान है। |
| 136 | 1247 | Suman Sahni | Kundan Kumar Sahani | 15 | पक्का का मकान है। |
| 137 | 1247 | Sunita Devi | Saryu Ram | 15 | पक्का का मकान है। |
| 138 | 1247 | Radha Devi | Rameshwar Saw | 16 | इच्छुक नही है। |
| 139 | 1247 | Ranjit Gop | Malti Devi | 16 | पक्का का मकान है। |
| 140 | 1247 | Arti Devi | Kailash Prajapati | 17 | पक्का का मकान है। |
| 141 | 1247 | Bedaniya Devi | Tulsi Ram | 17 | पक्का का मकान है। |
| 142 | 1247 | Chanda Devi | Vishwanth Prasad | 17 | इच्छुक नही है। |
| 143 | 1247 | Gayatri Devi | Dilchand Prasad | 17 | पक्का का मकान है। |
| 144 | 1247 | Meera Devi | Shambhu Prasad | 17 | इच्छुक नही है। |
| 145 | 1247 | Pankaj Kumar | Raju Saw | 17 | पक्का का मकान है। |
| 146 | 1247 | Renu Devi | Sunil Kumar | 17 | पक्का का मकान है। |
| 147 | 1247 | Shantee Devi | Lakhan Ram | 17 | पक्का का मकान है। |
| 148 | 1247 | Sarita Devi | Mithlesh Kumar | 18 | पक्का का मकान है। |
| 149 | 1247 | Seema Devi | Vijay Prasad | 18 | पक्का का मकान है। |
| 150 | 1247 | Kalawati Devi | Davrika Prasad | 19 | पक्का का मकान है। |
| 151 | 1247 | Manju Devi | Ashok Mahesh Mistri | 19 | पक्का का मकान है। |
| 152 | 1247 | Pinki Kumari | Sikandar Kumar | 19 | पक्का का मकान है। |
| 153 | 1247 | Salama Khatoon | Md Jawed Siddhiki | 19 | पक्का का मकान है। |
| 154 | 1247 | Sunita Devi | Birju Mitri | 19 | पक्का का मकान है। |
| 155 | 1247 | Neha Kumari | Ramswarup Thakur | 20 | इच्छुक नही है। |
| 156 | 1247 | Radha Devi | Basudev Yadav | 20 | इच्छुक नही है। |
| 157 | 1247 | Sunita Devi | Mohan Prasad Yadav | 20 | इच्छुक नही है। |
| 158 | 1247 | Afsana Khatoon | Feyaz Alam | 21 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 159 | 1247 | Fuchwa Devi | Basant Paswan | 21 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 160 | 1247 | Kamali Devi | Chando Bhuiya | 21 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 161 | 1247 | Rupa Devi | Mithilesh Prasad | 21 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 162 | 1247 | Sakuntala Devi | Yogendra Kumar Yadav | 21 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 163 | 1247 | Sarita Devi | Rajendra Yadav | 21 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 164 | 1247 | Bebi Devi | Avadhsh Kumar Singh | 22 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 165 | 1247 | Hajara Khatoon | Naim Miyan | 22 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 166 | 1247 | Kiran Devi | Lakshman Sahu | 22 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 167 | 1247 | Md Mojahir | Md Reyasat | 22 | इच्छुक नही है। |
| 168 | 1247 | Najiya Pravin | Md Vasim | 22 | लाभुक चतरा में नही रहता है। |
| 169 | 1247 | Sangita Verma | Arvind Kumar Verma | 22 | पक्का का मकान है। |
| 170 | 1247 | Savitri Devi | Nandkishor Singh | 22 | भूमि विवाद है। |
| 171 | 1247 | Shakuntala Devi | Gyani Saw | 22 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 172 | 1247 | Soni Masomat | Vasudev Paswan | 22 | पक्का का मकान है। |
| 173 | 1247 | Swarnlata Devi | Shiv Shankar Kumar | 22 | पक्का का मकान है। |
| 174 | 1247 | Urmila Devi | Ragunath Ram | 22 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 175 | 1247 | Usha Devi | Rajendra Prasad | 22 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 176 | 1247 | Prema Devi | Birendra Kumar Verma | 22 | इच्छुक नही है। |
| 177 | 396 | Jattu Kumar Yadav | Manki Yadav | 4 | भूमि से संबंधित कागजात नही है। |
| 178 | 132 | Bhagi Devi | Visesar Yadav | 21 | पक्का का मकान है। |
| 179 | 192 | Mustary Khatoon | Md Maksood Alam | 03 | इच्छुक नही है। |
| 180 | 192 | Rehana Khatoon | Md Nasim | 03 | इच्छुक नही है। |
| 181 | 192 | Baby Devi | Mukesh Prasad Keshri | 04 | पक्का का मकान है। |
| 182 | 192 | Daulti Devi | Arun Kumar Yadav | 04 | पक्का का मकान है। |
| 183 | 192 | Rina Devi | Rina Devi | 04 | पक्का का मकान है। |
| 184 | 192 | Sarita Devi | Siya Ram Kuamr | 04 | पक्का का मकान है। |
| 185 | 192 | Rina Devi | Raju Prasad Soni | 05 | पक्का का मकान है। |
| 186 | 192 | Juhi Perween | Julfekar Ali | 06 | पक्का का मकान है। |
| 187 | 192 | Tuni Devi | Mahesh Bharti | 06 | भूमि विवाद है। |
| 188 | 192 | Fulmanti Devi | Ramlakhan Yadav | 07 | इच्छुक नही है। |
| 189 | 192 | Pushiya Devi | Naresh Yadav | 07 | इच्छुक नही है। |
| 190 | 192 | Rekha Kumari | Pradeep Kumar | 08 | पक्का का मकान है। |
| 191 | 192 | Sunaina Devi | Ganesh Saw | 08 | पक्का का मकान है। |
| 192 | 192 | Sunita Devi | Prem Bharti | 08 | भूमि विवाद है। |
| 193 | 192 | Chinta Devi | Ajay Kumar Yadav | 15 | पक्का का मकान है। |
| 194 | 192 | Shahin Nigar | Md.Taufique Alam | 15 | इच्छुक नही है। |
| 195 | 192 | Azeezi Roushan Ara | Mister Alam | 16 | पक्का का मकान है। |
| 196 | 192 | Nidhi Rani | Ravi Kumar | 16 | पक्का का मकान है। |
| 197 | 192 | Khushboo Kumari | Bablu Mahto | 17 | इच्छुक नही है। |
| 198 | 192 | Uma Devi | Rambriksh Ram | 20 | इच्छुक नही है। |
| 199 | 192 | Jira Devi | Dularchand Saw | 21 | पक्का का मकान है। |
| 200 | 192 | Amit Kumar Gupta | Rojan Kumari | 22 | इच्छुक नही है। |

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा।

PR 316743 Urban Development(23-24)D

# श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कैरो प्रखंड क्षेत्र मे सभी तरह के कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 जनवरी सोमवार को प्रखंड के सभी 06 पंचायत के गाँवो मे अयोध्या श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित प्रखंड के धार्मिक स्थलों मे सभी तरह के कार्यक्रम शांति और सौहार्द के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर प्रखंड के पंचायत हनहट, सढ़ाबे, कैरो, गजनी, नरौली व गुड़ि के गाँवो मे आज सुबह से ही आयोजन समिति के द्वारा मंदिरो मे पूजन, सुन्दरकाण्ड का पाठ, आरती, एलईडी के माध्यम से अयोध्या कार्यक्रम का लाईव प्रसारण को सामुहिक रूप से देखना, भण्डारा, कीर्तन-भजन, के



साथ शाम की आरती, एवं दीप ज्योति का प्रज्वलन के साथ-साथ घरो मे भी रामज्योति जलाई गई। वही सरस्वती शिशु विद्या-मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार देवा उराँव एव स्कूल परिवार व विद्यालय के भैया-बहनो के द्वारा प्रभु श्री राम माता सीता भैया लक्ष्मण की झांकी निकालाकर वातावरण को और राममय बना दिया गया। कैरो हनुमान मन्दिर मे प्रभू श्री राम का चित्र रखकर मंदिर को फूल माला से आकर्षक रुप से सजाया गया था। उक्त प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित सुबह से ही कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कुडु कैरो किस्को अंचल के पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, एस आई सुजीत कुमार, एएसआई संजय कुमार राय और कैरो थाना के पुलिस बल कार्यक्रमो मे चौकसी बनाये हुये थे। मौके उक्त प्राण प्रतिष्ठा के निमित प्रखंड मुख्यालय के हनुमान मन्दिर प्राणं के आरती मे स्व0 कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी निरु शांति भगत, एवं पुर्व विधायक के भाई अनिल भगत भी कैरो के कार्यक्रम मे भाग लिये। उक्त कार्यकम को कैरो मे सफल बनाने मे पुर्व पंसस शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेंद्र महली, शम्भु सोनी, विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, रामपवित्र सोनी, नजीर आलम खान, डा0 भोला प्रसाद, जितबाहन महतो, राजेन्द सोनी, गंगा प्रसाद, मुरारी सोनी, रिंकु प्रसाद, बजरंग साहू संजय महतो, सुजीत साहू परमेश्वर भगत, हनहट मे मोहन साहू, गोविंद महतो, श्यामसुन्दर उराँव, बुधु उराँव, सढ़ाबे मे रविनन्दन शुक्ला, बलराम केवट, कृष्णामणि गोप, शम्भु तिवारी, गजनी मे भुनेश्वर साहू, पितम्बर साहू, शिवनारायण महतो, नरौली दिनेश साहू, लखन साहू, गुड़ि नगड़ा कुलदीप सिंह इत्यादि लोगो के उपस्थिति मे प्रखंड के सभी पंचायतो मे कार्यक्रम शान्ति पुर्वक संपन्न हो गया।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सेन्हा प्रखण्ड में भक्तगण भगवान श्रीराम के भक्ति में रहे लीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सेन्हा प्रखण्ड में भक्तगण भगवान श्रीराम के भक्ति में लीन नजर आए। प्रखण्ड क्षेत्र में विभिन्न मंदिर व अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड से गाँव तक सिर्फ राम का नाम गूंजती रही। प्रखण्ड क्षेत्र के हेसवे, चौकनी, चन्दवा गढ़गाँव, बुटी, झखरा, कोराम्बे, चींटी, बदला, बरही, सेरेंगहातु, अरु,चंदकोपा सहित अन्य जगहों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही सुबह से भक्त जनो के द्वारा विधिवत पूजा की गई। साथ ही जगह जगह पर भंडारा व संध्या में आरती दीप प्रज्वलित व कीर्तन आयोजित किया गया। तथा संध्या के समय सभी घरों में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्राम हेसवे में मंदिर के समीप लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से अयोध्या में आयोजित भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को प्रसारित कर ग्रामीण क्षेत्र महिला पुरुष व छोटे छोटे बच्चों को दिखाया गया। जिज़ सभी लोग काफी हर्षित हुए। शांति व सद्भाव के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हो सके जिसके लिये सभी मंदिरों, चौक चौराहे पर पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। साथ ही डीएसपी अमित कुमार सिंह क्षेत्र में दल बल के साथ भ्रमण करते नजर आये। हेसवे में लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रसारित के मौके पर मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, अजय पंजक, अजातशत्रु, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी के अलावे रामजीत यादव, त्रिलोकी सिंह, जयप्रकाश गोस्वामी, तिवारी उराँव, रोहित गोस्वामी, राजेश मुंडा, महादेव यादव, सोनू गोस्वामी सहित सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे मौजूद थे।

# अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिखी हर तरफ राम नाम की धुन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** अयोध्या और पूरे देश में रामधुन गूंज रही है। यह रामधुन गूंज सिर्फ शहर तक सीमित नहीं है बल्कि देश के प्रत्येक गांव तक पहुंच गई है। प्रखंड के कोरोमियाँ बलसेरा, सलगापोश, ताराबोगा, ठेठईटांगर आदि गांवों में धूम धाम से श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के असवर पर पूरे विधिविधान से गांव में पूजा पाठ किया गया। साथ ही नगर भ्रमण भी किया गया जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी के साथ शोभायात्रा भी निकाला गया। रात्रि में पूरे गांव में दीपोत्सव का कार्यक्रम किया गया जिससे पूरे गांव जगमगा उठा। श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव दर्शन भी



प्रोजेक्ट के माध्यम से सभी ग्रामीणों ने देखा।कोरोमियाँ बलसेरा गांव में कार्यक्रम को सफल बनाने में भोला शंकर दास, नवरत्न सिंह, खीरु सिंह, अर्जुन सिंह, भरत सिंह, अनुज सिंह, उमेश सिंह, धर्मजीत सिंह, वीर सिंह, बैधनाथ सिंह, मनोरंजन सिंह, हराचंद सिंह, ईश्वर सिंह, सुखदेव बड़ाईक, अशोक बड़ाईक, राजू लोहार, मदन सिंह, मेहन्द्र बड़ाईक, राम प्रताप बड़ाईक, बानू प्रताप सिंह, बसन्त बड़ाईक, मनोज सिंह, लीलम्बर सिंह, दिनेश इंदवार, रामेश्वर बड़ाईक, रघु पातर, नीरज बड़ाईक, सलगापोश से कृष्ना महतो, अनिल साह, राहुल श्रीवास्तव, रमेश केशरी, अमित श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, हरीश महतो, छोटेश्वर महतो, शशिकांत सिंह, दीपू नायक, सोनू यादव, राजू श्रीवास्तव, छोटू महतो, झोलु महतो, ताराबोगा से तुलसी नाग, गोविंद प्रधान, अश्विन बड़ाईक, लालचंद बड़ाईक, बलदेव सिंह, शीत बड़ाईक, मोतीराम सिंह, बजरंग बड़ाईक आदि लोगों का योगदान रहा।

# अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को ठेठईटाँगर प्रखंड मुख्यालय के छिन्दा नदी से भव्य कलाश्यात्रा ठेठईटाँगर शिव मंदिर पहुँची। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के बाद मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया। कलशयात्रा में सैकड़ो की संख्या में माताएँ एवम् बहने शामिल हुई। माथे पर कलश रखकर प्रखंड मुख्यालय के छिंदा नदी से होते हुए बोलबा मोड़ से सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति एवं भाई-बंधु सहित सभी सनातनियों ने हाथो में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के जय घोष के



साथ पूरे प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुँचे। जहां पर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण किया गया। इस मौके पर सभी दुर्गा पूजा समिति, समन्वय समिति, मंदिर समिति शामिल रहे। इसके बाद सामूहिक तौर पर हनुमान चालीसा पाठ एवम् महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के पश्चात सभी लोगों को प्रत्येक घरों में 22 जनवरी को दीप उत्सव एवं गांव के प्रत्येक मंदिरों में उत्सव मनाने को लेकर आवाहन किया गया। बड़े बुजुर्गों ने कहा कि बहुत वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद यह दिन आया है ,ऐसे में हरगांव अयोध्या और हर मंदिर राम मंदिर बने। हर परिवार में राम स्थापित हो उनके आदर्श स्थापित हों ऐसा प्रयास करना है। आने वाली पीढ़ी को हमारी सभ्यता संस्कृति को बचाए रखने के लिए आगे आना होगा। सामूहिक महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात् भण्डारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी सनातनी धर्मप्रेमी माताएँ, बहने, बंधुओं एवम् दुर्गा पूजा समिति, सभी मंदिर समिति, समन्वय समिति के अलावे गण्यमान्य प्रबुद्ध जन एवं समाजसेवी एवं प्रखंड मुख्यालय के सैकड़ो की संख्या में उपस्थित राम भक्तों की एवम् प्रखंड प्रशासन की भूमिका रही।

# भंडरा प्रखंड में हिंदू सनातन धर्मालंबियों द्वारा मंदिर में आयोजित अनुष्ठान भक्तिभाव से हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** अयोध्या में सोमवार को आयोजित रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के निमित भंडरा प्रखंड में हिंदू सनातन धर्मालंबियों द्वारा मंदिर में आयोजित अनुष्ठान भक्तिभाव से संपन्न हुआ। भंडरा प्रखंड के भंडरा, चट्टी, कुम्हारिया, भौंरो, सेमरा सहित सभी गांवो में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जय श्रीराम के उत्साही नारों से प्रखंड गूंज रहा था। मौका था अयोध्या में भगवान राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत हिन्दू संगठनों द्वारा भंडरा,कुम्हारिया व चट्टी में निकाली



गई भव्य शोभायात्रा का हिंदू समाज 22 जनवरी को श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के साक्षी बने। शोभायात्रा इतनी विशाल थी कि सभी राम भक्त अपने प्रतिष्ठान व अपने सभी कार्य छोड़ कर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए व्याकुल दिखे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि स्वतःस्फूर्त समग्र हिंदू समाज सड़क पर आ गया है। क्या बच्चे,क्या बुजुर्ग,क्या महिलाएं ठंड की परवाह किसी को नहीं थी। 500 वर्षों के संघर्ष के उपरांत और तीन लाख लोगों के बलिदान के उपरांत होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व होने वाली शोभायात्रा में मातृशक्ति सबसे आगे थी। हर समाज से जुड़ी हुई मातृ शक्ति एवं पुरुष शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोग अपनी उपस्थिति से यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। भंडरा प्रखंड के विभिन्न कोने से आए हुए लोग यात्रा में उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का किया गया पाठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अयोध्या में भगवान श्रीमरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हर्षोलाश के साथ भव्य तरीके से सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ विद्यालय के सभी भैया बहन के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही एकल गीत, सामूहिक भजन आयोजित किया गया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा आयोजित होने पर उमंग से विद्यालय प्रांगण को भगवान श्रीराम और हनुमान जी ध्वज पताका से सजाया गया था। साथ ही दीपोत्सव तथा रंगोली का भी का आयोजन किया गया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम जी का प्रण प्रतिष्ठा होने से सनातन धर्म के प्रेमियों व कारसेवकों का बलिदान का सपना साकार हुआ है। साथ ही कहा कि आज करोड़ो देशप्रेमियों को उत्साह मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज का दिन युगों युगों तक सदैव याद रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी एवं अभिभावक, पूर्वछात्र छात्राएँ एवं क्षेत्र के गण्यमान लोगों के अलावे डॉली, कविता, संध्या कुमारी, राजकिशोर उराँव सहित सभी आचार्य आचार्य व भैया बहन उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण के साथ श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरो में सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा लोग पूजा अर्चना के साथ अपने-अपने घरों के कार्यक्रम में जुटे रहे वही ग्राम भट्टखिजरी में श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जहां 21 जनवरी रविवार को श्री उमानाथ मंदिर परिसर भक्सो कोयल नदी तट से 551 कलशों में विधिवत तरीके से पूजा पाठ संपन्न करा कर ध्वजारोहण के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, वही 22 जनवरी दिन सोमवार जिस समय अयोध्या में श्री रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई ठीक उसी शुभ मुहूर्त में महंतों के



द्वारा विधिवत तरीके एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ श्री हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराया गया, जिसको लेकर श्रद्धालु भारी उत्साहित दिखे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर के पट खुलते ही भक्तो की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी, इस आयोजन के बाद रात्रि काल के दौरान हर घर दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया। इस पावन मौके पर क्षेत्र के धार्मिक सनातनी दलों ने अपने गांव घर के मंदिर तथा अपने घरों में दीपक जलाया। इस आयोजन में सूरज कुमार दसौधीं, रमेश चंद्र कुंवर, जगरनाथ साहू, रामनंदन साहु, जितेन्द्र साहु, नरेश साहु, अखिलेश दसौधीं, नन्दलाल साहु, चंदन साहु, रोहित साहु, किशोर साहू, अनतेश राउत, राजेश साहु, भरत उरांव, सतेन्द्र साहु, दशरथ लोहरा, तरूण साहु, कृष्णा साहु,मुकेश साहु, मुखलाल साहु, बंधन लोहरा, विक्की महली, मिथलेश साहु, विकास साहु के साथ आस पास के अन्य ग्राम जैसे रामपुर, मुंदो, बाघा, अरकोसा, भक्सों, खखपरता, बेजवाली, तिगरा से भारी संख्या में भक्तजन शामिल थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर उत्सव आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर भजन कीर्तन और उत्सव का आयोजन किया गया। वंदना सभा में रामलाल के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित किया गया। आरती एवं पुष्पांजलि के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बहनों के द्वारा राम आएंगे की गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अयोध्या में होने वाले समारोह का लाइव प्रसारण सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और भैया-बहनों ने देखा। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि यह पूरे भारतीयों के लिए बहुत ही गौरव का छण है कि हम सबको यह सब देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

# प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कारसेवकों को हिन्दू संगठन द्वारा किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न जगहों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा अर्चना कर हर्षोल्लाष के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी जगह जय श्री राम के उदघोष से गुंजायमान हो रहा था। वही मुख्यालय के समीप नवनिर्मित दुर्गा मंदिर प्रांगण में भी श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रम आहूत किया गया। इसी निमित विश्व हिंदू परिषद, सरना सनातन, व बजरंग दल के द्वारा कार सेवको को अस्त्र शस्त्र तथा तलवार देकर सम्मानित किया गया। वही कारसेवकों द्वारा बताया जाता है कि आज हमारे बीच 500 वर्षों की मेहनत व सार्थक प्रयास सफल हुआ जिसको लेकर वैसे लोगो को सम्मानित



किया गया जिनका रामलला मंदिर निर्माण में सेन्हा प्रखंड से बहुमूल्य समय देकर आज से 30 वर्ष पूर्व योगदान दिए थे। जिसमें स्व0 जलेश्वर महतो, संजय साहू, जयप्रकाश साहू, स्व0 जतन साहू स्व0 नरेश साहू, केशनी साहू, रामसेवक साहू, हर्षनाथ महतो, जयप्रकाश साहु सहित अन्य शामिल थे। इन सभी को संगठन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। तथा जो लोग समाज बीच नही रहे उनके परिवार को हिन्दू संगठन द्वारा मानसम्मान के साथ समानित किया। सम्मानित कार्यक्रम के क्रम में भाजपा राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व मेयर राँची आशा लकड़ा बहुमूल्य समय देकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा का संक्षिप्त वर्णन करते हुए उनके जीवनी को आत्मसाथ करने की बात कही और दीपावली उत्सव के रूप में सभी घरों में दीपोत्सव मनाने पर जोर देते हुए कहा दुर्गावाहनी के बहनों एवं मातृशक्ति को अस्त्र शस्त्र परिचालन का आत्मरक्षार्थ के लिये अभ्यास करने की सलाह दी गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी अभिनव कुमार दलबल के साथ क्षेत्र में चौकस नजर आए तथा कार्यक्रम के दौरान रंजीत साहू, अजित महतो, जोधनरायण साहू, संतोष महतो, सरिता देवी, साबित देवी, राखी कुमारी उषा देवी पूनम देवी, विमला देवी सहित संगठन के कार्यकर्ता एवं रामभक्त उपस्थित थे।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री राम मंदिर अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर मे एक वृहद यज्ञ का आयोजन विधिवत डॉ अशोक आचार्य जी के ब्रह्ममहत्व में विधिवत संपन्न हुआ। आचार्य अशोक ने सभी भक्तों से यज्ञ में गायत्री मंत्र एवं महामृत्यु मंत्र के परिवार एवं समाज में सद्भाव बड़े और हमारे राष्ट्र उन्नति करें इसके लिए यज्ञ में आहुति प्रदान करवाये, और लोगों को श्री राम जी के ऋषि प्रेम, प्रजा के प्रति सदभाव एवं आदर्श पतिव्रता धर्म को निभाने का संकल्प कराये। यज्ञ का आयोजन-शिव कॉलोनी दुर्गा मंदिर जेल खाना कुटुम्बु कॉलोनी के सभी राम भक्तों के द्वारा कराया गया था, यज्ञ के बाद सभी भक्तों के लिए सुंदर यज्ञ प्रसाद के रूप में भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया।

**भगवान राम जीने का सबसे उन्नत और दिव्य मार्ग है : सुखदेव भगत**

# सुखदेव भगत ने अपने सहयोगियों के साथ आंजन धाम पहुंचकर किए पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत आज अपने सहयोगियों के साथ भगवान हनुमान के जन्म स्थान गुमला जिला के आंजन धाम पहुंचकर पूजा अर्चना किये और झारखंड के लोगों के खुशहाली के लिए प्रार्थना किये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान मर्यादापुरुषोत्तम राम भव्य मंदिर में विधिवत विराजमान हो रहे हैं। यह हम सबों के लिए बहुत खुशी का क्षण है। श्री राम एक कोई जाति धर्म संप्रदाय के नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के कल्याण के लिए राम है ।भारतीय जनमानस के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम राम जीने का सबसे उन्नत और दिव्य मार्ग है। भगवान राम धर्म के रास्ते पर चलने का प्रेरणा देते हैं। हनुमान भगवान राम के सबसे प्रिय भक्त थे उन्हीं के दर्शन हेतु आंजन धाम आए हैं। लोगों का कल्याण हो आपसी भाईचारगी और प्रगाढ़ हो यही ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। मौके पर श्री भगत के साथ पूजा अर्चना करने वालों में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, अनिल कुमार, सत्यजीत सिंह उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मतदाता सूची का किया अंतिम प्रकाशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित समयानुसार जिले के सभी मतदान केंद्र में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां एवं उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय कैरो मतदान केंद्र संख्या 167 एवं 168 में पहुंचकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। इसके अलावे विभिन्न मतदान केंद्रों पर अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।मतदाता का भी दायित्व है कि अपने मतदान केंद्र में प्रकाशित मतदाता सूची से नाम आदि मिलान कर ले। जिले में 22.01.2024 के मतदाता सूची प्रकाशन के आधार पर कुल मतदाता 279620 जिसमें 138597 पुरुष तथा 141022 महिला तथा अन्य एक है। 18 से 19 वर्ष के 9079 मतदाता, जबकि 80 वर्ष से अधिक के 3018 मतदाता सूची में है। मतदाता सूची के अनुसार लिंगानुपात 1017 है। IAM READY TO VOTE के साथ अभियान चला।

# राम मंदिर निर्माण से केवल भारत ही नहीं पूरा विश्व जश्न मना रहा है : सुदर्शन भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अयोध्या जी में राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद श्री सुदर्शन भगत लोहरदगा जिले के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों दुर्गा मंदिर बरवाटोली,राम मंदिर राणा चौक,हनुमान मंदिर महवीर चौक, बड़ा हनुमान मंदिर गुदरी,निर्माणधीन हनुमान मंदिर राजा बंग्ला का किया भ्रमण लोगों के साथ मनाई खुशियां किया पूजा पाठ और कारसेवकों के सम्मान में आयोजित महवीर चौक कार्यक्रम में शामिल होकर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा लाखों लाख सनातनी बंधुओं की तपस्या, बलिदान, 500 साल से ज्यादा इंतजार के बाद आज



यह दिन हम सबों के लिए आया है। इस दिन और इसके लिए किए गए संघर्ष को असंख्य शब्दों में भी बखान कर पूरे नहीं किया जा सकते। आज भारतवर्ष की सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहर को पुनः स्थापित किया गया । जो किसी कल में राम की गौरव गाथा एवं उनके धर्मार्थ विचार को समाप्त करने की कोशिश की गई थी परंतु राम सभी के दिलों में विराजमान सदैव रहे हैं और उसी का प्रमाण है कि आज प्रत्यक्ष रूप से पुनः एक बार सभी आम जनमानस के सहयोग से अवतरित हुए। राम को मानने वाले केवल भारतवर्ष में ही नहीं पूरे विश्व में है आज पूरा विश्व जश्न मना रहा है हम हर शुभ कार्य राम नाम के साथ में शुरुआत करते हैं। राम हर एक रूप में आदर्श हैं। हम सौभाग्यशाली हैं इस जगत में वर्तमान में विराजमान इस धरती पर हर एक मनुष्य सौभाग्यशाली है जो इस क्षण का साक्षी बन रहे हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### आप ने भी मनाया प्राण प्रतिष्ठा का जश्न

**नई दिल्ली :** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। वहीं देश भर में इस आयोजन को लेकर जश्न का माहौल रहा। दिल्ली की आम आदमी पार्टी के द्वारा भी पूरी दिल्ली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को 'सुन्दर काण्ड' में भाग लिया। बता दें कि आम आदमी पार्टी अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में श्री रामलला के नवीन विग्रह की 'प्राण प्रतिष्ठा' का उत्सव मनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में शोभा यात्रा निकाली और भण्डारे का आयोजन किया। इसी क्रम में आप नेता भारद्वाज ने शेख सराय में 'सुन्दर काण्ड' में भाग लिया। वहीं आप नेता आतिशी, दिलीप पाण्डे और दुर्गेश पाठक जैसे मंत्री और पार्टी के अन्य नेता भी आज धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया। दिल्ली सरकार की आईटीओ के प्यारे लाल भवन में आयोजित तीन दिवसीय रामलीला सोमवार की शाम को समाप्त हो गई। दरअसल आम आदमी पार्टी ने प्राण-प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिए दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में शोभायात्रा से लेकर भंडारा, 'सुन्दर काण्ड' और आरती तक कई कार्यक्रमों की योजना बनाई थी। इसके तहत तीन दिन से प्यारे लाल भवन में रामलीला का आयोजन किया गया।

### देश भर से श्रीराम मंदिर निर्माण में मिला है योगदान : चंपत राय

**अयोध्या :** श्रीरामजन्म तीर्थ भूमि ट्रस्ट के महासचिव एवं विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने मंच का संचालन करते हुए अयोध्या में श्रीराम भव्य-नव्य मंदिर निर्माण में मिले देशभर से योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से अयोध्या में युगों-युगों तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयार किया गया है।उन्होंने बताया कि देशभर से स्वर्ण, चांदी समेत बहुत कुछ मिला है। उन्होंने बताया कि एटा के जलेसर से 24 कुंतल का विशाल घंटा स्वेच्छा से भेजा है। गुजरात के दमगर समाज ने विशाल नगाड़ा भेंट किया है। जनकपुर यानि मिथिला सीतामणी बक्सर और रामजी के ननिहाल छत्तीसगढ़ से बड़े थाल भार आए हैं। भार का अर्थ संत आदि समझते हैं। भार में अनाज, चौवड़ा, सोना-चांदी, फल, मेवा, वस्त्र हैं। जोधपुर के एक महंत ने छह कुंतल घी बैलगाड़ियों से लाया गया है।ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि युगों-युगों तक श्रीराम मंदिर के निर्माण की जमीन को मजबूत करने और नींव में मध्यप्रदेश के छतरपुर से गिट्टी आई है। राख रायबरेली से लाई गई है। तेलांगना और कर्नाटक से ग्रेनाइट आया है। मंदिर में राजस्थान के भरतपुर का पत्थर है। सेफद रंग मार्बल राजस्थान के मकराना का है।

# श्रीराम के रंग में रंगा गढ़वा

### रामलला मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश समेंत गढ़वा में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव का माहौल रहा। जिला मुख्यालय से लेकर छोटे कस्बों और गांवों में भव्य धार्मिक आयोजन किए गए। इस मौके पर टंडवा, साहिजना, चिनिया रोड, नवादा, सहित अन्य गांव से शोभायात्रा निकाली गई। सुबह से जिलेभर में मंदिरों में भजन-कीर्तन और रामायण का पाठ किया गया। गढ़वा सहित कई इलाकों में प्रभात फेरियां निकाली गई। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में जगह-जगह सुंदरकांड और धार्मिक आयोजन किया गया। वहीं शहर, गांवों से लेकर छोटे बड़े कस्बों के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। रामायण पाठ से लेकर शहर से पूरा माहौल राममय हो गया। इस दौरान श्रीराम पूजा जनरल समिति गढ़वा, देवी धाम संघ सहिजना, श्री राम पूजा समिति टंडवा, महावीर मंडल सहित दर्जनों अखाड़ा के द्वारा भगवान राम की झांकी सजाई गई। इस मौके पर कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

**जिले में निकाली शोभायात्रा:** भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गढ़वा में काली मंदिर से भव्य शोभायात्रा की शुरुआत हुई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। हनुमान रूप में सजाए गए बजरंगी के द्वारा पूछ में आग लगाते हुए देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने उत्साह के जोश को ओर बढ़ा दिया। शोभा यात्रा में राम, लक्ष्मण, सीता वीर बजरंगबली के साथ की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। राम भक्ति के गीतों पर भी राम भक्त खूब झूमे।

**दो किमी की दूरी तय कर पहुंची रामलाला कुटी:** यात्रा काली मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा 2 किमी की दूरी तय करते हुए काली मंदिर से निकल कर रंका मोड़ मैन रोड होते हुए झंडा चौक होते हुए रामलाला मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के सबसे आगे भगवा ध्वज लेकर चल रहे युवाओं की टोली भगवान राम के भजन गाते हुई चल रहे थे। वहीं सबसे आखिरी में पूरे लाव लश्कर के साथ रामलला पहुंची। वही रंका मोड़ बजरंगबली मंदिर पर पहुंचने पर महाआरती का अयोजन किया गया।

**भगवा रंग मे रंगा बाजार:** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कस्बे में पिछले एक सप्ताह से उत्सव का माहौल था। प्रतिदिन कुछ न कुछ कार्यक्रम अयोजन किए जा रहे थे। शोभायात्रा के स्वागत को लेकर जगह-जगह अल्पाहार और स्वागत द्वार लगाए गए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मौजूद रही।

**दर्जनों अखाड़ा एवं समाजसेवी संस्था के द्वारा लगाया गया भंडारा का स्टॉल:** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न समाजसेवी संस्था एवं अखाड़ा के लोगों के द्वारा भंडारा प्रसाद का स्टोर लगाया गया था। सदर थाना के सामने जिला परिषद मार्केट के पास, गढ़देवी चौक पर माता सीता रसोइया, कसेरा समिति संघ, कसौधन वैश्य समाज संघ, मद्धेशिया वैश्य समाज संघ सहित दर्जनों समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे।

# श्रमिकों पर पीएम ने बरसाए फूल, झूमे सितारे



एजेंसी

**अयोध्या :** 500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए. पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है. हर कोई राममय हो चुका है. प्रभु श्रीराम की भक्ति में देश-विदेश के लोग रमे हैं. राम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन बाई की तरह सजाया गया है. चारों ओर उत्सव जैसा माहौल है. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट जगत के सितारों ने भी शिरकत की. सबके चेहरे पर रामलला के आगमन का उत्साह नजर आया. अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम हो चुका है. इसके बाद पीएम मोदी राम मंदिर के निर्माण में सहायक श्रमिकों से मिले और उन पर पुष्प बरसाए. उन्होंने इस दौरान सियावरराम चंद्र की जय का उद्घोष किया. उन्होंने श्रमिकों का बार-बार आभार जताया और राम मंदिर के निर्माण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. इस दौरान सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने प्रधानमंत्री का अभिवादन किया. अभिषेक बच्चन, मुकेश और नीता अंबानी ने भी पीएम का हाथ जोड़कर अभिवादन किया. इस खास पल को कंगना रनौत ने खुशी से मनाया. राम के सालों बाद अयोध्या लौटने पर कंगना ने जय श्री राम के नारे लगाए. वो हर्षोउल्लास दिखाते हुए मंदिर परिसर में झूमीं. हेमा मालिनी भी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आई. सिंगर सोनू निगम ने अयोध्या के राम मंदिर में राम भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनका राम गीत गाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है. अपनी गायिकी से सिंगर ने सभी को राममय किया.

### पलामू चैंबर के नेतृत्व में राममय हुआ मेदिनीनगर, दीप उत्सव से जगमग हुआ कोयल रिवर फ्रंट

# प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से निकली श्रीराम का भव्य शोभायात्रा

### सीता स्वयंवर, राधा कृष्ण की होली, राजाभिषेक व शिव तांडव ने मोहा सबका मन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में मेदिनीनगर में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से एवं पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकली गयी। गीता भवन से शोभायात्रा निकली। इसमें श्रीराम दरबार की झांकी भी निकाली गई। दीप व अबीर गुलाल के साथ नृत्य करने वाली महिला कलाकार कोलकाता से शामिल हुई। बुलेट पर महाराष्ट्रीयन लड़कियां श्रीराम का ध्वज लेकर चल रही थी। महात्मा शंख बजा रहे थे। बंगाल की महिला ढाकी ने नृत्य प्रस्तुत किया और स्थानीय आदिवासी नृत्य झांकी की प्रस्तुति की गई। कोयल रिवर फ्रंट पर शाम में गंगा आरती और आतिशबाजी हुई। घाट को हजारों दीप से सजाया गया। शोभायात्रा दोपहर बाद गीता भवन से निकली। नेतृत्व प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने किया। शोभा यात्रा में रथ पर सवार राम, सीता लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी थी। शोभा यात्रा गीता मंदिर से होते डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, डाबर रोड, पांच मुहान, बाटा रोड, घास पट्टी होते कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच तक पहुंची। जहां संध्या में विशेष आरती, आतिशबाजी एवं हर घाट पर हजारों दीप जलाए गए। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश सोनी एवं आलोक माथुर थे। आरती के बाद दिल्ली और कानपुर से आए कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर, राधा कृष्ण की होली, राजाभिषेक, शिव तांडव की प्रस्तुति एवं मशहूर गायिका इशरत जहां के द्वारा भजन का कार्यक्रम कोयल रिवर फ्रंट पर ही हुआ।शोभायात्रा और आरती में बतौर मुख्य अतिथि सांसद बीडी रामजी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, सांसद प्रतिनिधि समेत भाजपा नेता शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर रिंकू दुबे, प्रेम जायसवाल, अमिताभ मिश्रा, विक्रांत एवं चेंबर महिला विंग विशेष रूप से सक्रिय रहे।

### श्रीराम के बिना अधूरा है जीवन : अरुणा शंकर

इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कहा की अयोध्या में राम का प्राण प्रतिष्ठा होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। भगवान श्री राम 100 बरस से भी ऊपर समय तक टेंट में रहे। उनकी कृपा रही और आज वे भव्य मंदिर में प्रवेश कर गए। उन्होंने कहा कि राम हम सबों के आदर्श हैं। राम सभी के हैं। राम जन जन के हैं। राम विश्व में है। अरुण शंकर ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों पर हम लोग सभी चलने का संकल्प लें। तभी रामराज की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला सार्थक रहा। अरुण शंकर ने कहा कि राम के बिना जीवन और जग अधूरा है। जीवन को अगर चरमोत्कर्ष पर पहुंचना है तो भगवान श्री राम के चरणों के प्रति समर्पण का भाव रखना होगा। बता दें कि श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मेदिनीनगर में भव्य स्वभाव यात्रा का प्लान प्रथम महापौर पहले से ही बना चुकी थी। उनके मन में था कि अयोध्या के भव्य मंदिर में जब प्रभु श्री राम प्रवेश करेंगे तब पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में भी उनकी याद में भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा। जो उन्होंने कर दिखाया। यह शोभा यात्रा भव्य रहा।

# पांच सदी की प्रतीक्षा व प्रतिज्ञा आज हुई पूर्ण : अमित

एजेंसी



**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज पांच सदी की प्रतीक्षा और प्रतिज्ञा पूर्ण हुई है। यह दिन ऐतिहासिक है। इसे कभी भूला नहीं जा सकेगा। शाह ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि आज का दिन करोड़ों रामभक्तों के लिए कभी ना भूलने वाला दिन है। उन्होंने कहा कि आज जब हमारे रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, तब असंख्य रामभक्तों की तरह वह भी भावविभोर हैं। इस भावना को शब्दों में समेट पाना उनके लिए संभव नहीं है।शाह ने कहा कि इस पल की प्रतीक्षा में न जाने हमारी कितनी पीढ़ियां खप गई लेकिन कोई भी डर और आतंक रामजन्मभूमि पर फिर से मंदिर बनाने के संकल्प और विश्वास को डिगा नहीं पाया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प सिद्ध हुआ है। इसके लिए वह हृदय की गहराइयों से उनका आभार व्यक्त करते हैं। शाह ने कहा कि आज के इस पावन दिन पर वह सदियों तक इस संघर्ष और संकल्प को जीवित रखने वाले महापुरुषों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने अनेक अपमान और यातनाएं सहीं परन्तु धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। विश्व हिंदू परिषद्, हजारों श्रेष्ठ संत और असंख्य नामी-गुमनामी लोगों के संघर्ष का आज सुखद व सुफल परिणाम आया है।


## सुभाष, एक संक्षिप्त परिचय



*सुभाष चंद्र बोस के जीवन उनके लेखों और भाषणों से भी अधिक प्रभावशाली ढंग से बोलता है। वह अजेय भावना, त्याग और पीड़ा, साहसी कार्यों, समर्पण देशभक्ति और बहादुरी के प्रतीक थे और सभी भारतीय नेताओं में सबसे जनप्रिय भी थे।*

*सुभाष चंद्र बोस एक महान मानवतावादी और मानव प्रेमी थे। मनुष्य उनके सभी विचारों और कार्यों का केंद्र और उनकी सभी गतिविधियों का आरंभ और अंत था। उनके जीवन का उद्देश्य मानव जाति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त कराना था। उनके लिए बंधन मनुष्य का सबसे बड़ा अभिशाप था। इससे मनुष्य के व्यक्तित्व और गरिमा की हानि हुई। ब्रिटिश शासन के तहत भारतीयों को गरीबी, अभाव और सामाजिक अन्याय का सामना करना पड़ा और उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में घटिया जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ा। लोगों को अभाव और अन्याय से बाहर निकालने के लिए नेताजी ने राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी और इसे सर्वोच्च गुण माना।*

*उन्होंने 'दुनिया के लिए एक ऐसे सामाजिक और राजनीतिक लोकतंत्र की कल्पना की जहां कोई विशेषाधिकार, भेदभाव और निहित स्वार्थ नहीं होगा।' समाज समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित होगा।*

*हालांकि सुभाष चंद्र बोस सर्वोच्च कोटि के राष्ट्रवादी थे, उन्हें सच्चे राष्ट्रवाद और अंतर्राष्ट्रीयतावाद के बीच कोई विरोध नहीं लगता था। स्पष्ट शब्दों में उन्होंने घोषणा की "यदि मैं अपने देश में रहता हूं तो मैं अन्य देशों की तरह भी रहूंगा" वह बस राष्ट्रवाद से अंतर्राष्ट्रीयवाद और मानवतावाद से मानवतावाद की ओर आगे बढ़ना चाहते थे।*

Sreeleathers
World Class. Right Price.
SINCE 1952

जय हिंद

शेखर डे


### एक देश, एक चुनाव के पक्ष में 81प्रतिशत लोग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को जनता से 21,000 सुझाव मिले हैं, जिनमें से 81 प्रतिशत लोगों ने देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के विचार पर सहमति जताई है. एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान में कहा गया कि 46 राजनीतिक दलों से भी सुझाव मांगे गए थे. रिपोर्ट में में कहा गया,अब तक 17 राजनीतिक दलों के सुझाव मिले हैं. बता दें कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने एक साथ चुनाव कराने के विचार का विरोध किया है. पिछले साल सितंबर में गठित कोविंद के नेतृत्व वाली समिति ने रविवार को अपनी तीसरी बैठक की.समिति ने अपनी बैठक के बाद कहा,कुल 20,972 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 81 प्रतिशत लोगों ने एक साथ चुनाव के विचार पर सहमति जताई.बयान में कहा गया कि समिति की अगली बैठक 27 जनवरी को होगी.

# देश भर से श्रीराम मंदिर निर्माण में मिला है योगदान : चंपत राय

एजेंसी



**अयोध्या :** श्रीरामजन्म तीर्थ भूमि ट्रस्ट के महासचिव एवं विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने मंच का संचालन करते हुए अयोध्या में श्रीराम भव्य-नव्य मंदिर निर्माण में मिले देशभर से योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से अयोध्या में युगों-युगों तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयार किया गया है।उन्होंने बताया कि देशभर से स्वर्ण, चांदी समेत बहुत कुछ मिला है। उन्होंने बताया कि एटा के जलेसर से 24 कुंतल का विशाल घंटा स्वेच्छा से भेजा है। गुजरात के दमगर समाज ने विशाल नगाड़ा भेंट किया है। जनकपुर यानि मिथिला सीतामणी बक्सर और रामजी के ननिहाल छत्तीसगढ़ से बड़े थाल भार आए हैं। भार का अर्थ संत आदि समझते हैं। भार में अनाज, चौवड़ा, सोना-चांदी, फल, मेवा, वस्त्र हैं। जोधपुर के एक महंत ने छह कुंतल घी बैलगाड़ियों से लाया गया है।ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि युगों-युगों तक श्रीराम मंदिर के निर्माण की जमीन को मजबूत करने और नींव में मध्यप्रदेश के छतरपुर से गिट्टी आई है। राख रायबरेली से लाई गई है। तेलांगना और कर्नाटक से ग्रेनाइट आया है। मंदिर में राजस्थान के भरतपुर का पत्थर है। सेफद रंग मार्बल राजस्थान के मकराना का है। मंदिर के दरवाजों की लकड़ी महाराष्ट्र के वल्लार शाह की है। उस पर चढ़ा सोना मुम्बई के एक डायमंड के व्यापारी ने भेंट किया है। भगवान की मूर्ति जिस पत्थर से बनी है वह कर्नाटक का है। इसे मैसूर के कारीगर अरूण योगीराज ने बनाई है। यह प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल अव्यस्था का स्वरूप है। मंदिर की सीढ़ियों पर दो गज, सिंह, एक जगह हनुमान और गुरूड़ आदि राजस्थान के मूर्तिकार ने ने बनाए हैं। लकड़ी के दरवाजों की नक्काशी का कार्य हैदराबाद के कारीगारों ने किया है। ये सारे कारीगर तमिलनाडु के थे। मार्बल के काम में राणा मार्बल के कारीगरों ने सम्पन्न किया है। भगवान के वस्त्र कपड़े दिल्ली के कारीगर मनीष त्रिपाठी अपने हाथ से अयोध्या में ही तैयार किए हैं। भगवान के आभूषण लखनऊ के एक व्यापारी राजस्थान से बनवाकर लाए हैं। इस दौरान प्रभु श्रीराम का मंदिर भव्य और नव्य बनकर तैयार हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर मौजूद रहे। वहीं मंदिर परिसर में देशभर से आए गणमान्य लोग मौजूद थे।